CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है


# शाह टाइम्स

अधिकतम :31°C
न्यूनतम: 24°C

मुजफ्फरनगर, शनिवार 20 सितम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 249 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 27 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



शिक्षामित्रों के मानदेय मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट सख्त पेज 2



महिला क्रिकेट विश्वकप का आधिकारिक गीत 'ब्रिंग इट होम' जारी खेल टाइम्स



पीर अली खानः आजादी के इतिहास का अमर स्तम्भ सम्पादकीय



ईरानी चाबहार पोर्ट से जुड़ी कंपनियों पर जुर्माना लगाएगा अमेरिका पेज 12

# स्कूबा डाइविंग हादसे में बॉलीवुड सिंगर जुबीन की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

- इमरान हाशमी के या अली सॉन्ग से मिला था फेम
- सिंगापुर में नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल में शामिल होने गए थे जुबीन गर्ग



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड सिंगर जुबीन गर्ग की सिंगापुर में मौत हो गई। एक रिपोर्ट के अनुसार स्कूबा डाइविंग करते वक्त उन्हें सांस लेने में दिक्कत हुई थी। उन्हें गार्ड्स ने समुद्र से निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी मौत हो गई।

जुबीन गर्ग को 2006 में आई इमरान हाशमी स्टारर फिल्म गैंगस्टर के सॉन्ग या अली से फेम मिला था। 52 साल के जुबीन सिंगापुर में नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल में शामिल होने गए थे। जुबीन ने असमिया, बंगाली और हिंदी भाषा की फिल्मों में गाने गाए थे। नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के प्रतिनिधि अनुज कुमार बोरूआ ने संवाददाताओं को बताया कि हमें बहुत दुख के साथ जुबीन गर्ग के निधन की खबर बतानी पड़ रही है। स्कूबा डाइविंग के दौरान उन्हें सांस लेने में तकलीफ हुई और उन्हें तुरंत सीपीआर दिया गया, जिसके बाद उन्हें सिंगापुर जनरल अस्पताल ले जाया गया। उन्हें बचाने की कोशिशों के बावजूद, उन्हें आईसीयू में दोपहर 2.30 बजे मृत घोषित कर दिया गया। वहीं, असम के कैबिनेट मंत्री अशोक सिंघल ने भी सोशल मीडिया पर सिंगर के निधन की पुष्टि की है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि हमारे प्रिय जुबीन गर्ग के असामयिक निधन से गहरा दु:ख हुआ। असम ने न केवल एक आवाज, बल्कि एक धड़कन भी खो दी है। जुबीन दा एक गायक से कहीं बढ़कर थे, वे असम और राष्ट्र के गौरव थे, जिनके गीतों ने हमारी संस्कृति, हमारी भावनाओं और हमारी आत्मा को दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचाया। उनके म्यूजिक में पीढ़ियों ने आनंद, सांत्वना और पहचान पाई। उनके निधन से एक ऐसा शून्य पैदा हुआ है, जो कभी नहीं भरेगा। असम ने अपना सबसे प्रिय सपूत खो दिया है, और भारत ने अपने सबसे बेहतरीन सांस्कृतिक प्रतीकों में से एक खो दिया है। उनके परिवार, दोस्तों और अनगिनत प्रशंसकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और उनकी विरासत सदैव प्रेरणा देती रहे। शांति

# 'बुकर' विजेता बानू मुश्ताक करेंगी मैसूर दशहरा उत्सव का उद्घाटन

शाह टाइम्स ब्यूरो

- बानू मुश्ताक को दशहरा उत्सव में बुलाने के खिलाफ दायर याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मैसूर चामुंडी मंदिर में दशहरा उत्सव के उद्घाटन में बुकर पुरस्कार विजेता बानू मुश्ताक को आमंत्रित करने के कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी।

कार्यक्रम 22 सितम्बर को होगा। याचिकाकर्ता की ओर से सीनियर एडवोकेट पीबी सुरेश ने दलील दी कि किसी गैर-हिंदू व्यक्ति को पूजा करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। इसके बाद जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने उनके इस तर्क पर कहा कि खारिज। एडवोकेट सुरेश ने दलील दी कि मंदिर के अंदर पूजा को धर्मनिरपेक्ष कार्य नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से राजनीतिक है। कोई कारण नहीं है कि उन्हें धार्मिक उत्सव के लिए मंदिर के अंदर लाया जाए। जस्टिस नाथ ने फिर दोहराया कि खारिज। सीनियर -शेष पृष्ठ दो पर

## मणिपुर: सुरक्षाबलों पर हमला, असम राइफल्स के दो जवान शहीद, चार घायल

**इम्फाल।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में शुक्रवार शाम अज्ञात हमलावरों ने असम राइफल्स की गाड़ी पर हमला कर दिया। हमले में 2 जवान शहीद हो गए, जबकि 4 जवान घायल हुए हैं। घायलों को पुलिस और स्थानीय लोगों ने रिम अस्पताल पहुंचाया। घटना के बाद इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, घटना शाम करीब 6 बजे नम्बोल सबल लाइकाई इलाके में हुई, जब असम राइफल्स के जवान इम्फाल से बिष्णुपुर की ओर जा रहे थे। हमलावरों ने घात लगाकर वाहन पर अंधाधुंध गोलियां चलाई। पुलिस और स्थानीय लोगों ने घायल जवानों के लिए एम्बुलेंस बुलाई और अस्पताल रवाना किया। रिम अस्पताल में 4 घायल जवानों का इलाज जारी है। घायल जवानों की संख्या अभी बढ़ सकती है।

## शरजील इमाम, उमर खालिद की जमानत पर सुनवाई स्थगित

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2020 के दिल्ली दंगों के मामले में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र शरजील इमाम, उमर खालिद और अन्य की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई 22 सितम्बर के लिए स्थगित कर दी है। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिकाओं पर सुनवाई शुक्रवार को स्थगित कर दी। याचिकाकर्ताओं ने दिल्ली उच्च न्यायालय के दो सितम्बर 2025 के संबंधित आदेश को चुनौती दी है, जिसमें जमानत मंजूर करने से इन्कार कर दिया गया था।

## भारत का पहला मानवयुक्त मिशन 2027 में निर्धारित

**बेंगलुरु।** भारत का गगनयान कार्यक्रम तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजना और उन्हें सुरक्षित वापस पृथ्वी पर लाना है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन ने शुक्रवार को घोषणा की कि भारत का पहला मानवयुक्त मिशन 2027 की अंतिम तिमाही में निर्धारित है। बेंगलुरु में हाइड्रोजन फ्यूल नेशनल वर्कशॉप के उद्घाटन के दौरान मीडिया के बात करते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रोग्राम से जुड़े लगभग 80 से 85 प्रतिशत कार्य पहले ही कर लिए गए हैं।

# 'चुनाव का चौकीदार' जागता रहा, चोरी देखता रहा: राहुल

## चुनाव आयोग का नाम लिए बिना कहा: 36 सेकंड में दो वोटर मिटाओ फिर सो जाओ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने लगातार दूसरे दिन वोट चोरी और वोट हटाने के मामले पर चुनाव आयोग को घेरा। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि चुनाव का चौकीदार जागता रहा, चोरी देखता रहा, चोरों को बचाता रहा।

राहुल गांधी ने एक्स पर वीडियो क्लिप शेयर की। कैप्शन में लिखा कि सुबह 4 बजे उठो, 36 सेकेंड में 2 वोटर मिटाओ, फिर सो जाओ- ऐसे भी हुई वोट चोरी! इससे पहले उन्होंने गुरुवार को इस मामले पर दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। कहा था कि मुख्य चुनाव आयुक्त वोट चोरी और वोट डिलीट करा रहे हैं। आरोपों के समर्थन में कर्नाटक के आलंद विधानसभा क्षेत्र के उन वोटरों को भी पेश किया, जिनके नाम हटाने की कोशिश की गई थी। राहुल ने 18 सितम्बर को दिल्ली में वोट चोरी पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। इसमें एक व्यक्ति को भी मंच पर बुलाया गया, जिसका नाम हटाया गया।

**गिरिराज ने जेन-जी वाले बयान पर जवाब दिया, कहा: राहुल गांधी अर्बन नक्सल बनना चाहते हैं**



केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने शुक्रवार को राहुल के जेन-जी वाले बयान पर जवाब दिया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी फ्रस्ट्रेशन में हैं, हताशा में हैं। वे कभी नरेंद्र मोदी की नकल करेंगे, कभी जेन-जी की बात करेंगे। वे अर्बन नक्सल बनना चाहते हैं। भारत में अर्बन नक्सल के रूप में रिएक्ट करते हैं। राहुल ने कहा था कि देश के युवा देश के छात्र, देश के जेन-जी संविधान को बचाएंगे, लोकतंत्र की रक्षा करेंगे और वोट चोरी को रोकेंगे। मैं उनके साथ हमेशा खड़ा हूं। सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि मैं आलंद चुनाव का पार्टी इन्चार्ज था, मुझे विश्वास था कि वह सीट भाजपा जीतेगी, क्योंकि कांग्रेस ने कभी वह सीट जीती ही नहीं थी। अगर वाकई वोट चोरी हुई है, तो कांग्रेस को इलेक्शन कमीशन का धन्यवाद करना चाहिए, क्योंकि कांग्रेस ने आजादी के बाद पहली बार आलंद सीट जीती।

## पाकिस्तान जो भी कहानी गढ़ता वही प्रचार करते हैं राहुल : रिजिजू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान जो भी कहानी गढ़ता है उसी प्रकार की कहानी गढ़ने का काम कांग्रेस नेता राहुल गांधी और उनकी कंपनी करती है। पिछले कई वर्षों से राहुल गांधी और उनका ग्रुप जो कुछ कहता है, भारत-विरोधी ग्रुप और पाकिस्तान के लोग इस्तेमाल करते देखे जाते हैं। उन्होंने कहा कि देश का युवा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ है। देश का गरीब, किसान, देश का हर एक लोग पीएम मोदी को देश का नेता मानता है। राहुल गांधी हो या कोई और बार-बार चुनाव हारने के बाद अपनी कमजोरी को छुपाकर संस्थाओं को ही गाली देंगे, तो कोई नहीं मानेगा। देश बदल चुका है और देश का मिजाज बदल चुका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश बहुत आगे बढ़ चुका है और राहुल गांधी जैसे लोग देश के तेज गति से चलने वाले इंजन को रोकना चाहते हैं जो हो नहीं सकता है। देश उनको माफ नहीं करेगा।

# पाक सोचता था हमलों से हम डर जाएंगे: रक्षा मंत्री

शाह टाइम्स ब्यूरो



- 1965 जंग की डायमंड जुबली कार्यक्रम में राजनाथ ने कहा: आतंकियों को हमने सबक सिखाया

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित साउथ ब्लॉक में 1965 की जंग के 60 साल पूरे होने पर एक खास कार्यक्रम में हिस्सा लिया। ये कार्यक्रम भारतीय सेना ने आयोजित किया था।

पाकिस्तान को लगता था कि अचानक किए गए आतंकी हमलों से हम डर जाएंगे, वो ये नहीं जानते कि भारत का हर सैनिक देश की एकता और अखंडता से समझौता नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने ठान लिया था कि पाकिस्तान को सबक सिखाना है। हमने उन्हें ऐसा सबक सिखाने की ठानी जिसकी वे कल्पना भी नहीं कर सकते। कार्यक्रम में उन्होंने उन बहादुर सैनिकों और शहीदों के परिवारों से मुलाकात की, जिन्होंने 60 साल पहले पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाई में भारत को जीत दिलाई थी। कार्यक्रम में जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वेस्टर्न कमांड के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार, दिल्ली एरिया के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल भावनीश कुमार साथ ही अन्य बड़े अधिकारी मौजूद थे। रक्षा मंत्री ने कंपनी क्वार्टर मास्टर हवलदार अब्दुल हमीद की बहादुरी का जिक्र किया। अब्दुल हमीद ने आसल उत्तर की लड़ाई में अकेले ही पाकिस्तान के कई टैंकों को बर्बाद कर दिया था।

# उप्र में बिजली गिरने से सात की मौत, मकान जला, हिमाचल में लैंडस्लाइड

- उत्तराखंड में 16 घंटे बाद मलबे से जिंदा निकला शख्स

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटे में बिजली गिरने से 7 लोगों की मौत हो गई। जौनपुर में 3, कौशांबी में 2 और हमीरपुर-चंदौली में 1-1 की जान गई है। प्रतापगढ़ के गोविंदपुर गांव में बिजली गिरने से एक घर में आग लग गई, हालांकि काबू पा लिया गया है।

वहीं उत्तराखंड के चमोली जिले के नंदनगर में 18 सितम्बर की रात बादल फटा था। इसके बाद से 14 लोग लापता थे। कुछ लोग मलबे में दब गए थे। घटना के 16 घंटे बाद एक शख्स को मलबे से जिंदा रेस्क्यू किया गया। यहां पर 200 लोग प्रभावित हुए हैं। 35 से ज्यादा मकान क्षतिग्रस्त हैं। देहरादून-मसूरी रोड अभी भी क्षतिग्रस्त है। मसूरी में मौजूद 2 हजार के करीब टूरिस्ट्स सेफ हैं। इधर, उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में रिहंद बांध इस साल पांचवीं बार ओवरफ्लो हुआ। कौशांबी में बिजली गिरने से 2 महिलाओं की मौत हुई। शिमला की लाइफ लाइन कहे जाने वाली सर्कुलर रोड बंद है। एडवर्ड स्कूल की दो दिन की छुट्टी की गई है। कुमारसैन की करेवथी में भी तीन मंजिला मकान धंस गया।

## मुख्तार के बेटे उमर अंसारी को हाईकोर्ट से मिली जमानत

**प्रयागराज।** मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट में जब्त जमीन को छुड़ाने के लिए अपनी मां का फर्जी हस्ताक्षर करने के आरोप में उमर अंसारी की जमानत याचिका मंजूर कर ली है। फर्जी हस्ताक्षर मामले में उमर के खिलाफ गाजीपुर के मोहम्मदाबाद थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। उमर अंसारी फिलहाल जेल में बंद हैं। जमानत के लिए उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। न्यायमूर्ति गौतम चौधरी की एकल पीठ के समक्ष याची उमर की तरफ से अधिवक्ता उपेंद्र उपाध्याय ने पक्ष रखा। गाजीपुर के मोहम्मदाबाद थाने में उमर पर मुकदमा दर्ज है। आरोप है कि उन्होंने गैंगस्टर एक्ट में जब्त जमीन को कोर्ट से छुड़ाने के लिए फर्जी दस्तावेज और मां के हस्ताक्षर किए हैं।

# आर्यन मान बने डूसू अध्यक्ष, ABVP को 3 सीटें मिलीं

शाह टाइम्स ब्यूरो



- एनएसयूआई को मिली उपाध्यक्ष की सीट

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्व विद्यालय छात्र संघ चुनाव के परिणाम शुक्रवार को घोषित हो गए हैं। एबीवीपी ने इस बार तीन सीटों पर जीत हासिल की है, जिसमें अध्यक्ष, सचिव और संयुक्त सचिव का पद शामिल है।

वहीं एनएसयूआई के राहुल झासला ने उपाध्यक्ष का पद जीता है। स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) और ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (एआईएसए) को संयुक्त रूप से कोई सीट नहीं मिली। छात्र संघ के नए अध्यक्ष मान ने कहा कि उन्हें अपनी जीत पर 100 प्रतिशत भरोसा था। उन्होंने कहा कि मुझे सभी कॉलेजों के छात्रों का समर्थन प्राप्त था। मेरी पहली प्राथमिकता डीयू छात्रों के लिए मेट्रो रियायती पास की हमारी प्रतिबद्धता को पूरा करना होगा। इसके अलावा, सभी एथलीटों के लिए पर्याप्त प्रशिक्षण उपकरण उपलब्ध कराना भी मेरी प्राथमिकता होगी। मान ने अपने समर्थकों से विजय उत्सव के दौरान शांतिपूर्ण रहने की अपील की। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार, हमें किसी भी प्रकार का विजय जुलूस निकालने की अनुमति नहीं है।

# तीन गलतफहमियों के कारण 1965 की लड़ाई में पस्त हुआ था पाक

नई दिल्ली, वार्ता

- पूर्व सेना उप प्रमुख ले.जनरल नाम्बियार ने कहा: हमारे जवानों ने हौसले और जज्बे का दिया था परिचय



**पाकिस्तान के खिलाफ** 1965 की लड़ाई में बहादुरी और साहस के लिए वीर चक्र से सम्मानित लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत) सतीश नाम्बियार ने कहा है कि पाकिस्तान को भारतीय सैनिकों के टूटे मनोबल और हौसले सहित तीन गलतफहमियों के कारण इस लड़ाई में मुंह की खानी पड़ी।

पूर्व सेना उप प्रमुख ले.जनरल नाम्बियार ने 1965 की लड़ाई के 60 वर्ष पूरे होने के मौके पर शुक्रवार को यहां आयोजित समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अन्य पूर्व सैनिकों की मौजूदगी में कहा कि उस समय पाकिस्तान को भारत तथा उसकी सेनाओं को लेकर तीन गलतफहमी थी और उसे इनकी कीमत हार के रूप में चुकानी पड़ी। उन्होंने कहा कि पहले तो पाकिस्तान को लगा कि चीन से हार के बाद भारतीय सेनाओं का हौसला पस्त है, दूसरा उसे लगा कि कश्मीर के लोग उसका साथ देंगे और तीसरा उसे गलतफहमी थी कि वह अखनूर पर हमला कर कश्मीर से शेष भारत का सड़क मार्ग से संपर्क आसानी से तोड़ देगा। जनरल नाम्बियार ने कहा कि चीन के साथ 1962 की लड़ाई में भारत की शिकस्त के बाद पाकिस्तान को लगा कि भारतीय सेनाओं के हौसले पस्त हैं और जवानों का मनोबल टूटा हुआ है जबकि यह पाकिस्तान की सबसे बड़ी रणनीतिक गलती या गलतफहमी साबित हुई। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने चीन के साथ बेहद प्रतिकूल और सीमित संसाधनों के बल पर लड़ाई लड़ी। भारत के पास द्वितीय विश्व युद्ध के समय के पुराने हथियार थे सेना के पास प्रतिकूल मौसम में जरूरी वर्दी तक नहीं थी। जनरल नाम्बियार ने कहा कि जब पाकिस्तान की ओर से नापाक हरकत हुई, तो हमारे जवानों ने जिस हौसले और जज्बे का परिचय दिया पाकिस्तान को इसकी उम्मीद नहीं थी। पाकिस्तान के सैनिक भारतीय सैनिकों की बहादुरी और शौर्य के सामने टिक नहीं सके। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने एक और रणनीतिक भूल की कि वह कश्मीर के लोगों के मूड को नहीं समझ सका। उसे लगा था कि कश्मीर के लोग भारत के विरुद्ध हो जाएंगे तथा उसका साथ देंगे, लेकिन कश्मीर के लोगों ने हमारा साथ दिया और पाकिस्तानी सेना के बारे में समय पर महत्वपूर्ण जानकारी दी, जिसका लड़ाई में फायदा मिला। तीसरा -शेष पृष्ठ दो पर

# पतंजलि-डाबर च्यवनप्राश विज्ञापन केस: पतंजलि को फटकार

- दिल्ली हाईकोर्ट बोला: हर फालतू अपील की अनुमति नहीं देंगे, जरूरत पड़ी तो जुर्माना लगाएंगे

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को पतंजलि-डाबर च्यवनप्राश विज्ञापन मामले में सुनवाई की। बाबा रामदेव ने इस विज्ञापन को चलाने पर रोक लगाने वाले सिंगल बेंच जज के आदेश को चुनौती दी थी।

जस्टिस सी. हरिशंकर और जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ला ने कहा कि आपने बाकी सभी लोगों को यह कहकर बदनाम कर दिया कि वे नहीं जानते च्यवनप्राश क्या है और कैसे बनता है। बेंच ने कहा कि सिंगल जज ने एड को अपमानजनक माना। यह अंतरिम आदेश है। जरूरी नहीं हम भी इस पर विचार करें। हम हर फालतू अपील की अनुमति नहीं देंगे। जरूरत पड़ी, तो जुर्माना लगाएंगे। जस्टिस हरिशंकर ने पतंजलि को फटकार लगाते हुए कहा कि ऐसा नहीं है कि यह आदेश आपको नुकसान पहुंचाएगा। आपके पास बहुत पैसा है, इसलिए आप हर मामले में अपील दायर कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### वाराणसी घटना की मजिस्ट्रेटी जांच कराएं सीएम: बार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में बीते दिनों अधिवक्ताओं और पुलिस के बीच हुए विवाद को लेकर वकीलों के समर्थन में बार काउंसिल आफ उत्तरप्रदेश उतर आया है। काउंसिल ने मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर घटना की मजिस्ट्रेटी जांच के साथ ही अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम को लागू करने की मांग की है। साथ ही यह भी कहा है कि यदि मांगों पर तत्काल प्रभाव से संज्ञान लेकर ठोस कार्यवाही नहीं की गई, तो अधिवक्ता समाज विवश होकर प्रदेश स्तरीय एक बड़ा आंदोलन करेगा।

### चुनाव आयोग को हमसे परहेज क्यों: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि चुनाव आयोग जब भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) तथा एक निजी कंपनी को डाटा दे सकता है, तो कांग्रेस को यह डाटा देने में परहेज क्यों किया जा रहा है। कांग्रेस ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने आधिकारिक पेज में आयोग से सवाल किया है कि चुनाव आयोग से बार-बार डाटा मांगा जा रहा है, लेकिन आयोग पार्टी को डाटा नहीं दे रहा है जबकि इससे पहले वह बीआरएस तथा एक निजी कंपनी को डाटा उपलब्ध करा चुका है। आयोग ने इस निजी कंपनी को पेंशनर लाइव वेरिफिकेशन के लिए यह डाटा सौंपा था। पार्टी ने सवाल किया, चुनाव आयोग ने तेलंगाना की बीआरएस सरकार और प्राइवेट कंपनी को वोटरों का डेटा दिया था। इसमें वोटरों की तस्वीर और उनका पता शामिल था। तेलंगाना सरकार ने 2019 में 'पेंशनर लाइव वेरिफिकेशन सिस्टम' लॉन्च किया था और इस काम को एक प्राइवेट कंपनी को सौंपा गया था।

# छह साल से चुनाव न लड़ने पर 474 पार्टियां डीलिस्ट

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ 359 पर एक्शन शुरू, चुनाव आयोग ने दो महीने में 808 पार्टियों के रजिस्ट्रेशन रद्द किए

चुनाव आयोग (ईसीआई) ने शुक्रवार को 474 रजिस्टर्ड गैर-मान्यता प्राप्त पॉलिटिकल पार्टियों को डीलिस्ट कर दिया है। इन पार्टियों ने पिछले छह साल से कोई चुनाव नहीं लड़ा था। इस कार्रवाई के बाद पिछले दो महीने में अब तक 808 पार्टियों को लिस्ट से बाहर किया जा चुका है।

आयोग ने बताया कि इससे पहले 9 अगस्त को भी 334 पार्टियों के रजिस्ट्रेशन रद्द किए गए थे। इसके अलावा आयोग ने 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 359 पार्टियों को भी चिन्हित किया है। इन पार्टियों ने तीन साल (2021-22, 2022-23 और 2023-24) से अपने ऑडिटेड अकाउंट्स और चुनावी खर्च की रिपोर्ट जमा नहीं की। ये पार्टियां चुनाव में उतरी थीं, लेकिन जरूरी रिपोर्ट समय पर दाखिल नहीं की, जिसकी वजह से अब उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई है। चुनाव आयोग ने कहा है कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ को इन पार्टियों को शो-काज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

पार्टियों को अपना पक्ष रखने का मौका दिया जाएगा और सुनवाई के बाद अंतिम फैसला लिया जाएगा। 26 अगस्त को आई एक रिपोर्ट के मुताबिक, गुजरात में रजिस्टर्ड 10 गुमनाम से राजनीतिक दलों को 2019-20 से 2023-24 के पांच साल में 4300 करोड़ चंदा मिला। दिलचस्प बात यह है कि इस दौरान गुजरात में हुए तीन चुनावों (2019, 2024 के दो लोकसभा और 2022 का विधानसभा) में इन दलों ने महज 43 प्रत्याशी उतारे और इन्हें कुल 54,069 वोट मिले। इन दलों और इनके प्रत्याशियों की निर्वाचन आयोग में जमा रिपोर्ट से यह खुलासा हुआ है। इन्होंने चुनाव रिपोर्ट में खर्च महज 39.02 लाख बताया कि जबकि ऑडिट रिपोर्ट में 3500 करोड़ रुपये खर्च दर्शाया है। देश में नाममात्र के वोट पाने वाली रजिस्टर्ड गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों की आय 2022-23 में 223 फीसदी बढ़ गई। यह जानकारी एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट में सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक देश में 2764 गैर-मान्यता प्राप्त पार्टियां हैं। इनमें से 73 फीसदी से ज्यादा (2025) ने अपना फाइनेंशियल रिकॉर्ड सार्वजनिक ही नहीं किया है। बाकी 739 रजिस्टर्ड गैर-मान्यता प्राप्त पार्टियों ने अपना रिकॉर्ड साझा किया है।

रिपोर्ट में इन्हीं पार्टियों का एनालिसिस किया गया है। रिपोर्ट से पता चलता है कि गुजरात की ऐसी 5 पार्टियों की कुल आय 2316 करोड़ रही। इनमें एक साल की आमदनी 1158 करोड़ थी। जबकि बीते 5 सालों में हुए 3 चुनावों में इन्हें सिर्फ 22 हजार वोट मिले।

# यूपी के शिक्षामित्रों के मानदेय मामले में हाईकोर्ट सख्त, अपर मुख्य सचिव तलब



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बेसिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार को निर्देश दिया कि वह शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ाने के मामले में आदेश का पालन करते हुए अनुपालन हलफनामा दाखिल करें या 27 अक्तूबर को हाजिर हों। यह आदेश न्यायमूर्ति नीरज तिवारी ने वाराणसी के विवेकानंद की अवमानना अर्जी पर दिया।

हाईकोर्ट में 18 सितंबर 2025 को सुनवाई में महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा, शिक्षा निद. ेशक (बेसिक) प्रताप सिंह बघेल और सचिव यूपी बेसिक शिक्षा बोर्ड सुरेंद्र कुमार तिवारी व्यक्तिगत रूप से उपस्थित थे। इनके हलफनामों को कोर्ट ने रिकॉर्ड में ले लिया। अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सुनवाई के दौरान अनुपस्थित थे लेकिन उन्होंने छूट के आवेदन के साथ अपना हलफनामा प्रस्तुत किया। इस पर कोर्ट ने बृहस्पतिवार लिए व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट दे दी। सरकारी वकील ने कोर्ट से रिट कोर्ट के आदेश का पालन करने के लिए चार सप्ताह का अतिरिक्त समय मांगा। वहीं याची के अधिवक्ता सतएंद्र चंद्र त्रिपाठी इस पर गंभीर आपत्ति जताई और कहा कि पिछली बार भी समय मांगा गया था लेकिन आदेश का पालन नहीं किया गया। कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार को अगली सुनवाई की तारीख 27 अक्तूबर 2025 पर एक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। इस हलफनामे में रिट कोर्ट के आदेश का पूर्ण अनुपालन दिखाया जाना चाहिए। कोर्ट ने चेतावनी दी कि यदि वह ऐसा करने में विफल रहते हैं तो उन पर आरोप तय करने के लिए उन्हें व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में उपस्थित रहना होगा। वहीं अन्य अधिकारियों को अगले आदेश तक व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट दे दी गई है।

# इतना बड़ा झूठ न बोलें- पद की गरिमा का रखें ख्याल: अखिलेश

**लखनऊ, वार्ता**



उत्तर प्रदेश में मेट्रो संचालन को लेकर दिए गए बयान पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाम लिए बगैर पलटवार करते हुए कहा कि जिसका प्रमाण सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है और जनता ने साक्षात अनुभव किया हो, उसको लेकर इतना बड़ा झूठ नही बोलना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सफ़ेद झूठ बोलने से व्यक्ति की गरिमा भी गिरती है और उन सभी पदों की प्रतिष्ठा और मान-मर्यादा भी जिन पर वो बैठता है। शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने बयान को शर्मनाक बताते हुए कहा कि आज तो झूठ भी अपने आप को लज्जित महसूस कर रहा होगा। इतना बड़ा झूठ भी नहीं बोलना चाहिए कि इंसान औरों की ही नहीं अपनी निगाह में भी गिर जाए। सफ़ेद झूठ बोलने से व्यक्ति की गरिमा भी गिरती है और उन सभी पदों की प्रतिष्ठा और मान-मर्यादा भी जिन पर वो बैठता है। सत्ता का ऐसा भी क्या लालच कि उस बात को झूठ बताना जिसके प्रमाण हर तरह से सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं और जनता ने जिसका खुद साक्षात अनुभव किया हो। इतना बड़ा झूठ बोलना तभी संभव होता है, जब व्यक्ति या तो चेतना खो दे या सच्चाई या अपने आदर्श और सत्य के संस्कार। ऐसे महाझूठ वक्ता दरअसल अपने लोगों को महामूर्ख समझते हैं। वो मानते हैं कि उनके अनुयाई उनकी हर बात को सच ही मानेंगे, लेकिन ऐसा होता नहीं है।

## पं. दीन दयाल के स्मृति महोत्सव में बोले सीएम योगी

# यूपी की युवा ऊर्जा ही देश को ले जाएगी आगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** सीएम योगी अन्त्योदय के प्रणेता और एकात्म मानव दर्शन के वक्ता पंडित दीन दयाल उपाध्याय की स्मृति में आयोजित चार दिवसीय स्मृति महोत्सव में शामिल हुए। यहां उन्होंने कहा कि पंडित जी का सपना आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में साकार हो रहा है। पंडित उपाध्याय जी ने 1950 के दशक में भारत के राजनीतिक नेतृत्व को जो दृष्टि दी थी, वही आज वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी के रूप में मूर्तरूप ले चुकी है।

सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में असंभव को संभव बनाया गया है, चाहे कश्मीर से धारा 370 हटाना हो, अयोध्या में भव्य राममंदिर का निर्माण हो या 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराना हो।



■ पंडित जी के मंत्रों में असंभव को संभव में बदलने की शक्ति

सीएम ने कहा कि जो कभी असंभव लगता था, वही आज देश की ताकत बन चुका है। यही पंडित जी के मंत्र का प्रभाव है कि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और जल्द ही तीसरे स्थान पर पहुंचेगा। योगी ने कहा कि आज का समय युवाओं का है। यूपी के पास सबसे बड़ी युवा ऊर्जा है और यही भारत को आगे ले जाएगी। उन्होंने बताया कि सीएम युवा स्कीम के तहत सरकार 5 लाख रुपए तक का ब्याजमुक्त, गारंटी मुक्त लोन उपलब्ध करा रही है। जनवरी से अब तक 70 हजार युवाओं ने इसका लाभ उठाया है और लक्ष्य 1 लाख युवाओं तक पहुंचने का है। उन्होंने कहा कि आज भारत का युवा जॉब सीकर नहीं, बल्कि जॉब क्रिएटर बन रहा है। स्टार्टअप केवल आईटी सेक्टर में ही नहीं बल्कि व्वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट और गो आधारित खेती जैसे क्षेत्रों में भी स्टार्टअप उभर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूपी में किसी विभाग में आउटसोर्स कर्मी हो, उसे मिनिमम मानदेय 16 से 20 हजार रुपए मानदेय हर हाल में मिलेगा, इसकी गारंटी सरकार देने जा रही है।

### कांग्रेस-सपा पर सीधा हमला

सीएम योगी ने इस दौरान कांग्रेस और सपा पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में भारत को ताकतवर बनाने की दिशा में 'असंभव' शब्द जुड़ा था। यूपी की स्थिति इतनी बिगड़ गई थी कि आजादी के समय जीडीपी में 14 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाला राज्य 2017 तक देश की आठवीं अर्थव्यवस्था बनकर रह गया, लेकिन डबल इंजन सरकार ने यूपी को फिर से देश की नंबर दो की अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प पूरा किया है। सीएम योगी ने कहा कि कश्मीर को कांग्रेस ओर उसके सहयोगियों ने देश के लिए नासूर बना दिया था। कभी लोग कहते थे कि धारा 370 हटाना असंभव है, लेकिन पीएम मोदी ने यह असंभव संभव कर दिखाया। इसी तरह राममंदिर को लेकर जो संकल्प था, वह भी मोदी सरकार ने पूरा किया।

### पं. दीनदयाल उपाध्याय का सपना साकार हुआ, तो भारत बनेगा विश्व गुरु: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को मथुरा में आयोजित पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति महोत्सव मेला 'विराट युवा सम्मेलन' में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का विजन साकार हुआ तो भारत विश्वगुरु बनेगा। फरह के नगला चंद्रभान में योगी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम इकाइयों से जिला, जिले से प्रदेश और प्रदेश से देश मजबूत होगा। नगला चंद्रभान पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्मस्थली है। चार दिवसीय स्मृति महोत्सव कार्यक्रम का 19 सितम्बर को शुभारंभ किया गया है।



सेंसेक्स 82626.23

निफ्टी 25327.05



सोना रु. 111330

प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 128000

प्रति किलो




# शेयर बाजारों में तेजी थमी, सेंसेक्स लुढ़का

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में ऊंचे स्तर पर हुई बिकवाली से शुक्रवार को गिरावट रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 387.73 अंक (0.47 प्रतिशत) लुढ़क कर 82,626.23 अंक पर बंद हुआ। बाजार में आज शुरू से ही गिरावट रही। पिछले कुछ दिनों की तेजी के बाद मुनाफा वसूली से सेंसेक्स 67.92 अंक टूटकर 82,946.04 अंक पर खुला और एक समय 500 अंक से अधिक गिर गया था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक भी गुरुवार के मुक. ाबले 96.55 अंक यानी 0.38 प्रतिशत नीचे 25,327.05 अंक पर बंद हुआ। एचसीएल टेक्नोलॉजीज में सबसे अधिक 1.52 प्रतिशत की गिरावट रही। आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन, ट्रेंट, कोटक महिंद्रा बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी एक प्रतिशत से अधिक टूटे। भारतीय स्टेट बैंक में 0.91 प्रतिशत की तेजी के अलावा भारती एयरटेल, एशियन पेंट्स



और एक्सिस बैंक भी सेंसेक्स में मुनाफा कमाने वाली 11 कंपनियों में रही। मझौली कंपनियों में भी गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.04 प्रतिशत और निफ्टी मिडकैप.100 सूचकांक 0.15 प्रतिशत टूट गया। छोटी कंपनियों में लिवाली से निफ्टी स्मॉलकैप.100 में 0.15 प्रतिशत की तेजी रही। विदेशों में एशियाई बाजार दबाव में रहे। जापान का निक्केई 0.57 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.30 प्रतिशत फिसल गया, जबकि हांगक. ांग काहैंगसेंग सपाट रहा। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी डेक्स 0.26 प्रतिशत लुढ़क गया जबकि ब्रिटेन का एफटीएसई सपाट रहा।

### विदेशी मुद्रा भंडार फिर 700 अरब डॉलर के पार

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 12 सितम्बर को समाप्त सप्ताह में 4.698 अरब डॉलर बढ़कर 702.966 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो अब तक का दूसरा उच्चतम स्तर है। विदेशी मुद्रा भंडार का अब तक का उच्चतम स्तर 704.885 अरब डॉलर है, जो 24 सितम्बर 2024 को समाप्त सप्ताह में दर्ज किया गया था। लगातार तीन सप्ताह की तेजी के साथ अब यह एक बार फिर उसके करीब पहुंच गया है। इससे पहले, गत 05 सितम्बर को समाप्त में विदेशी मुद्रा का देश का भंडार 4.038 अरब डॉलर बढ़कर 698.268 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 12 सितम्बर 2025 को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में 2.537 अरब डॉलर की वृद्धि दर्ज की गई और यह 587.014 अरब डॉलर हो गया। साथ ही स्वर्ण भंडार भी 2.120 अरब डॉलर बढ़कर 92.419 अरब डॉलर रहा।

### सोने और चांदी के भाव में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को सोने और चांदी के दाम बढ़ गए। देश में 24 कैरेट 10 ग्राम गोल्ड के दाम 160 रुपये बढ़कर 1,11,330 रुपये पर आ गए। वहीं चांदी के रेट में भी 2000 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी आई है। गुड रिटर्न्स के डेटा के मुताबिक देश में सिर्फ ओवरआल सोने के भाव नहीं बढ़े हैं, बल्कि देश के बाकी शहरों दिल्ली, मुंबई, चेन्नई में भी सोने की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। चांदी की चमक भी बढ़ गई है। देश की राजधानी दिल्ली और आर्थिक राजधानी मुंबई में सोने और चांदी कीमतों में तेजी देखी जा रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट 10 ग्राम गोल्ड खरीदने के लिए 1,11,480 रुपये देने होंगे। इसके अलावा 1 किलोग्राम चांदी के लिए 1,11,480 रुपये चुकाने होंगे। वहीं अगर मुंबई की बात करें, तो गोल्ड और सिल्वर के दाम वहां भी बढ़े हैं।

# चावल-चीनी मजबूत, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़, दालों के भाव टूटे

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को चावल के दाम बढ़ गए, जबकि गेहूं में मंदी रही। चीनी के दाम भी बढ़ गए। दालों में नरमी देखी गई, जबकि खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा 11 रिंगिट टूटकर 4,424 रिंगिट प्रति टन बोला गया। अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 50.88 डॉलर के भाव बोला गया।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत दो रुपए बढ़कर 3,863.78 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं तीन रुपए टूटकर 2,857.15 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे के दाम में 15 रुपए प्रति क्विंटल की मजबूती रही और यह 3,319.08 रुपए प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल औसतन 43 रुपए और मूंगफली तेल 18 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गया। पाम ऑयल में भी 10 रुपए प्रति क्विंटल अधिक की गिरावट रही। सूरजमुखी तेल की औसत कीमत दो रुपए प्रति क्विंटल बढ़



गई। सोया तेल में 31 रुपए और वनस्पति 16 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में आज नरमी रही। तुअर दाल की औसत कीमत 40 रुपए प्रति क्विंटल टूट गई। उड़द दाल में छह रुपए और मूंग दाल में 18 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट रही। मसूर दाल छह रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई, जबकि चना दाल के भाव में कमोबेश टिकाव रहा। गुड़.चीनी : मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत चार रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी तीन रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :.दाल-दलहन: दाल चना 7967.25 रुपए, मसूर काली 8168.25 रुपए, मूंग दाल 10123.90 रुपए, उड़द दाल 10453.65 रुपए, अरहर दाल 10625.28 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2857.15 रुपए और चावल 3863.78 रुपए प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**'बुकर' विजेता...**

एडवोकेट ने फिर आरोप लगाया कि आमंत्रित अतिथि मुश्ताक ने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंच. ाने वाली कुछ आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं, इसलिए ऐसे व्यक्ति को आमंत्रित नहीं किया जा सकता। जस्टिस नाथ ने कहा कि मामला खारिज कर दिया गया है। हमने तीन बार खारिज कहा है। और कितनी बार खारिज करने की जरूरत है? दरअसल, कर्नाटक हाईकोर्ट ने 16 सितम्बर को कहा था कि किसी विशेष धर्म या आस्था को मानने वाले व्यक्ति का किसी दूसरे धर्म के त्योहारों में शामिल होना संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं है। लेखिका बानू मुश्ताक को मैसूर दशहरा उत्सव के लिए कर्नाटक सरकार ने मुख्य अतिथि बनाया है। 62 साल की बानू मुश्ताक कन्नड़ लेखिका, सामाजिक कार्यकर्ता और किसान आंदोलनों और कन्नड़ भाषा आंदोलनों से जुड़ी रही हैं।

मई 2025 में उन्होंने अपनी कहानी संग्रह एडेया हनाटे के लिए इंटरनेशनल बुकर प्राइज जीता है। इस किताब का अंग्रेजी अनुवाद दीपा भस्थ ने किया था। राज्य की सिद्धारमैया सरकार ने उनके साहित्यिक और सामाजिक योगदान को देखते हुए इस बार दशहरा का उद्घाटन करने के लिए आमंत्रित किया है। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया था कि बानू के लिए हिंदू धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल होना गलत होगा। क्योंकि इन अनुष्ठानों में पवित्र दीप जलाना, देवता को फल-फूल चढ़ाना और वैदिक प्रार्थनाएं करनी होती हैं। यह भी कहा गया था कि ऐसी प्रथाएं केवल एक हिंदू ही कर सकता है। हालांकि, राज्य सरकार ने कहा था कि यह राज्य का समारोह है, किसी मंदिर या धार्मिक संस्थान का नहीं। इसलिए धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जा सकता। ये उत्सव हर साल आयोजित किया जाता है। पहले भी वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, लेखकों और स्वतंत्रता सेनानियों को बुलाया गया है। राज्य सरकार ने कहा कि मुश्ताक को बुलाने का फैसला कमेटी का है। इसमें विभिन्न दलों के प्रतिनिधि और और विभिन्न सरकारी अधिकारी शामिल थे।

**तीन गलतियों के...**

पाकिस्तान को लगा था कि वह अखनूर पर हमला कर कश्मीर का सड़क मार्ग से शेष भारत के साथ संपर्क खत्म कर देगा, लेकिन यह उसकी रणनीतिक भूल साबित हुई और इसके लिए चलाया गया उसका ऑपरेशन जिबाल्टर विफल हो गया। उन्होंने कहा कि उस समय के प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने भी सेनाओं को पूरी तरह से खुली छूट दे दी थी कि दुश्मन को कड़ा सबक सिखाया जाना चाहिए। इसके बाद सेना ने पाकिस्तान को करारा सबक सिखाया। जनरल नाम्बियार ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान की इन तीनों गलतियों का फायदा उठाया और पाकिस्तान को लड़ाई में मुंह की खानी पड़ी।

# त्योहारों में क्यूआर कोड से मिलेगा रेलवे टिकट

**नई दिल्ली, वार्ता**

यात्रियों की सुविधा और अनारक्षित टिकटों की सुविधा. जनक खरीद सुनिश्चित करने के लिए रेलवे ने आगामी त्योहारी सीजन में भीड़ बढ़ने की संभावना के मद्देनजर स्टेशन क्षेत्रों में यूटीएस मोबाइल ऐप के माध्यम से टिकटों की खरीद को बढ़ावा देने के लिए क्यूआर कोड स्टिकर के साथ रेट्रो रिफ्लेक्टिव जैकेट पेश किए हैं।

दक्षिण मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ए. श्रीधर ने कहा कि रेट्रो रिफ्लेक्टिव जैकेट खरीदे गए हैं, जिनके पीछे क्यूआर कोड स्टिकर मुद्रित हैं, जिन्हें यूटीएस ऐप या रेल वन ऐप के माध्यम से स्कैन करके अनारक्षित टिकट खरीदे जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि ये जैकेट उन लोगों द्वारा पहने जाएंगे, जिन्हें स्टेशन परिसर, प्रवेश या निकास द्वार और टिकट काउंटरों के बाहर जैसे अधिक भीड़ वाले



यूटीएस ऐप टिकटिंग को बढ़ावा देने को रेलवे कर्मचारियों ने क्यूआर कोड वाली जैकेट पहनी

क्षेत्रों में यूटीएस मोबाइल ऐप को बढ़ावा देने के लिए तैनात किया गया है। उत्तर मध्य रेलवे के सीप. ीआरओ शशिकांत त्रिपाठी ने कहा कि महाकुंभ मेले के दौरान एनसीआर रेलवे ने पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इस प्रणाली की शुरुआत की थी, जो भीड़ को नियंत्रित करने के साथ-साथ यात्रियों को परेशानी मुक्त टिकट प्रणाली प्रदान करने में एक बड़ी सफलता थी। त्रिपाठी ने कहा कि भारी सफलता को देखते हुए अन्य रेलवे ज़ोन भी त्योहारों के दौरान जैकेटों पर क्यूआर कोड लागू कर रहे हैं। एनसीआर भी जरूरत पड़ने पर ऐसे क्यूआर कोड युक्त जैकेट का इस्तेमाल करता है। यात्री जैकेट के पीछे दिए गए क्यूआर कोड को यूटीएस या रेल वन मोबाइल एप्लीकेशन से स्कैन कर सकते हैं। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि दिशानिर्देशों के अनुसार कर्मचारी लोगों को एप्लीकेशन के उपयोग और यूटीएस ऐप के माध्यम से टिकट खरीदने के लाभों के बारे में मार्गदर्शन करेंगे, जिससे टिकट काउंटरों पर कतारें कम करने में मदद मिलेगी और कैशलेस, डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा मिलेगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है

आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।

काजीजादा, अमरोहा-UP

हाशमी दवाखाना

9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?

अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।

फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।

ऋषि इन्टरनेशनल

08899787114

09808917010

Cipzer

HEALTH WITH CARE

जॉन्डिस क्योर

लिवर का जिगरी दोस्त

खून की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव

प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।

86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# अपहृत टोल असिस्टेंट मैनेजर का शव जानी नहर में मिला

## गुरुवार की रात छपार टोल पर हुई थी वारदात, पुलिस बदमाशों की तलाश में लगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर/छपार।** गुरूवार की रात बदमाशों ने दिल्ली-देहरादून हाइवे के छपार क्षेत्र स्थित टॉल प्लाजा पर धावा बोलकर मैनेजर को पहले बेरहमी से पीटा और यहां के कर्मचारियों पर भी प्राण घातक हमला किया गया इस के बाद बदमाशों ने मैनेजर का अपहरण कर दिया और 24 घंटे से पहले ही मैनेजर की लाश जनपद मेरठ के थाना जानी क्षेत्र में नग्न अवस्था में मिली है लाश सिर्फ अण्डरवेयर में है। मृतक के शरीर प चोटो के निशान बयान कर रहे है कि बदमाशों ने उसको बेरहमी से पीटा है छपार क्षेत्र से अपहरण होना और लाश जानी क्षेत्र में मिलना अब यह दो थानों का मामला है, लेकिन छपार पुलिस इस मामले में पूरी तरह भागदौड कर अपराधियों की गिरफ्तारी के प्रयास में लग गई है।



बता दे कि एनएच-58 स्थित छपार क्षेत्र के टोल मैनेजर मुकेश चौहान व उसके साथी अरविंद पांडे गेस्ट हाउस में सोए हुए थे घटना गुरूवार की रात की है। रात्रि के डेढ़ बजे बदमाशों ने गेस्ट हाउस का दरवाजा खुलवाया और मैनेजर को घसीटते हुए बाहर लाए और बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। मैनेजर को लहुलूहान कर बदमाशों ने अपहरण कर लिया उधर घायल को अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया और मैनेजर की अपहरण की जानकारी रात्रि में ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दी गई। आरोप था कि थाने की पुलिस ने इस मामले में कार्यवाही नहीं की थी इसलिए इसकी जानकारी अधिकारियों को दी। इस मामले की पुलिस ने तहरीर ली जिसमें कार्यवाही की मांग की गई अभी पुलिस अपहृत व बदमाशों की तलाश में भागदौड कर रही थी पुलिस ने बदमाशों तक पहुंचने के लिए कई दर्जन सीसीटीवी कैमरे खंगाले। सूत्रों का कहना है कि मैनेजर को एक कुख्यात अपराधी के नाम से व्हाट्सएप पर धमकी दी जा रही थी और इसकी जानकारी छपार पुलिस को तहरीर के माध्यम से दी गई थी, लेकिन शायद पुलिस ने इस मामले को हल्के में लिया। सीओ सदर रवि शंकर मिश्रा ने टोल के स्टाफ को रात्रि में ही मैनेजर की जल्द बरामदगी व बदमाशों के विरूद्ध कार्यवाही का आश्वासन दिया था। पुलिस अपराधियों तक पहुंचने के लिए लगातार भागदौड में लगी रही। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में सीओ व छपार के अलावा इस मामले में अलग से भी टीम लगाई थी। अभी पुलिस भागदौड कर ही रही थी कि अपहरत अरविंद पांडे पुत्र प्रकाश जो मुल निवासी ग्राम फूलपुर धराव जनपद चंदौली का रहने वाला था, का शव दोपहर के समय जनपद मेरठ के थाना जानी भोला झाल की झाडियों में अटका हुआ मिला। स्थानीय पुलिस ने शव को बाहर निकाला इसके बाद ही मृतक की पहचान हुई। थाना जानी की सूचना पर छपार पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

# हिंडन नदी में डूबी बैल-बग्गी, बैल की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** थाना क्षेत्र के कुल्हेड़ी गांव में हिंडन नदी पार कर रहे एक किसान की बैल-बग्गी नदी के तेज बहाव में डूब गई। इस हादसे में ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद किसान की जान तो बचा ली, लेकिन उसके बैल की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई और बचाव कार्य में जुट गई।

जानकारी के अनुसार, कुल्हेड़ी गांव निवासी किसान शराफत पुत्र फिराद अली गुरुवार को अपनी बैल-बग्गी से हिंडन नदी पार कर पशुओं के लिए चारा लेने जा रहा था। नदी के बीच में पहुँचते ही पानी के तेज बहाव के कारण उसकी बैल-बग्गी अनियंत्रित होकर पलट गई। जब तक शराफत कुछ समझ पाता, वह और उसका बैल दोनों गहरे पानी में डूबने लगे। किसान को डूबता देख आसपास खेतों में काम कर रहे अन्य ग्रामीणों ने शोर मचा दिया। शोर सुनकर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और तुरंत बचाव कार्य में जुट गए। काफी प्रयास के बाद ग्रामीणों ने किसी तरह शराफत को तो नदी से बाहर निकाल लिया, लेकिन उसके बैल को नहीं बचाया जा सका। पानी में डूबने से बैल की मौत हो गई। इस घटना से पीड़ित किसान और उसका परिवार गहरे सदमे में है। ग्रामीणों ने पीड़ित किसान के लिए प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

# अफसार हत्याकांड के दो आरोपी जेल भेजे

■ **लिखापढ़ी में सभासद का नाम भी हुआ शामिल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** खालापार कोतवाली पुलिस ने अफसार हत्याकांड के फरार दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त किया गया आला कत्ल भी बरामद करने का दावा किया है। पुलिस ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि पकडे गए आरोपियों ने इस मामले में नामजद सभासद अन्नू कुरैशी का भी नाम इस अपराध से जोडा है अब पुलिस मेम्बर की तलाश में लग गई है।

बता दे कि 17 सितम्बर की रात को खालापार निवासी अफसार पुत्र जुल्फिकार की चाकुओं से गोदकर उसकी हत्या कर दी गई थी यह वारदात बाइक को तेज चलाने व स्टंटबाजी के विरोध में की गई थी मृतक कई रोज से आरोपियों की इस स्टंटबाजी का विरोध कर रहा था। कत्ल के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और नामजद आवेज पुत्र अनवार, मौहम्मद तालिब उर्फ साहिल पुत्र इमदाद व सपा नेता सभासद अन्नू पुत्र अब्दुल करीम की तलाश शुरू कर दी थी।

थाना कोतवाली प्रभारी ने बताया कि आवेज व मौहम्मद तालिब उर्फ साहिल को गिरफ्तार कर लिया गया है पुलिस ने आरोपी की बुलेट व आला कत्ल बरामद किया है। पूछताछ के बाद पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने इस कत्ल में सभासद का नाम भी लिया है। पुलिस का कहना है कि तीसरे आरोपी की भी जल्द गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

# मृतक बाटला के परिवार में दूसरे दिन भी रहा कोहराम

■ **पत्नी बोली- सूदखौर ने बना दिए थे चार लाख के 80 लाख रूपये**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ़्फ़रनगर।** मोतीझील में कुदकर अपनी जान देने वाले कपडा व्यापारी के घर आज दूसरे दिन भी कोहराम मचा रहा। पूरा परिवार ही नहीं रिश्तेदार व आस पडौस के लोग भी उनकी अच्छाई व खामौसी को लेकर आंसु बहा रहे है। मृतक की पत्नी ने तो शुक्रवार को भी एक सूदखौर को व्यापारी की मौत का जिम्मेदार ठेहराते हुए कहा कि उन पर चार लाख के 80 लाख रूपये बना दिए गए थे और इसी को लेकर उनका उत्पीडन किया जा रहा था। उन्होने पुलिस प्रशासन से इस मामले में इंसाफ मांगा है।

बता दे कि गुरूवार की सवेरे सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मौहल्ला साकेत कॉलौनी निवासी विनोद बाटला ने मौतीझील में कुदकर अपनी जान दे दी थी। मृतक पेशे से रेडीमेंट गारमेंटस की दुकान करता था उनकी मौत के बाद जब परिवार के सब्र का बांध टूटा और परिवार में कोहराम मचा तो रोते हुए उनकी पत्नी ने स्पष्ट कहा कि उनके मौत के जिम्मेदार सूद खौर है वह कई रोज से उन पर दबाव बनाते हुए धमकी दे रहा था। इसी से आहत होकर उन्होने अपनी जान दे दी। उन्होने कहा कि चार लाख उधार लिए थे, लेकिन सूद खौर ने उनके 80 लाख रूपये बना दिए थे। मामला कुछ भी हो कारोबारी की मौत के बाद आज दूसरे दिन भी परिवार मे कोहराम मचा रहा।



मुजफ्फरनगर: आशा सम्मेलन का शुभारंभ करते राज्यमत्री कपिल देव व अन्य।



मुजफ्फरनगर:आशा सम्मेलन में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देती आशाएं।

# स्वास्थ्य विभाग ने किया आशा सम्मेलन का आयोजन

■ **उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशाओं को किया गया सम्मानित'**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ़्फ़रनगर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज पंजाबी बारात घर में भोपा रोड पर आशा सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल, ज़िला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल एवं मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमलकिशोर देशभूषण के द्वारा किया गया।

सम्मेलन में आशाओं के द्वारा महिला सशक्तिकरण, देश भक्ति तथा स्वास्थ्य योजनाओं से प्रेरित संदेशात्मक व सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की गई। जिसके अंतर्गत समूह नृत्य, एकल गीत तथा नाटकों के माध्यम से समाज को संदेश दिया गया। आशा सम्मेलन में रक्तदान शि.विर भी लगाया गया जिसकी शुरुआत आशा संघ की अध्यक्ष निर्मला चौधरी तथा एएनएम संघ की अध्यक्ष सुषमा सिंह के द्वारा रक्तदान देकर शुरू किया गया। इसके साथ ही महिलाओं के लिए चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया। राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि हमारी आशा बहने स्वस्थ नारी सशक्त परिवार का आधार है। आशा कार्यकर्ताओं ने समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने आशाओं को 'ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़' बताते हुए उनके कार्यों की मुक्तकंठ से सराहना की और कहा कि उनके प्रयासों से स्वास्थ्य योजनाएँ धरातल पर सफल हो पा रही हैं। उन्होंने आशा बहनों को आश्वस्त किया कि भविष्य में उन्हें और अधिक सुविधाएँ एवं सहयोग प्रदान करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीरपाल निर्वाल ने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण तथा जननी सुरक्षा जैसी योजनाओं को सफल बनाने में आशा बहनों की भूमिका सराहनीय है। सम्मेलन में प्रत्येक ब्लॉक से एवं नगरीय क्षेत्र में बेहतर काम कर रही आशाओं को प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रथम पुरस्कार के रूप में 5000, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 2000 तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में 1000 देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही आशा संगिनियो तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभा करने वाली आशाओं को भी उपहार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सीएमओ डॉक्टर सुनील तेवतिया के द्वारा आशा के कार्यों की प्रगति के बारे में बताया गया। सम्मेलन में जिला क्षयरोग अधिकारी डॉक्टर लोकेश चंद्र गुप्ता, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर दिव्या वर्मा, डॉक्टर शैलेश जैन, जिला मलेरिया अधिकारी अलका सिंह जिला कार्यक्रम प्रबंधक विपिन कुमार, तोषण धीमान, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ सत्येंद्र कुमार, डॉ सुमित चौधरी सहित विभिन्न ब्लॉकों से आए बीपीएम, बीसीपीएम तथा आशा संगिनी और हजारों की संख्या में आशा उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डॉक्टर गीतांजलि वर्मा के द्वारा किया गया।

### सांप से आतंकित छात्रों का गाँधी पॉलिटेक्निक में हंगामा

**मुजफ्फरनगर।** आज छात्रों ने गांधी पॉलिटेक्निक के व्यवस्थापक को घेरा और प्रधानाचार्य राजीव सिंह को बताया कि गांधी पॉलिटेक्निक के परिसर में बड़ी-बड़ी घासो के बीच सांप निकल रहे है जिससे पालीटेक्निक परिसर में रह रहे छात्रों की जान के साथ कभी भी खिलवाड़ हो सकता है। छात्र नेता हेमंत शर्मा ने कहा कि 25 सितंबर तक अगर सफाई न हुई तो छात्र प्रदर्शन करेंगे।

# जिला अस्पताल में चलती है स्टाफ की मनमानी

■ **महिला अस्पताल में मरीज के बाद सीएमएस से भी स्टाफ ने किया दुर्व्यवहार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ़्फ़रनगर।** जिला अस्पताल आए दिन किसी ना किसी विवाद में घिरा रहता है इसमें गंभीर बात तो यह है कि महिला व पुरूष चिकित्सालय के साथ सीएमओ कार्यालय में भी कुछ किसान यूनियन के साथ कुछ लोग भी हंगामा करते नजर आते है। इस बात को भी झुठलाया नहीं जा सकता कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी को महिला व पुरूष अस्पताल के साथ प्राइवेट नर्सिंग होमो की भी शिकायते मिलती रहती है।



शुक्रवार को महिला जिला चिकित्सालय में तो हद ही हो गई अस्पताल के स्टॉफ ने पहले एक मरीज से दुर्व्यवहार ही नहीं किया बल्कि स्टाफ पर इलाज संबंधी कागजात फाडने का भी आरोप लगाया गया इससे भी गंभीर मामला उस वक्त बन गया जब यह शिकायत महिला चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में पहुंची और महिला सीएमएस ने दुर्व्यवहार करने वाली स्टाफ को समझाने का प्रयास किया तो स्टाफ ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी महिला को भी आड़े हाथों ले लिया। यह मामला आज पूरे दिन चर्चा का विषय बना रहा अस्पताल के अधीनस्थ व कर्मचारियो में भी एक कर्मचारी का बड़े अधिकारी या यूं कहा जाए कि महिला चिकित्सा अधिकारी के साथ दुव्यर्वहार करना कोई छोटी बात नहीं है। महिला चिकित्सा अधिकारी ने तो यहां तक कह डाला कि कुछ स्टाफ से तो वह भी परेशान है और जिस स्टाफ की शिकायत मरीज ने आज की है उस स्टाफ पर पहले भी गंभीर आरोप लग चुके है। इतना हीं नही महिला चिकित्सा अधिकारी ने मीडिया के सामने बोलते हुए स्पष्ट कहा कि वह अपने बेलगाम स्टाफ की शिकायत जनपद के अधिकारी से कर चुकी है, लेकिन न जाने क्यों मरीजों के साथ दुर्व्यवहार व अपने अधिकारियों से मुंहभाषा करने वाले स्टाफ के विरूद्ध अभी तक कोई भी विभागीय कार्यवाहीं नही की गई है। जिस तरह महिला चिकित्सा अधिकारी ने अपने बयान दिय उससे स्पष्ट हो रहा है कि वह भी अपने स्टाफ से त्रस्त है शुक्रवार को मरीज से बदसलूकी और महिला चिकित्सा अधिकारी से दुर्व्यवहार की एक बार फिर शिकायत सीएमओ दरबार में पहुंची है अब देखना यह है कि इस मामले में क्या कार्यवाही होती है।

वैसे भी महिला व पुरूष जिला अस्पताल किसी न किसी विवाद मे घिरा रहता है पिछले दिनों भी मंत्री कपिल देव से मरीजों ने स्टाफ की भ्रष्टाचारी की पोल खोलते हुए कुछ डॉक्टरो पर भी गंभीर आरोप लगाए थे इतना हीं नही निरीक्षण को स्वस्थ मंत्री के सामने भी स्टाफ की शिकायत हो चुकी है। इसके बाद सीएमओ सुनील तेवतिया ने स्वयं ही पुरूष चिकित्सालय के कमरो में पहुंचकर यहां भर्ती मरीजों का हाल जाना था उनके सामने भी यहां की भ्रष्टाचारी व दुर्व्यवहार की कहानी लोगों ने सुनाई थी।

फिलहाल कई दिनों से अस्पताल चर्चाओं में है। मरीजों की शिकायत चाहे मंत्री से की जाए या सीएमओ से की जाए, लेकिन हाल ज्यों का त्यों है।

# प्राधिकरण ने 32 बीघा जमीन से हटाई अवैध कॉलोनी

■ **बिना नक्शा स्वीकृत कराए की जा रही थी प्लॉटिंग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र जोन-4 में मंडलायुक्त सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर की प्रेरणा से एवं उपाध्यक्ष, मु.वि.प्रा., कविता मीना के आदेशों के अनुपालन में आज शुक्रवार के दिन अवैध भू-स्वामी/प्लॉटिगकर्ता राजेश कुमार सैनी एवं अशोक कुमार सैनी पुत्रगण प्रकाश सैनी द्वारा खसरा नं0- 373 चरथावल रोड निकट शनि मन्दिर मुजफ्फरनगर में लगभग 04 बीघा, हाजी शमशेर द्वारा चरथावल रोड पर मदरसे के बगल में मुजफ्फरनगर में लगभग 08 बीघा, कल्लू, यामीम, शमीम पुत्रगण बुन्दू द्वारा खसरा नं0- 76क, ग्राम खांजापुर, काली नदी के किनारे डूब क्षेत्र मुजफ्फरनगर में लगभग 07 बीघा, ओमवीर सिंह पुत्र नथन सिंह, मौ0 आमीर पुत्र मौहम्मद जमुआ द्वारा खसरा नं0- 75क, हिंडन नदी के पास, न्याजूपुरा-चरथावल रोड मुजफ्फरनगर में लगभग 06 बीघा, सुरेन्द्र पुत्र पालेराम द्वारा खसरा नं0- 617/1 ग्राम शाहबुद्दीनपुर मुजफ्फरनगर में लगभग 05 बीघा एवं अर्जुन कुमार, सुशील कुमार पुत्रगण बलेशर द्वारा खसरा नं0- 52 ग्राम खांजापुर, चरथावल रोड मुजफ्फरनगर में लगभग 02 बीघा भूमि में अनाधिकृत रूप से (प्राधिकरण से तलपट मानचित्र स्वीकृत कराये बिना) अवैध प्लॉटिंग के निर्माण को विकास प्राधिकरण द्वारा ध्वस्त किया गया। उक्त अवैध प्लॉटिंग के विरूद्ध प्राधिकरण द्वारा पूर्व में नोटिस जारी किये गये थे।

जिसमें चालानी कार्यवाही के उपरान्त पूर्व में ध्वस्तीकरण के आदेश निर्गत किये गये थे, परन्तु अवैध प्लॉटिंग के भू-स्वामियों द्वारा स्थल से अवैध प्लॉटिंग को नहीं हटाया गया था।

अत: आज दिनांक 19.09.2025 को मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण द्वारा मुजफ्फरनगर के जोन-4 में उक्त 06 स्थलों पर लगभग 32 बीघा भूमि पर अवैध रूप से विकसित की जा रही अवैध प्लॉटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई है।

अवैध प्लॉटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय प्राधिकरण कार्यालय के सहायक अभियंता, अवर अभियंता, एवं प्राधिकरण टीम के साथ साथ सम्बन्धित थाने का पुलिस बल भी मौके पर उपस्थित रहा।

# रेहड़ा सवार महिलाओं से लूटपाट

## पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** देर रात्रि ग्राम सैदपुरा के निकट बाइक सवार तीन बदमाशो ने सामान गिरने का कहकर रेहड़ा सवारों को रोक लिया और हथियारों से आतंकित करते हुए महिलाओं से कुंडल व अन्य जेवरात लूट लिये। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार तीन बदमाशों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। सीओ सदर डा. रवि शंकर द्वारा मौके पर पहुंचकर पीड़ितों से घटना की जानकारी ली गयी तथा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गयी।

मुजफ्फरनगर कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम बेहड़ी निवासी मुन्तजिर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह पत्नी आसमा व भाभी गुल्फ़सा को लेकर रिश्तेदारी में जनपद सहारनपुर थाना देवबंद के गांव अम्बेहटा गया हुआ था। गुरुवार को करीब सवा आठ बजे को वह बाइक रेडे से पत्नी व भाभी के साथ लौट रहा था। जब वह ग्राम सैदपुरा के निकट पहुंचा तभी पीछे से आये बाइक सवार तीन बदमाशो ने सामान गिरने का कहकर उन्हें रोक लिया और हथियारों से आतंकित करते हुए महिलाओं से कुंडल व अन्य जेवरात लूट लिये। विरोध करने पर सभी के साथ मारपीट की। लूट की घटना को अंजाम देकर बदमाश रोहाना की ओर ही फरार हो गये थे। लूट की सूचना पर पुलिस टीम के साथ पहुंचे थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने पीड़ितों से घटना की जानकारी ली। सीओ सदर डा. रवि शंकर ने बताया कि पीड़ित की रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। और घटना के सफल अनावरण के लिए टीम गठित करके सीसीटीवी कैमरो की फुटेज खंगाली जा रही है।

# जिले मे चारों तहसील के मुख्यालय पर हुआ मॉक ड्रिल का आयोजन

## बीमार और फंसे हुए लोगों को निकालने का दिया गया प्रशिक्षण

**शाह टाम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** औद्योगिक रासायनिक रिसाव अग्नि सुरक्षा मॉक ड्रिल का आयोजन जनपद के सभी चार तहसील मुख्यालय पर हुआ। सदर तहसील का मॉक ड्रिल त्रिवेणी इंजी.नियरिंग एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड अल्को कैमिकल्स कांपलेक्स मे हुआ। जहाँ जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा व अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार की उपस्थिति में आपदा, राहत एवं बचाव के टिप्स दिये गये। जानसठ तहसील का आयोजन डी0ए0वी0 इंटर कॉलेज जानसठ मे हुआ। जहाँ भूकंप से बचाव का रिर्हसल किया गया। इसी तरह बुढाना मे भी भूकम्प राहत का प्रशिक्षण हुआ। खतौली मे तहसील मुख्यालय पर अग्निशमन मॉक ड्रिल आयोजित हुई।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार ने बताया की औद्योगिक रासायनिक एवं अग्नि सुरक्षा आफ-साइट आपात योजना के अंतर्गत त्रिवेणी इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड अल्को कैमिकल्स कंपलेक्स में औद्योगिक रासायनिक एवं सुरक्षा से बचाव हेतु अभ्यास रिहर्सल किया गया। फायर मक्क ड्रिल में आपदा प्रबंधन टीम के साथ साथ मौके पर जिले के अधिकारियो की टीम मौजूद रही।

जहाँ उत्तर प्रदेश अग्निशमन सेवा की टीम व एनडीआरएफ के राहत बचाव दल ने रेस्क्यू अभियान शुरू कर घायलों को बचाया। घायलों को राहत बचाव दल द्वारा तत्काल प्राथमिक उपचार देकर इलाज हेतु हायर सेंटर उपचार हेतु भेजा गया। त्रिवेणी इंजी.नियरिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड एन्ड एल्को केमिकल कॉम्पलेक्स में फायर मॉक ड्रिल के दौरान नगर मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर व उप जिलाधिक.ारी सदर प्रवीण द्विवेदी, मुख्य अग्निशमन अधिकारी अनुराग सिंह, तहसीलदार सदर राधेश्याम गौड़, अग्नि सुरक्षा अधिकारी आरके यादव, स्वास्थ्य विभाग से डॉ विक्रांत तेवतिया व डॉ अन्नू चौधरी, सहायक निदेशक कारखाना, त्रिवेणी इंजीनियरिंग इंडस्ट्री लिमिटेड एन्ड एल्को कैमिकल कॉम्पलेक्स के प्रबंधक राजीव बिहान एवं उनकी टीम तथा संबंधित अधिक.ारी मौजूद रहे। भूकंप, औद्योगिक रासायनिक एवं अग्नि सुरक्षा से बचाव हेतु रिहर्सल कार्यक्रम का संचालन डॉ राजीव कुमार ने किया।





मुजफ्फरनगर: एसएसपी की मौजूदगी में किया गया मॉक ड्रिल।

# खाईखेड़ा के मिस्त्री की महाराष्ट्र में मौत



**मोरना।** खाईखेड़ा गांव निवासी मिस्त्री की कार्य के दौरान छत से गिरकर मौत हो गयी। व्यक्ति की मौत से परिवार मे कोहरा मच गया है। थाना ककरौली क्षेत्र के खाईखेड़ा गांव निवासी 37 वर्षीय हुसैन अहमद एल्यूमिनियम फेब्रिकैटर का कार्य करता था। गत सप्ताह वह महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले के अर्धपुर में स्थित सहकारी चीनी मिल में कार्य करने गया था। गुरुवार शाम वह ऊँची छत पर सीमेंट की चादर पर बैठ कर काम कर रहा था। तभी अचानक चादर टूटने से वह नीचे बने लोहे के प्लेटफॉर्म पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में घायल को अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव शनिवार को पहुंचना बताया गया है। हुसैन अहमद की मौत से मां संजी. दा, भाई अहमद, शहीद, बहन हाजरा, सायरा, कौसर का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे पत्नी शाज़िया पुत्रियां फिजा 11वर्ष मनाहिर 9 वर्ष फातिमा 7वर्ष निदा 3 वर्ष व पुत्र असद हुसैन 5 वर्ष को छोड़ गया है।

## मंगेतर से बात करने के बाद युवक ने की आत्महत्या

**बुढ़ाना।** मंगेतर से मोबाइल फोन पर बात करने के कुछ ही देर बाद एक नवयुवक ने अपने घर के पीछे स्थित गन्ने के खेत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दलित श्याम लाल निवासी गांव हबीबपुर सीकरी थाना फुगाना का 21 वर्षीय पुत्र बादल की मंगनी चरथावल थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर में विगत दिवस हुई थी। बीती बृहस्पतिवार की देर रात वह अपने कमरे में सोने के लिए चला गया और कमरे में जाकर अपनी मंगेतर से बात करने लगा। कुछ देर बाद उसके परिजन उसके कमरे में आए तो देखा वो वहां पर नहीं था। तब उसको इधर उधर तलाश किया गया तो वह नहीं मिला। परिजनों ने उसके नंबर पर फोन किया तो घंटी जाती रही। फोन मिलाते रहने के कुछ समय बाद परिजनों को घंटी बजने का आभास घर के पीछे स्थित ईंख के खेतों में हुआ तो वे ईंख के खेतों की तरफ गये तो देखा बादल फांसी के फंदे पर झूल रहा है तो उनकी चीख निकल गयी। चीख सुनकर मौके पर पड़ोसी आ गये। इस घटना की सूचना चौकीदार के माध्यम से फुगाना पुलिस को मिली तो परिजनों ने पुलिस के आने से पहले ही आनन फानन में बादल का अंतिम संस्कार दिया। फुगाना पुलिस ने परिजनों से घटना की जानकारी ली तो पता लगा कि बादल ने अपनी मंगेतर से लगभग 04 मिनट फोन पर बातचीत भी की और फिर किसी बात पर अपनी मंगेतर से रुठकर फोन का लोक खोल दिया और घर के पीछे ईंख के खेत में जाकर रात्री में मौत को गले लगा लिया। बादल की 29 नवम्बर को बारात जानी थी। बादल नशे का आदी बताया गया है। बादल 2 भाई 2 बहन बताए गये हैं।

# पुलिस चौकी के पास दुकान में हुई चोरी

**बुढ़ाना।** अज्ञात चोरों ने बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र की एक पुलिस चौकी के समीप स्थित एक दुकान का ताला तोड़कर उसमें रखी 50 हजार रुपये की संपत्ति चोरी कर ली। इस घटना से ये ही प्रतीत होता है कि बायवाला पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मी सिर्फ अवैध वसूली तक ही सीमित रह गये हैं क्योंकि बायवाला पुलिस ने बीती 10 सितम्बर को 18 टड्बवेलों पर हुई चोरी की इन घटनाओं का अभी तक भी कोई खुलासा नहीं किया कि 10 दिन के भीतर फिर से चोरी की ये दूसरी घटना हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की बायवाला पुलिस चौकी से कुल एक या दो दर्जन कदम की दूरी पर मेरठ वाया करनाल हाइवे पर गांवध सठेडी निवासी प्रदीप प्रजा. पति पुत्र रणबीर सिंह की कोल्ड ड्रिंक की दुकान है। बीती बृहस्पतिवार की रात लगभग आठ बजे वह रोजाना की भांति दुकान बंद करके अपने घर चला गया था कि आज शुक्रवार की सुबह उसके चाचा सोनू का फोन प्रदीप के मोबाइल पर आया। जिसमे सोनू ने बताया कि वह घूमने आया हुआ था। तुम्हारी दुकान का ताला टूटा पड़ा है और शटर खुला है। सामान भी अस्त व्यस्त हैं तो प्रदीप कुछ ही देर बाद दुकान पर आया तो हक्का बक्का रह गया क्योंकि दुकान से लगभग 50 हजार रूपये की कीमत का बेट्रा, इंवर्टर, सौर उर्जा की प्लेटें, सिगरेट, रजनी गंदा और कोल्ड ड्रिंक के अलावा अन्य सामान गायब था। तब उसने सामने ही स्थित चौकी पर पुलिस को आवाज देकर बुलाया और घटनास्थल का मुआयना करवाया। पुलिस ने पीड़ित से घटना की जानकारी लेकर तहरीर लेकर अज्ञात चोरों की तलाश में आसपास लगे हुए सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरु कर दिए थे। पुलिस चौकी के पास हुई घटना को लेकर अन्य दुकानदारों में भय बना हुआ है। उधर दूसरी और बीती 10 सितम्बर को भी अज्ञात चोरों ने इसी चौकी क्षेत्र के जंगलों से 18 टड्बवैलों पर चोरी कर ली थी।

# मजदूर के घर में लगी आग से कीमती सामान जला

**मोरना।** गांव टंढेडा मे आधी रात को कमरे के भीतर अज्ञात कारणों से आग लग गयी। जिसमे लाखों का कीमती सामान जल गया। पीड़ित ने मदद की गुहार प्रशासन से लगाई है।ककरौली थाना क्षेत्र के गांव टंढेडा निवासी हसन अली ने जानकारी देकर बताया की गुरुवार की रात परिवार के सदस्य घर के आंगन मे सोए हुए थे।आधी रात धुंवे की दुरगंध फैलने से पत्नी गुलशेर जाग गयी। कमरे से धुँवा निकलता देख उसने शोर मचाया। घर के सदस्यों ने किसी प्रकार आग पर काबू पाया।

हसन अली ने बताया की आग मे घर मे रखा लाखों कीमती सामान जल गया है व बच्चों के शिक्षा से संबंधित कागजात आदि भी जल गये।पीड़ित ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

## संक्षिप्त समाचार

### डीयू छात्र संघ चुनाव में मलीरा के भौमिक त्यागी ने रचा इतिहास



**मुजफ्फरनगर।** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डीयूएसयू)चुनाव 2025 के परिणामों में भौमिक त्यागी इस बार एक नया इतिहास रच दिया है। मुजफ्फरनगर के गांव मलीरा निवासी भौमिक त्यागी, पुत्र दीपक त्यागी ने केंद्रीय पार्षद पद पर अभूतपूर्व विजय प्राप्त की है। देशबंधु कॉलेज से चुनाव लड़ते हुए भौमिक ने पहले राउंड से ही मजबूत बढ़त बनाए रखी, और अंततः रिकॉर्ड मतों के अंतर से विजयी होकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया।भौमिक त्यागी इससे पहले संयुक्त सचिव पद पर भी विजेता रह चुके हैं और लगातार दो वर्षों तक डीयू छात्र राजनीति में अपने प्रभाव से सफलता के नए अध्याय लिखते आ रहे हैं। उनकी यह जीत न केवल छात्र राजनीति की दिशा बदलने वाली है, बल्कि मुजफ्फरनगर के लिए भी गौरव का विषय बनी है।

### गो सेवा आयोग के अध्यक्ष से बताई समस्याएं

**मंसूरपुर।** नावला कोठी पर करथ सेवा ट्रस्ट के सौजन्य से गौशाला का संच. ालन कर रहे संस्था के अध्यक्ष कुलदीप कुमार ने आज लखनऊ में गौसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता से मिलकर उन्हें गौशाला तथा गोवंश की स्थिति के बारे में अवगत कराया। कुलदीप कुमार ने गोवंश के पालन में आ रही समस्याओं के बारे में उन्हें अवगत कराया। अध्यक्ष ने हर संभव सहायता का आश्वासन देते हुए अक्टूबर माह में गौशाला निरीक्षण का आश्वासन दिया।

### जानसठ में धूमधाम से निकाली श्रीराम बारात

**जानसठ।** शुक्रवार को जानसठ में निकली गई श्रीराम बारात और शोभायात्रा ने पूरे कस्बे को भक्ति और उल्लास से सराबोर कर दिया। इस दौरान समाजसेवी एवं भावी चौयरमेन प्रत्याशी रजनीश सैनी उर्फ मोनी ने नारियल फोड़कर राम बारात का उद्घाटन किया इस भव्य आयोजन व श्री राम बारात में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा में सजे-धजे रथों पर भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण की मनमोहक झांकियां विराजमान थीं। वहीं, भगवान हनुमान की झांकी भी आकर्षण का केंद्र रही, जिसे देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। बारात का भव्य स्वागत करने के लिए जगह-जगह महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने भगवान राम और उनकी बारात पर पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया। इस शोभायात्रा में न केवल एक विशेष समुदाय के लोग बल्कि सभी धर्मों के लोगों ने हिस्सा लिया, जो सामा. जिक सौहार्द और एकता का अद्भुत उदाहरण पेश करता है। श्री प्राचीन रामलीला कमेटी मौहल्ला मिश्रण के अध्यक्ष निशांत कंबोज ने बताया कि यह शोभायात्रा न केवल एक धार्मिक कार्यक्रम है, बल्कि यह हमें भाईचारे और एकजुटता का संदेश भी देती है। जानसठ में निकली गई यह श्रीराम बारात आने वाले वर्षों में भी भक्तों को प्रेरणा देती रहेगी। इस दौरान मुख्य रूप से ब्राह्मण सभा अध्यक्ष चन्द्र मुकुट शर्मा,उमाशंकर शर्मा, सोनी कुमार गुर्जर, रतन सिंह राजपूत, राम अवतार दीक्षित, सुमित सैनी ,ठाकुर प्रदीप राणा ,अनिल कुमार, अमरजीत सैनी, विवेक कश्यप, आशीष भारद्वाज, रीतू राज गुज़र ,अंकुर संगल श्री आदर्श रामलीला अध्यक्ष ,धनी राम धनगर गौरव भटनागर सत्य पाल सुशील कुमार धर्मेश सैनी ,राजेन्द्र प्रधान गौपाल संगल सतेन्द्र कश्यप, सतेन्द्र धामा डाक्टर गौतम, रोहित खत्री, गौरव वाल्मीकि, अश्विनी अग्रवाल, राकेश पाल ,रजनीश सैनी उर्फ मोनी, रीतू राज गुज़र, ब्रिजेश रस्तोगी, राजीव गुप्ता, निशांत कांबोज, नवनीत कांबोज आदि शामिल हूए।

# ई रिक्शा व बाईक की भिड़ंत मे बाईक सवार दम्पति हुआ घायल

**भोपा।** भोपा क्षेत्र मे गंग नहर पटरी पर ई रिक्शा व बाईक की भिड़ंत हो गयी जिसमे बाईक सवार पति पत्नी घायल हो गये जबकि उनके दो बच्चों के मामूली चोट आई हैं।घायलों को भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर उपचार के लिए लाया गया।जहां से गंभीर रूप से घायल दम्पत्ति को जिला चिकित्सालय रैफर किया गया है। भोपा थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव बेलडा गंग नहर पटरी पर शुक्रवार दोपहर ई रिक्शा व बाईक की भिड़ंत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद के ही थाना जानसठ क्षेत्र अंतर्गत गांव पिमोडा निवासी प्रदीप पुत्र शोभाराम 30 वर्ष अपनी पत्नी मनकी 25 वर्ष व पुत्री दीपांशी व सारिका को लेकर बाईक द्वारा उत्तराखंड राज्य के हरिद्वार जिले के बहादराबाद से घर लौट रहा था की बेलडा गांव के बस स्टेण्ड के पास गंग नहर पटरी पर ई रिक्शा के साथ उसकी भिड़ंत हो गयी।जिसमें प्रदीप व उसकी पत्नी मनकी घायल हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर पहुँचाया जहां से प्रदीप व मनकी को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। पुलिस ने ई रिक्शा को कब्जे मे ले कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रदीप बहादराबाद मे स्थित कम्पनी मे कार्य करता है। परिवार मे किसी कार्य से प्रदीप परिवार को लेकर घर लौट रहा था।

## ग्रीन स्कूल मुहिम दिवस कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

**बुढ़ाना।** खंड शिक्षा अधिकारी किरण यादव के अनुपालन में कंपोजिट स्कूल डूंगर में स्कूल प्रभारी प्रधान अध्यापक चौधरी जमील अहमद के नेतृत्व में स्वच्छता पखवाड़ा बीती 16 सितंबर से लेकर आगामी 30 सितंबर तक के अंतर्गत ग्रीन स्कूल मुहिम दिवस कार्यक्रम किया गया। जिसमें सभी बच्चों अध्यापक और अध्यापिकाओं द्वारा स्वच्छता के प्रति स्वच्छता शपथ ली गई। इसके बाद सहायक अध्यापक देवेंद्र कुमार के द्वारा तथा संगीत के माध्यम से अपने स्कूल, अपने घर तथा आसपास पड़ोस में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के लिए जागरूक किया गया। स्कूल के प्रभारी प्रधान अध्यापक चौधरी जमील अहमद ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत ग्रीन स्कूल महिम का मुख्य उद्देश्य स्कूलों को स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूलन बनाना है। जिसमें छात्रों को वृक्षारोपण, प्लास्टिक कचरा कम करने और प्रभावी कचरा प्रबंधन जैसी पर्यावरण जागरूक गतिविधियों में शामिल करके पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाना शामिल है। यह मुहिम स्कूलों को स्वच्छ और हरित बनाने के साथ साथ छात्रों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता पैदा करने पर केंद्रित है ताकि बच्चे भविष्य में टिकाउ प्रथाओं का पालन कर सकें।

## ड्यूटी कटवाने आई बीएलओ की हालत खराब

**बुढ़ाना।** शुक्रवार को महिला बीएलओ की बीडीओ के आफिस में इसलिए हालत बिगड गयी क्योंकि वह अपनी डयूटी कटवाने को बार बार संबंधित अधिक. ारियों के आफिसों के चक्कर काट रही थी मगर कोई भी अधिकारी उसकी पीड़ा सुनने को तैय्यार नही था। महिला को गंभीर हालत में हायर सेंटर रैफर किया गया। बीमार बीएलओ मीनाक्षी मलिक डड्यूटी कटवाने को दर दर की ठोकरें खा रही थी। आज जब वह बीडीओ ऑफिस में स्पष्टीकरण देने गई तो बीएलओ मीनाक्षी मलिक की अचानक हालत बिगड़ गई तो बीडीओ सतीश कुमार ने आनन फानन में बीएलओ मीनाक्षी मलिक को एंबुलेंस बुलाकर बुढ़ाना सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत के चलते बीएलओ को हायर सेंटर रेफर कर दिया। मीनाक्षी मलिक खेड़ा मस्तान नंबर एक की शिक्षा मित्र है। काफी समय से वह बुढाना तहसील व बीडीओ ऑफिस पहुंचकर अपनी डड्यूटी कटवाने की मांग कर रही थी और अपनी बीमारी का भी हवाला दे रही थी। उधर तहसील के बाबू बीमार बीएलओ मीनाक्षी से सुविधा शुल्क की मांग कर चक्कर कटवा रहे थे। जिसके चलते पीड़ित मीनाक्षी पहले तहसील फिर बीईओ ऑफिस गई। जब सही जानकारी नहीं मिली तो स्पष्टीकरण देने के लिए पीड़ित महिला बुढ़ाना बीडीओ ऑफिस पहुंची तो वहां उसकी हालत बिगड़ गई तो उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने जहां उसे गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## गैस्ट लेक्चर का आयोजन

**खतौली।** श्री कुंदकुंद जैन महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग में गुरुवार को गैस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुजफ्फरनगर से आए विशेषज्ञ संजय शर्मा ने विद्यार्थियों को अकाउंट्स विषय से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। लेक्चर में उन्होंने टैली ईआरपी 9.0, कंपनी बैलेंस शीट, जीएसटी, टीडीएस, सेल्स वाउचर एवं बिलिंग से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही छात्रों को अकाउंट्स व बैलेंस शीट के प्रयोगात्मक पहलुओं के फायदे समझाते हुए भविष्य में रोजगार के अवसरों के लिए स्वयं को सक्षम बनाने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. नीतू वशिष्ठ ने की।

### सार्वजनिक सूचना

मेरे पुत्री **RISHIKA** के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 4406 (जारी करने के दिनांक 16/04/2021) उक्त में त्रुटिवश पिता के रूप में नाम **HARISH NAMLA** हो गया है जबकि सभी अभिलेखों में नाम **HARISH KUMAR (हरीश कुमार)** अंकित है तथा भविष्य में भी इसी नाम से जाना जाएगा। उक्त में त्रुटिवश माता के रूप में नाम **NISHA NAMLA** हो गया है जबकि सभी अभिलेखों में नाम **NEESHA (नीशा)** अंकित है तथा भविष्य में भी इसी नाम से जाना जाएगा। नाम शुद्धीकरण हेतु शपथ पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

**हरीश कुमार पुत्र बलदेव किशन**
निवासी- 356, सिविल लाइन दक्षिणी, मुजफ्फरनगर।
मो. 8218927472.

### गुमशुदा की तलाश



**नाम - मंगतेराम**
उम्र - करीब 80 वर्ष
रंग - सांवला
कद - करीब 5 फुट 3 इंच
कपड़ें - ग्रे कलर शर्ट व काले कलर की पेन्ट व पैरों में जूते पहने हुए

कूकड़ा मंडी, गांधी नगर, मु0नगर के रहने वाले दि. 17.02.2018 समय करीब - रात 12 बजे कोठला मुबारिकपुर दिल्ली से लापता हैं। जिस सज्जन को मिले कृप्या फोन नम्बर पर सूचना देने की कृपा करें।

**अनिल कुमार (पप्पू) 9759272117, दीपक 9520272252.**

### सम्बन्ध-विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र **विकल** बुरी संगत में पड़कर बिगड़ गया है और मेरे कहने-सुनने में नहीं है। **विकल** को मैं अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर उससे संबंध विच्छेद करती हूं। भविष्य में **विकल** के द्वारा किए किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**ऊषा पत्नी मिन्तरपाल**
निवासी: ग्राम खेडी तगान, थाना मंसूरपुर तहसील खतौली, जिला मुजफ्फरनगर (उ0प्र0)

### 'गुमशुदगी सूचना'

सूचित किया जाता है कि मेरी कक्षा-10 की असली अंकपत्र (मार्कशीट), परीक्षा वर्ष 2021, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, जीवना, ज़िला मुज़फ्फरनगर से उत्तीर्ण, रोल नंबर 210532768 की, कहीं गुम हो गई है। काफी तलाश करने पर भी नहीं मिली। यदि किसी को यह अंकपत्र मिले तो कृपया निम्न पते पर सूचित करें:

नाम: **विशु पुत्र कपिल**
8449636146, पता: ग्राम जीवना, तहसील खतौली, ज़िला मुज़फ्फरनगर (उ.प्र.)

## प्रकृति के अधिक दोहन से आ रही आपदाएं : राज राजेश्वरम

**मोरना।** शुकतीर्थ स्थित प्राचीन श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में साप्ताहिक भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंक. राचार्य स्वामी राज राजेश्वर आश्रम महाराज ने कहा प्राकृतिक आपदा कहना मैं इससे सहमत नहीं हूं। प्रकृति किसी को भी आपदा में नहीं डालती, अपितु जिसको हम प्राकृतिक आपदा कहते हैं यह प्राकृतिक न्याय है। जब प्रकृति का अति दोहन होता है। पहाड़ों पर जो तीर्थ है उन तीर्थों को पर्यटन स्थल बनाने के लिए कुर्रता के साथ पहाड़ों को काटा जा रहा है। वहां जो रेलमार्ग ,हवाई जहाज रनवे और ट्रेन लाईन बनाने की योजनाएं हैं ,वह पहाड़ों को कमजोर कर रही है। कैसा यह अजीब देश है यहां की शासन पद्धति स्वतंत्रता के पश्चात आज तक इस देश में तीर्थ के विकास के लिए स्वतंत्र संरचना नहीं कर पाई । पर्यटन मंत्रालय जहां पर्यटक कार्य का विस्तार करें वहीं तीर्थ टन मंत्रालय तीर्थ यात्रा सरल सुगम बनाने का कार्य करे। और बहुतायत में तीर्थ स्थलों को आधुनिक बनाने का पर्यटन स्थल बनाने का प्रयत्न न करें। उसको स्वच्छता के साथ-साथ पवित्र भी बनाने का प्रयत्न होना चाहिए। मंदिर प्रांगण में दिल्ली से पधारे सुप्रसिद्ध कथाकार स्वामी विद्यासागर महाराज जी श्रीमद् भागवत कथा सुनाकर श्रद्धालुओं को धर्म लाभ कर रहे हैं।

### संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र ऋषभ(RISHAB) मेरे कहने सुनने से बाहर है। उसका उठना बैठना गलत संगत के प्रवृत्ति के लोगों के साथ है। ऋषभ का आचरण मेरे व मेरे परिवार के विरूद्व कठोर हो गया है। उसकी गलत हरकतो से मैने अपने पुत्र ऋषभ से सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद करते हुए उसको समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे

**किरणपाल पुत्र बुध सिंह निवासी म.न-37, कूकडा-4 थाना नई मंडी, तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर**

### संबंध विच्छेद सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र नवाजिश अपने निकाह के पश्चात् से मेरे व मेरे परिवार वालों के कहने-सुनने में नहीं है और आये दिन बिना वजह मेरे व मेरे परिवार वालों के साथ गाली-गलौच कर दुव्यर्वहार करता रहता है जिससे मुझे व मेरे परिवार वालों को समाज में अपमानित होना पड़ रहा है तथा मैंने अपने पुत्र नवाजिश को काफी समझाया परन्तु यह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। जिस कारण मैंने अपने पुत्र नवाजिश से अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद कर इसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। जिसकी सूचना मैंने दिनांक 16.01.2024 को ग्राम प्रधान जसोई जिला मुजफ्फरनगर के माध्यम से लिखित में सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं।

**नौशाद अली पुत्र स्व. मतलुब निवासी- ग्राम व डाक जसोई, धाना तितावी तहसील सदर जिला-मुजफ्फरनगर।**

### सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र अब्दुल आहद मेरे व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। गलत संगत में पड़ गया है। इसलिए मैने इससे सम्बन्ध विच्छेद कर इसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**अहतशाम उर्फ गुड्डू पुत्र सलाउद्दीन निवासी-41 सराफान खतौली, थाना खतौली जिला मुजफ्फरनगर।**

## आपदा प्रबंधन पर मॉर्क ड्रिल

**खतौली।** खतौली तहसील परिसर में शुक्रवार को औद्योगिक रासायनिक रिसाव और अग्नि सुरक्षा की मॉक ड्रिल आयोजित की गई। मॉक ड्रिल के दौरान आपदा प्रबंधन टीम, अग्निशमन विभाग तथा एनडीआरएफ की राहत एवं बचाव टीमों ने मौके पर पहुँचकर रेस्क्यू अभियान चलाया। एसडीएम राज. कुमार भारती, तहसीलदार अमित रस्तोगी, सीओ राम आशीष यादव, कोतवाल दिनेश चंद्र बघेल, सीएचसी खतौली से डॉक्टर अवनी कुमार आदि मौजूद रहे।

### सूचना

हमारे पुत्र अखलद व सलमान तथा महजबी पत्नी अखलद हमारे कहने सुनने में नही है। हमारे पुत्र अखलद व सलमान व पुत्रवधू महजबी गलत संगत में पड गये हैं और वह बेवजह हमारे व परिजनों के साथ झगडा फसाद करते रहते हैं। पैसे की भी मांग करते है और हमे झूठे मुकदमे में फंसाने की मांग करते हैं। हमने दोनों पुत्र व पुत्रवधू से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है तथा इन तीनों को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए हम व हमारा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**अय्यूब पुत्र श्री शरीफ व मुस्लेमीना पत्नी अय्यूब निवासीगण म.न.-48 ग्राम चौरावाला थाना ककरौली तहसील जानसठ मुजफ्फरनगर**

**समन वास्ते करार वाद उमूर तनकीह तलब** (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) **न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी खतौली, जिला मु.नगर** अपील सं. T 202409550603380 सन 2024 1. **श्रीमती कान्ता** पत्नी श्री धर्मपाल निवासी गांव अन्तवाडा परगना जौली जानसठ तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर। ...**प्रार्थी/अपीलार्थी बनाम** 1. सदनपाल पुत्र धनीराम निवासी सूर्या कालोनी फाजलपुर जिला मेरठ। 2. श्रीमान अध्यक्ष भूमि प्रबन्धक समिति ग्राम अन्तवाडा द्वारा ग्राम प्रधान अन्तवाडा परगना जौली जानसठ तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर। ..... **उत्तरदातागण** अन्तर्गत धारा 35(2) उ.प्र.रा.सं. 2006 ग्राम अन्तवाडा परगना जौली जानसठ व तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर

हरगाह मिनजानिब अपीलार्थी ने आपके नाम नालिस बाबत के दायर की में लिहाजा आपको हुक्म होता है आप बतारीख 29/9/25 बवक्त 10 बजे दिन के असालतम या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्स हो जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाबदेही दावा करे और उसी रोज अपना जमला गवाही को जिसको शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजों को जिस पर अपनी जवाबी देही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मगर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बरवक्त मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज बतारीख 15/9/25 जारी किया गया।

**आज्ञा से उपजिलाधिकारी खतौली**

### सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र मौ. नबी मेरे व परिवार के कहने सुनने से बाहर है। तथा किसी से भी उधार का रूपया लेकर वापस नहीं देता जिस कारण लोग मुझे तंग व परेशान करते हैं। मौ. नबी मेरी किसी प्रकार से देखभाल नहीं करता है नशे की हालत में मेरे व परिवार के साथ मारपीट व गाली-गलौच करता है। तंग होकर मैने इसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं भविष्य में इसके किसी भी कार्य व लेन-देन की मेरी या परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नही होगी। मौ.नबी भविष्य में अपने किसी भी कार्य व लेन-देन का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**श्रीमति नसीमा पत्नी स्व. मो. युनुस निवासी गली नं-3, महमूदनगर, थाना सिविल लाईन, जिला मुजफ्फरनगर**

# श्री रामलीला मंचन का जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया शुभारंभ

**भोपा।** भोपा में युवा रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित श्री रामलीला मंचन का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल द्वारा फीता काटकर किया गया। युवा रामलीला कमेटी के डायरेक्टर चुन्नू शर्मा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति श्री रामलीला मंचन का आयोजन धार्मिक श्रद्धा और उत्साह के साथ किया जा रहा है।डॉ.वीरपाल निर्वाल ने कहा कि भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र को साधारण रूप मे प्रस्तुत करना बड़े पुण्य का कार्य है।।भगवान श्रीराम के चरित्र प्रभाव से सनातन संस्कृति दया, कोमलता,विराट व महानता का प्रतीक है।वहीं शंकर पार्वती संवाद व नारद मोह की लीला का मंचन भी हुआ। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष अनिल कांत शर्मा, अमरपाल सैनी, मनोज शर्मा, हरीश राठी, संजय प्रजापति, कुणाल वालिया, योगेश सैनी, जग्नेवर वालिया, डॉक्टर रुपेश, ओमप्रकाश प्रजापति, ऋषि वालिया, कुणाल वालिया, शंकर कश्यप, मोहन धीमान,अनिल पाल अर्जुन,भिष्म दास महाराज, नानक चंद, प्रदीप वालिया, सुरेंद्र बालियान,उदित कुमार, रुद्र प्रताप, वाशू, मयंक शर्मा,रजनीश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरनगर

थाना कोतवाली नगर मुजफ्फरनगर पर लावारिस में दाखिल 39 वाहनों के स्वामित्व में दावा करने के संबंध में विज्ञप्ति का प्रकाशन आज दिनांक 19.09.2025 को इस आशय के साथ कराया जा रहा है कि उक्त वाहन यदि किसी के हो तो वह थाना नगर कोतवाली मुजफ्फरनगर आकर अपना दावा साक्ष्यों के साथ कर सकता है।

## थाना कोतवाली नगर पर लावारिस में दाखिल वाहनों की संख्या व प्रकार

| क्र. सं. | वाहन | रजि० न० | इ.न. | चैसिस न. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सैन्ट्रो कार जली हई | बिना न. | अस्पष्ट | अस्पष्ट |
| 2. | जीप बिना नम्बर | बिना न. | अस्पष्ट | अस्पष्ट |
| 3. | टैम्पो थ्री व्हीलर | बिना न. | अस्पष्ट | अस्पष्ट |
| 4. | स्पलेन्डर | DL7SG6320 | 05ASMB2226 | 97K9F085 |
| 5. | स्पलेन्डर | UP12A640 | HA10ELL9A09889 | MBLHA10A3E9A05994 |
| 6. | सुजुकी हयाते | बिना नम्बर | F4E6132354 | MB8UA8131952 |
| 7. | स्कूटी एक्टिवा | DL15AB4652 | UF21E81181335 | ME4JF219AH8123888 |
| 8. | जायलो | DL1DY4149 | बिना नम्बर | बिना नम्बर |
| 9. | टैम्पो नीला | बिना नम्बर | बिना नम्बर | बिना नम्बर |
| 10. | स्पलेन्डर | बिना नम्बर | HA10AGKHL87492 | MBLHAW081KHL75652 |
| 11. | एचएफडीलक्स | बिना नम्बर | HAT19E0322 | MBLHA7154H9E03718 |
| 12. | एचएफ डीलक्स | UP12AS6040 | अस्पष्ट | अस्पष्ट |
| 13. | स्पलेन्डर | UP12M5346 | अस्पष्ट | अस्पष्ट |
| 14. | सीडी डाउन | UA08GA709 | अस्पष्ट | अस्पष्ट |
| 15. | स्पलेन्डर | बिना नम्बर | 00E18M03181 | 00E20C03243 |
| 16. | सीडी डाउन | UA08F0204 | 05L29F27457 | 05L29F29068 |
| 17. | स्पलेन्डर बिना स्टेरिंग | बिना नम्बर | अस्पष्ट | MDNHA10AMD9G05321 |
| 18. | पैशन प्रो | बिना नम्बर | JAH10ED0HD13309 | MBLHA10EEWCHD11935 |
| 19. | स्पलेन्डर प्लस | PB29Q1980 | HA10EJLHJ14035 | MBLHA10AMCHJ25886 |
| 20. | स्पलेन्डर प्लस | बिना नम्बर | HA10EA90E1S521 | MBLHA10EJ99E11012 |
| 21. | स्पलेन्डर प्लस | UA08D4230 | 4K15148265 | 4K16KF48035 |
| 22. | स्पलेन्डर प्लस | UK07P5447 | HA10EJDHE627115 | MBLHAGAL1HE8361 |
| 23. | बजाज एक्ससीडी | बिना नम्बर | अस्पष्ट | अस्पष्ट |
| 24. | स्पलेन्डर | बिना नम्बर | अस्पष्ट | अस्पष्ट |
| 25. | सीडी डीलक्स | KR06W6037 | अस्पष्ट | अस्पष्ट |
| 26. | एक्टिवा सफेद | बिना नम्बर | अस्पष्ट | अस्पष्ट |
| 27. | एक्टिवा नीला रंग | बिना नम्बर | अस्पष्ट | अस्पष्ट |
| 28. | सुपर स्पलेन्डर | UP12N5391 | अस्पष्ट | अस्पष्ट |
| 29. | पैशन काली | बिना नम्बर | अस्पष्ट | अस्पष्ट |
| 30. | प्लेटिना | बिना नम्बर | अस्पष्ट | MD2A18Z1EPF42765 |
| 31. | बुलट जली हुई | बिना नम्बर | U3S5C1GH278293 | ME3U3S5C1GH654794 |
| 32. | सुपर स्पलेन्डर | UP20BE7789 | JA05EGJ9D27571 | MBLJAR038J9D07416 |
| 33. | टीवीएस स्पोर्टस | UP12AB4753 | स्पष्ट नही | स्पष्ट नही |
| 34. | प्लेटिना | बिना नम्बर | मिटा हुआ | MD2DDDZZZRPC61446 |
| 35. | स्कूटी एक्टिवा | बिना नम्बर | JP50ET7306688 | KWPGHMSI345B |
| 36. | सीडी डीलक्स | UP12AM0950 | 06B29E07472 | 06B29F06059 |
| 37. | स्पलेन्डर | UP12AZ1524 | अस्पष्ट | अस्पष्ट |
| 38. | सीडी डाउन | बिना नम्बर | अस्पष्ट | अस्पष्ट |
| 39. | सीडी डीलक्स | PB23H2942 | अस्पष्ट | अस्पष्ट |

**प्रभारी निरीक्षक**
**थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर**

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक**
**मुजफरनगर**

# दिनदहाड़े शिक्षिका के घर लाखों की चोरी

## कालौनी में मचा हड़कंप, पुलिस ने शुरू की चोरों की तलाश

■ आवास विकास कालोनी में घर का ताला तोड़कर की चोरी

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर की आवास विकास कालोनी में गुरुवार को दिनदहाड़े हुई चोरी की वारदात ने इलाके में सनसनी फैला दी। चोरों ने शिक्षिका के बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल कर चोरों की तलाश शुरू कर दी।

पीड़ित आशीष भाटी पुत्र जयवीर भाटी, मूल निवासी टिटोड़ा गांव, अपनी पत्नी के साथ कालोनी में रहते हैं। उनकी पत्नी बुढ़ाना रोड स्थित एक स्कूल में शिक्षिका है। तीन दिन पूर्व बुधवार की दोपहर आशीष भाटी किसी काम से गांव गए हुए थे, जबकि उनकी पत्नी स्कूल में पढ़ाने गई थीं। इसी दौरान चोरों ने मकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और कमरों का सामान खंगाल डाला।चोर अलमारी का लॉकर तोड़कर उसमें रखी तीन सोने की चेन, तीन जोड़ी सोने के कुंडल, कंगन और करीब 20 हजार रुपये नकद समेत लगभग चार लाख रुपये के जेवरात लेकर फरार हो गए। जब कालोनीवासियों ने मकान का ताला टूटा देखा तो शिक्षिका को सूचना दी। स्कूल से लौटी शिक्षिका घर का नजारा देखकर दंग रह गईं। कमरों का सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी टूटी हुई थी। शिक्षिका ने घटना की जानकारी तत्काल अपने पति व कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। पुलिस कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।इस वारदात से कॉलोनीवासी दहशत में हैं।

उन्होंने दिन में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। गौरतलब है कि कॉलोनी में पहले भी चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, जिनका खुला. सा अब तक नहीं हो सका है। पुलिस अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को जल्द ही चोरी का खुला. सा करने का आश्वासन दिया है।

# हुसैनपुर कलां में लगा यूनानी मैडिकल कैंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** मिफ्तहुल खै़र ट्रस्ट के सौजन्य से ग्राम हुसैनपुर कलां में माहे रबीउल अव्वल की मुबारक घड़ियों में 41वां यूनानी मेडिकल कैम्प आयोजित किया गया। कैम्प में न केवल हुसैनपुर कलां बल्कि पास के गांवों से भी बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे और उन्होंने मुफ्त दवाइयों का लाभ उठाया। यहां ट्रस्ट के संस्थापक व प्रख्यात यूनानी हकीम हकीम मौलाना लुकमान केसर क़ासमी ने मरीजों की जांच कर उन्हें दवाइयां दी। उन्होंने कहा कि ये कैम्प बीते कई वर्षों से लगातार माहे रबीउल अव्वल के मौके पर लगता है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों तक मुफ्त दवाइयां व बेहतर इलाज पहुंचाना है ताकि ज़रुरतमंद व गरीब वर्ग को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से राहत मिल सके। हकीम मौलाना लुकमान केसर क़ासमी ने सीरते रसूल के हवाले से भी बयान किया। उन्होंने कहा पैग़म्बरे इस्लाम की सीरत इंसानियत के लिए रहमत व भलाई का पैग़ाम है। इस सीरत की रोशनी में इंसानियत की सेवा करना हम सबका फ़र्ज़ है। मिफ़्तहुल खै़र ट्रस्ट ने हमेशा से शिक्षा, स्वास्थ्य व समाजी भलाई के कामों को तरजीह दी है और आगे भी ये सिलसिला जारी रहेगा। जमीयत उलेमा हिंद के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष व जिला मीडिया प्रभारी मौहम्मद आसिफ कुरैशी ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इस तरह के मेडिकल कैम्प से न केवल गरीबों को सीधा लाभ मिलता है बल्कि समाज में इंसानियत व आपसी भाईचारे का भी संदेश पहुंचता है। कैंप में सैंकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी रही।

# प्रबंध निदेशक से भाजपाइयों ने की मिल क्षमता बढ़ाने की मांग



**मोरना।** दि गंगा किसान चीनी मिल्स मोरना में संघ प्रबंध निदेशक कुमार विनित ने आगामी गन्ना पेराई सत्र की तैयारियां का निरीक्षण कर कार्य में तेजी लाने के दिशा निर्देश दिए। वहीं भाजपा नेता अमित राठी के नेतृत्व मे प्रतिनिधि मंडल ने मिल की पैराई क्षमता बढ़ाने मांग की है।

मोरना चीनी मिल्स मे पहुंचे उत्तर प्रदेश चीनी मिल संघ प्रबंध निदेशक कुमार विनीत ने आगामी गन्ना पेराई सत्र की तैयारियों को लेकर मिल का वाहय तकनीकी निरीक्षण किया। प्रबंध निदेशक ने गेस्ट हाउस में जानकारी देते हुए बताया प्राइवेट चीनी मिलों के साथ-साथ गन्ना पेराई सत्र शुरू हो जाएगा। तैयारी लगभग पूरी है 15 दिनों के अंदर पहले ट्रायल होगा। 20 अक्टूबर तक मिल तैयार हो जाएगी। इसके बाद 24 घंटे में कभी भी मिल चला देंगे। गन्ने में साढ़े आठ तक रिकवरी आ जाए तो गन्ना पेराई सत्र आरंभ करने में कोई परेशानी नहीं होगी। विगत सत्र में एवरेज 9.64 की रिकवरी आई थी। हालांकि कई चीनी मिल पुरानी हो चुकी है। लेकिन गन्ना पेराई सत्र में कम से कम शटडाउन हो इसके लिए अच्छी तैयारी होना जरूरी है। गन्ना पेराई सत्र आरंभ होने पर आंकलन कर समय से ओवरलोड गन्ने का अन्य मिलों को आवंटन होगा। वहीं भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी ने मोरना चीनी मिल विस्तारीकरण को लेकर विस्तार से बात की तथा किसानो की फसल का समय से निस्तारण तथा अधिक सुविधाएं प्रदान करने को कहा

इस दौरान फेडरेशन चीफ केमिस्ट अरविंद यादव, प्रबंधक बीपी पांडे, चीफ इंजीनियर एस के झा, शशिकांत यादव ,मुकेश वर्मा, मुख्य लेखाकार सलिल खरे ,ऋषिपाल बालियान आदि मौजूद रहे।

# लोक कल्याण मेले में नागरिकों को दी योजनाओं की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2 की प्रथम वर्षगाठ के उपलक्ष्य मे नगर पंचायत भोकरहेडी सभागार में अंगीकार 2025 व पीएम स्वनिधि में लोक कल्याण मेले का आयोजन किया गया। जिसमे सरकार द्वारा जारी जन कल्याण योजनाओं की जानकारी दी गयी।

आयोजित मेले का शुभारम्भ नगर चेयरमैन सरला देवी द्वारा फीता काटकर किया गया। जहां लिपिक संजीव कुमार शील ने बताया की कार्यक्रम का उद्देश्य पात्र व्यक्तियो को चयनित कर सरकार द्वारा संचलित जनहित की योजनाओ का लाभ दिलाना है। शासन के आदेश पर अधिशासी अधिकारी मनीष वर्मा के निर्देशन में नागरिकों को सरकार द्वारा संचलित जनहित योजनाओ की जानकारी दी गयी। साथ ही हेल्प डेस्क स्थापित कर नागरिकों को जागरूक किया गया । मेला 17 सितम्बर से दो अक्टूबर तक चलेगा।मेले का उददेश्य अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियो का चयन कर पीएम आवास योजना के साथ-साथ अन्य योजनाओ से लाभान्वित करना है। उन्होने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, उज्जवल योजना व पीएम विश्वकर्मा योजना की लोगो को जानकारी दी। मेले में अभिषेक वत्स शुभम वर्मा, सन्दीप राणा, विकास कुमार व भूपेंद्र आदि ने सहयोग प्रदान किया।

## पिता पुत्र को रंजिशन मारपीट कर किया घायल

**बुढ़ाना।** दबंगों ने पुरानी रंजिश के चलते पिता पुत्र को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मुरसलीन पुत्र राशिद निवासी ग्राम रसूलपुर दभेडी ने बताया कि गांव के कामिल व शाहिद पुत्रगण मन्जूर, सद्दाम व इकराम पुत्र कामिल, खालिद, मुदस्सिर और तालिब पुत्रगण जफरू उसके परिवार से रंजिश रखते हैं तथा आये दिन उससे व उसके परिवार के साथ गाली गलोच व मारपीट पर आमादा रहते हैं। बीते 16 सितम्बर को उसके घर पर राज मिस्त्री छज्जे पर कार्य कर रहा था। मौके पर पिता और भाई भी मोजूद थे कि तभी कामिल आदि ने लाठी डंडों से उनके मकान में घुसकर गाली गलोच शुरु करते हुए उनके साथ अंधाधुंध मारपीट की। जिसमे उसके पिता और भाई घायल हो गया। शोर शराबा सुनकर मौके पर आए मोहल्ले के काफी लोगों ने उनको आरोपियों के चंगुल से बड़ी मुश्किल से छुड़ाया तो सभी आरोपी उनको हत्या की धमकी देकर भाग गये। उधर बुढ़ाना पुलिस ने जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है।

# नदियों के संरक्षण को चला जागरुकता अभियान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** शुक्रवार के दिन आर्य कन्या इंटर कॉलेज बुढ़ाना में विद्यालयों में नदियों के संरक्षण और स्वच्छता पर जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें क्विज प्रतियोगिता रखी गई। कक्षा 10 व 12 की छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

यह कार्यक्रम डॉक्टर राजीव के द्वारा कराया गया। इसमें छात्राओं ने प्रश्नों के उत्तर बहुत ही सुंदर ढंग से दिए कालेज की प्रधानाचार्य परमेश कुमारी ने नदियों के पानी के दूषित होने के क्या कारण हैं व इस पर किस प्रकार नियंत्रण कर सकते हैं इस विषय में छात्राओं को बताया। डॉक्टर राजीव के द्वारा प्रतियोगिता में सफल होने वाली छात्राओं को इनाम के रूप में एक एक स्टील की प्लेट और पेपर बैग भेंट किए और साथ ही कालेज में सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत सड़क सुरक्षा पर भी एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छात्राओं को यातायात के नियम से संबंधित सभी बातें पोस्टर के माध्यम से बताई गई। कार्यक्रम के अंत में कालेज की प्रधानाचार्या ने डॉक्टर राजीव को धन्यवाद ज्ञापित किया और समय समय पर इस तरह के कार्यक्रम कालेज में आयोजित करवाने का भी आग्रह किया। यहां पर छात्राओं ने इनाम पाकर खुशी जाहिर की।

## संक्षिप्त समाचार

### जीएसटी टीम ने प्लांट से जुर्माने के रुप में वसूले 96 लाख रुपये

**बुढ़ाना।** मुजफ्फरनगर जनपद से एसआईबी जॉइंट कमिश्नर सिद्धेश दीक्षित और असिस्टेंट कमिश्नर मनोज शुक्ला के संयुक्त नेतृत्व में बुढाना क्षेत्र में आज शुक्रवार के दिन वेस्ट रीसाइकलिंग प्लांट में जीएसटी टीम ने एक बड़ी छापेमारी करते हुए अनियमितता पाए जाने की दशा मे 96 लाख रुपए का जुर्माना वसूल किया। इस दौरान हड़कंप मचा रहा।

### विधायक ने मंदिर के विकास के लिए दान दिया

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के लुहसाना गांव के श्री सीता राम मंदिर में आज शुक्रवार के दिन विशेष अतिथियों के सम्मान के साथ साथ श्रीराम कथा का भी समापन हो गया है। इस मौके पर पहुंचे मुख्य अतिथि बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के रालोद विधायक राजपाल सिंह बालियान ने अपने संबोधन मे कहा कि धार्मिक आयोजन में भाग लेने से आत्मिक शांति और धर्म लाभ भी मिलता है। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए कहा कि वे अपने मंदिर के विकास हेतु धन के लिए मुख्यमंत्री से वार्ता करेंगे। उन्होंने यहां पर कहा कि इस मंदिर में आने से मेरी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। मंदिर हिंदुओं की आस्था का प्रतीक है। इसलिए सभी श्रदालुओं को धर्म लाभ उठाना चाहिए। इस मौके पर यहां विधायक राजपाल सिंह बालियान और नरेंद्र सैनी ने संयुक्त रूप से मंदिर के विकास के लिए दान दिया। इस कार्यक्रम में मुख्यत रूप से मेडिकल एसोसिएशन बुढाना के पदाधिकारी नरेंद्र सैनी उर्फ टीटन, प्रमुख समाजसेवी लाला निरंजन स्वरूप सिंघल, संत राकेश दास, महेंद्र सिंह, आदित्य संगल और दयाचंद आदि सैंकड़ों ग्रामीणों का भी विशेष योगदान देखने को मिला।

### बारिश में गिर गई नगर पंचायत जानसठ के नाले की दीवार



**जानसठ ।** नगर पंचायत जानसठ द्वारा कराए जा रहे नाला निर्माण की दीवार एक ही बारिश में गिर जाने से लाखों रुपए का नुकसान जहां नगर पंचायत जानसठ को हुआ। वही जानसठ कस्बे की जनता की गाढ़ी कमाई भी इस बारिश में बहती नजर आई। संबंधित ठेकेदार निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं। प्राप्त समाचार के अनुसार जानसठ के मौहल्ला हुसैनपुरा वार्ड नंबर 3, विकास खंड जानसठ के निकट से गुजरने वाले नाले पर कार्यालय नगर पंचायत जानसठ द्वारा नाले की दोनों ओर की दीवारों का निर्माण कार्य चल रहा है जिसमें गत कुछ माह पूर्व कई लाख रुपए की राशि लगाकर कार्यालय नगर पंचायत जानसठ द्वारा एक नाले की दीवार का निर्माण कराया गया था। लेकिन यह नाला निर्माण विभागीय उदासीनता और संबंधित ठेकेदार के भ्रष्टाचार की भेट चढ़ गया और दो दिन पूर्व हुई बारिश के चलते नाले की दीवार बुरी तरह गिर गई। वही यह गनीमत रही की कोई बड़ा हादसा होने से बच गया, क्योंकि इस मार्ग के निकट से छोटे-छोटे बच्चों और लोगों का आवागमन जारी रहता है। संबंधित विभागीय उच्च अधिकारियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की कुंभकर्णी नींद और जानसठ कस्बे वासियों के जागरूकता के अभाव में संबंधित ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों के भ्रष्टाचार के चलते जानसठ नगर ही नहीं पूरे देश और प्रदेश में इस तरह के हादसे रोजाना देखने को मिल रहे हैं। जानसठ कस्बे वासियों ने सरकार से संबंधित नगर पंचायत जानसठ के अधिकारी और ठेकेदार के खिलाफ नोटिस जारी कर सख्त कार्रवाई की जानी की मांग उठाई है'

**पांच महीने से चल रहे गुरूद्वारे वाले धरने को समाप्त कराएं एसडीएम**

**जानसठ** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारीयो ने एसडीएम जानसठ को साफ शब्दों में चेतावनी दी समाधान नहीं हुआ तो धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के दर्जनों से अधिक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एसडीएम कार्यालय पर पहुंचे तथा उन्होंने नवागंतुक एसडीएम राहुल देव भट से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि तहसील क्षेत्र के गांव देवल पर गुरुद्वारे पर लगभग 5 महीने से धरना प्रदर्शन चल रहा है उसके निस्तारण हेतु पूर्व में रहे एसडीएम से भी कहा गया, लेकिन उसका कोई समाधान नहीं हुआ उसका निस्तारण कराया जाए उसके अलावा खसरा खतौनी में हिस्सो को लेकर किसान अधिकारी के चक्कर काट रहे हैं तथा तहसील में कदम कदम पर भ्रष्टाचारियों का बोलबाला है उसे पर लगाम लगाई जाए, इसके अलावा बिजली आदि की भी समस्याओं पर ध्यान केंद्रित कर उन्हें ठीक कराया जाए। देखा जाए तो जिस दिन से एसडीएम जानसठ राहुल देव भट ने जानसठ तहसील कार्यालय का कार्य भार संभाला है उसी दिन से कोई ना कोई धरना प्रदर्शन कर रहा है एसडीएम राहुल देव भट ने कार्यकर्ताओं को सभी समस्याओं का निस्तारण शीघ्र ही कराएं जाने का आश्वासन दिया। इस दौरान मुख्य रूप से अनुज राठी ब्लॉक अध्यक्ष मोरना, योगेश बालियान ब्लॉक अध्यक्ष, सोनू चौधरी, सरदार अमीर सिंह ओम प्रकाश शर्मा बबलू चपराना बिट्टू ठाकुर तहसील उपाध्यक्ष मास्टर रिशपाल बॉबी राठी धर्मवीर राठी राजेंद्र बालियां सतवीर राजकुमार माजिद कैलाश चंद मदन गोपाल सैनी, आदि मौजूद रहे।

# मुबारिकपुर तिगांई में श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग से बांधा समां



**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** मुबारिकपुर तिगांई में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिवस का प्रसंग श्रद्धालुओं के लिए अविस्मरणीय रहा। कथा व्यास आचार्य श्री कुलदीप कृष्ण जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मिणी के दिव्य विवाह उत्सव का भावपूर्ण वर्णन कर श्रोताओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया।

आचार्य जी ने बताया कि विदर्भ देश की राजकुमारी रुक्मिणी जन्म से ही श्रीकृष्ण को अपने हृदय में पति स्वरूप मान चुकी थीं, लेकिन उनके भाई रुक्मी ने विवाह शिशुपाल से निश्चित कर दिया।

धर्मपरायण रुक्मिणी ने संकल्प लिया कि वह केवल श्रीकृष्ण को ही अपना जीवनसाथी बनाएंगी। अपने भावों को उन्होंने एक पत्र के माध्यम से द्वारका भेजा, जिसे पाकर श्रीकृष्ण तत्काल रथ सजवाकर बलराम जी संग विदर्भ पहुंचे। विवाह मंडप में असंख्य राजाओं की मौजूदगी के बीच श्रीकृष्ण ने रुक्मिणी का कर पकड़ लिया और उन्हें रथ पर बिठा ले चले। उपस्थित राजा युद्ध के लिए तैयार हुए, लेकिन सभी को परास्त होना पड़ा।

इसके बाद द्वारका नगरी में भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी का भव्य विवाह सम्पन्न हुआ। नगर दीपों से सुसज्जित हो उठा और देवताओं ने पुष्पवृष्टि कर इस दिव्य मिलन को स्वर्गीय बना दिया। कथा व्यास ने कहा कि यह विवाह केवल सांसारिक बंधन नहीं था, बल्कि इसका संदेश है कि जो भक्त अटूट विश्वास और प्रेम से प्रभु को पुकारता है, भगवान स्वयं उसे स्वीकार कर लेते हैं।कथा के अंत में श्रद्धालुओं ने भावविभोर होकर रुक्मिणी-कृष्ण भगवान की जयह के जयघोष लगाए। कथा श्रवण के लिए गांव व आसपास से भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इनमें प्रमुख रूप से झडिया, वाशु कुमार, रामनिवास, सुरेंद्र सिंह, राजपाल सिंह, विपिन कुमार, अंकुर पवार, ममता देवी, सुरेश देवी, गुढी देवी, मिथलेश देवी आदि शामिल रहे।

# खादर में ग्रामीणों ने उठाई पुल की समस्या



**पुरकाजी।** उत्तराखंड के देहरादून में उत्तराखंड के देहरादून में बादल फटने की घटना के बाद पुरकाजी का खादर क्षेत्र जलमग्न हो गया है। खादर के ग्रामीणों ने बताया कि 2013 के बाद इतना अधिक पानी देखने को मिला है। गुरुवार की देर रात्रि पुरकाजी के खादर क्षेत्र में उत्तराखंड का पानी आज आने के कारण खादर क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांव जानमग्न हो गए हैं सरदार गुरमेल सिंह बाजवा ने बताया कि खादर क्षेत्र जलमग्न होने का सबसे बड़ा कारण बढीवाला सोनाली नदी का लोहे का पुल है उन्होंने बताया कि इस पल को उखाड़ने की मांग काफी बार की जा चुकी है लेकिन यह पल नहीं उखाड़ गया न हीं इसकी ऊंचाई बढ़ाई गई है। जिस कारण लोगों को बाढ़ का सामना करना पड रहा है। उत्तराखंड से आया अतिरिक्त पानी जिसमें सिल्ट में जलकुंभी लकड़ी आ जाती है और विपुल में फंस जाती है जिस कारण अपनी एक और रुक जाता है। और खादर के एक और बाढ़ जैसे हालात बन जाते हैं। खादर में वर्षों बाद इतना अधिक पानी देखने को मिला है जिससे खादर के दो दर्जन से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं लोगों को अपने पशुओं के लिए चेहरे की दिक्कत पैदा हो गई। वहीं फैसले भी तब आ गई है। फसले पानी से लबला भरी हुई है।

# रागनी मंच पर छिड़ी सियासत, भड़के रालोद नेता

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**खतौली।** मेला छड़ियांन में गुरुवार की रात आयोजित रागनी कार्यक्रम उस समय सियासी रंग में रंग गया जब सरधना विधायक अतुल प्रधान ने मंच से बोलते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार पर तीखे हमले कर दिए। सरकार विरोधी बयानों से माहौल गरमा गया और रालोद नेता अजीत राठी ने कार्यक्रम को बीच में ही छोड़ने का ऐलान कर दिया।

**प्राइवेट अस्पतालों की लूट से की शुरुआत**

अतुल प्रधान ने जैसे ही माइक संभाला, उन्होंने सबसे पहले प्राइवेट अस्पतालों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि गरीबों से इलाज के नाम पर जमकर लूट की जा रही है। न इंसानियत जिंदा है और न इंसान चौन से जी पा रहा है। किसान और मजदूर दवाइयां खरीदने में लाचार हैं लेकिन सरकार चुप है।

**गन्ने के दाम और महंगाई पर सरकार को घेरा**

अतुल प्रधान ने गन्ना किसानों की समस्या उठाते हुए कहा कि विधानसभा में उन्होंने मंत्री से सवाल किया कि गन्ने का दाम क्यों नहीं बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि किसान और आम आदमी की जरूरत की हर चीज महंगी हो चुकी हैकृघर बनाने का सरिया, शादी-ब्याह में लगने वाला सोना, यहां तक कि पढ़ाई-लिखाई और दवाई तक महंगी हो गई है। अतुल बोलेकृआज बेटी का विवाह करना कठिन हो गया है, सोना एक लाख सोलह हजार प्रति तोला हो गया है, ऊपर से बेरोजगारी ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है, मगर सत्ता मौन है।

**अग्निवीर योजना पर साधा निशाना**

युवा बेरोजगारी का मुद्दा उठाते हुए अतुल प्रधान ने अग्निवीर योजना को भी कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहाकृच्चार साल बाद जब ये युवा लौटेंगे तो उनका भविष्य अंधेरे में होगा। यहां तक कि रिश्ता करते समय भी परिवार पूछेगा कि लड़का क्या करता है, और 'अग्निवीर' का नाम आते ही रिश्ता टूट जाएगा।



**खतौली विधायक की अनुपस्थिति पर टिप्पणी**

अपने संबोधन के बीच अतुल प्रधान ने मंच से खतौली विधायक मदन भैया की अनुपस्थिति पर भी कटाक्ष किया। कहा कि जनता जिनसे उम्मीद लगाकर बैठी है, वे इस धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी शामिल नहीं हुए।

**रालोद नेता अजीत राठी का विरोध**

विधायक के बयानों से नाराज़ रालोद के प्रदेश महासचिव अजीत राठी मंच से खड़े हो गए। उन्होंने आयोजकों के सामने आपत्ति जताते हुए कहाष्यह मंच सांस्कृतिक कार्यक्रम का है, इसे राजनीति का अखाड़ा नहीं बनाया जाना चाहिए।ष इसके बाद उन्होंने अपने समर्थकों के साथ कार्यक्रम का बहिष्कार किया और बीच से उठकर चले गए।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम में सियासत की खटास**

रागनी मंच पर नेताओं की जुबानी जंग से दर्शकों में खामोशी छा गई। लोग जहां रागनी सुनने आए थे, वहां राजनीतिक तकरार देखने को मजबूर हो गए। इससे धार्मिक मेले की गरिमा भी प्रभावित हुई।

# प्रदेश के विकास को समस्त विद्यालयों का निपुण होना जरूरी: तिवारी



**मुजफ्फरनगर।** राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशों के क्रम में नवीन शैक्षिक सत्र की रण नीतियों पर विचार - विमर्श हेतु निपुण भारत मिशन विज़न एवं रणनीति कार्यशाला एक दिवसीय दिनांक 19 सितंबर, 2025 को होटल वेलविस्टा दिल्ली- हरिद्वार नेशनल हाईवे- 58, निकट कूकड़ा चौराहा, मुजफ्फरनगर में मुख्य विकास अधिकारी मुजफ्फरनगर के निर्देशन में आयोजित हुई, जिसमें जनपद मुजफ्फरनगर एवं शामली के समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों, एसआरजी , एआरपी व डायट मैंटर्स द्वारा प्रतिभाग किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ श्री श्याम किशोर तिवारी नोडल अधिकारी/ वरिष्ठ विशेषज्ञ द्धनिर्माणत्र्, सलाहक. ार शिवेश जुनैद एवं सौम्या, राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुजफ्फरनगर व शामली द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित किया गया! सर्वप्रथम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद मुजफ्फरनगर में दो फेस में माह अक्टूबर एवं फरवरी में जो निपुण विद्यालय चिन्हित किए गए उनकी संख्या 350 है जिनमें से फर्स्ट फेस में 193 और सेकंड फेस में 157 बच्चे जनपद में निपुण हुए हैं। इसके अलावा निपुण बनाने के लिए जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप हमारे द्वारा एक निपुण दिवस का आयोजन भी किया जा रहा है जिसमें हम अपने स्तर से कम से कम प्रत्येक कक्षा में 10-10 बच्चों का निपुण असेसमेंट करेंगे, और इसका डाटा गूगल पर भी सुरक्षित रखा जाएगा कि कितने बच्चे किस विद्यालय से किस कक्षा में निपुण हैं, ताकि आने वाली निपुण परीक्षा में निपुण बच्चों की स्थिति और बेहतर हो सके।कार्यशाला में परिषदीयविद्यालयों को निपुण बनाए जाने के लिए रणनीतियों पर चर्चा के दौरान राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ के एस.के. तिवारी नोडल अधिकारी/वरिष्ठ विशेषज्ञ द्धनिर्माणत्र्, द्वारा बताया गया कि कार्यशाला का एक ही उद्देश्य है कि हमारे बच्चे निपुण हो जाएं। स्टेट निपुण होने के लिए हमारे स्कूलों का निपुण होना जरूरी है, स्कूलों के बाद ब्लॉक, ब्लॉक के बाद जिला और जनपद के बाद प्रदेश। इस प्रकार पहली और आखिरी कड़ी स्कूल है, इस कड़ी को अंजाम तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम एआरपी हैं जो विद्यालय में जाकर कमियों को दूर करते हैं। शिक्षक संकुल बैठकों के माध्यम से प्रतिभाग करते हैं। इस प्रकार एआरपी द्वारा संचरण का कार्य किया जाता है। कार्यशाला के माध्यम से आपसे जो सुझाव मांगे जाएंगे हम उन सुझावों को आगामी कार्यशालाओं में सम्मिलित करते हुए और बेहतर करने का प्रयास करेंगे। इस कार्य में आपका सहयोग/जुड़ाव आवश्यक है।

# भूकम्प से बचने को करवाया गया मॉक ड्रिल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कस्बे के डीएवी इंटर कॉलेज में प्रदेश सरकार एवं राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशा निर्देशों के तहत तहसील स्तर पर शुक्रवार के दिन मॉक एक्सरसाइज फिजिकल कन्डक्ट 2025 का सफल आयोजन किया गया।

यह मॉक ड्रिल भूकंप, रासायनिक एवं आग के जोखिम पर आधारित रही। मॉक ड्रिल का नेतृत्व एसडीएम बुढ़ाना अपर्णा यादव द्वारा किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों के बीच आपसी समन्वय स्थापित कर आपदा प्रबंधन से संबंधित कार्यवाही का अभ्यास कराया गया। यहां पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना की और से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना के प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर प्रणव तेवतिया के नेतृत्व में संपूर्ण टीम ने सक्रिय भागीदारी निभाई। स्वास्थ्य विभाग की टीम में मुख्य रुप से डॉक्टर अरविंद कंबोज, डॉक्टर विकास कुमार, कार्यक्रम प्रबंधक शशांक त्यागी, विकास मलिक फार्मासिस्ट, वंदना स्टाफ नर्स, रघु, श्रीपाल वार्ड बॉय तथा आपदा की स्थिति में त्वरित चिकित्सा एवं बचाव सेवाएं सुनिश्चित करने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया। इस मॉक ड्रिल के माध्यम से विभिन्न आपदा स्थितियों में प्रभावी प्रतिक्रिया, राहत कार्यो एवं विभागीय तालमेल की महत्ता को रेखांकित किया गया।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# युवक की हत्या का खुलासा, एक गिरफ्तार

## अवैध संबंधों के चलते हुए गढ़ी अब्दुल्लाखां में हुई थी युवक की हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना गढ़ीपुख्ता पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए बालाजी मन्दिर चौसाना रोड की बगल से खेतों की तरफ जाने वाला रास्ता वहद ग्राम गढ़ीअब्दुल्ला खां में हुई युवक की हत्या की घटना का 24 घंटे के अन्दर अनावरण करते हुए घटना में लिप्त एक अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल छुरा आदि बरामद हुआ है।



बालाजी मन्दिर चौसाना रोड की बगल से खेतों की तरफ जाने वाला रास्ता वहद ग्राम गढ़ीअब्दुल्ला खां में कालू पुत्र हसीन निवासी गढ़ी अब्दुल्लाखां के उड़द के खेत में मृतक कयूम पुत्र नसीम निवासी ग्राम हथछोया थाना झिंझाना जिला शामली उम्र करीब 21 वर्ष जाति मुस्लिम अंसारी शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई। मृतक के पिता नसीम उर्फ नासा पुत्र मकसूद निवासी हथछौया थाना झिंझाना जिला शामली की तहरीर के आधार पर अभि. जुलफान पुत्र हाशिम निवासी हथछौया थाना झिंझाना जनपद शामली भतीजा जाति मुस्लिम अंसारी उम्र करीब 24 वर्ष के विरुद्ध थाना गढ़ीपुख्ता पर मुकदमा पंजीकृत किया गया।

क्षेत्राधिकारी थानाभवन के निकट पर्यवेक्षण में थाना गढ़ीपुख्ता व सर्विलांस टीम की त्वरित कार्यवाही में थाना क्षेत्रान्तर्गत बालाजी मन्दिर चौसाना रोड की बगल से खेतों की तरफ जाने वाला रास्ता वहद ग्राम गढ़ीअब्दुल्ला खां में कालू पुत्र हसीन निवासी गढ़ीअब्दुल्लाखां के उड़द के खेत में हुई युवक की हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में लिप्त एक अभियुक्त जुलफान उपरोक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। अभियुक्त ने बताया कि कयूम पुत्र नसीम निवासी ग्राम हथछोया थाना झिंझाना जिला शामली मेरा चचेरा भाई था जो मेरी पत्नि से गलत/अवैध सम्बन्ध रखता था मेरे द्वारा पहले कई बार उसको समझाया था लेकिन वह नही माना और मैने मौहम्मद मियां लौहार से 90 रुपए मे चाकू खरीदकर कयूम उपरोक्त को मोटर साइकिल पर जंगल मे ले जाकर उसकी गर्दन व शरीर पर चाकू से वार हत्या कर दी।

## अलग-अलग स्थानों पर युवकों के साथ हुई मारपीट

**कांधला।** छोटी नहर पुल के समीप बाइक सवार दो युवकों के साथ अन्य कई युवकों ने मारपीट कर दी। दूसरी और गढ़ी दौलत निवासी युवक ने आधा दर्जन युवकों पर बाईपास मार्ग पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। मुजफ्फरनगर जनपद के गांव बिराल निवासी सावन ने बताया कि वह अपनी बुआ के घर पर मोहल्ला शेखजादगान में आया हुआ था और अपनी बुआ के पुत्र सूरज के साथ बाइक पर सवार होकर अस्पताल में अपने रिश्तेदार का पता लेने के लिए जा रहा था जब वह छोटी नहर पुल के समीप पहुंचा तो बाइक सवार कई अन्य ने रोक लिया और मारपीट कर दी। दूसरी और गांव गढ़ी दौलत निवासी राशिद पुत्र यूसुफ ने बताया कि कस्बे के बाईपास मार्ग स्थित चार खाबो के समीप कस्बे के आधा दर्जन युवकों ने डंडों से मारपीट की है।

# दहेज निषेध अधिनियम के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शुक्रवार को ट्रांजिट हॉस्टल बनत में दहेज निषेध अधिनियम 1961 के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को दहेज न लेने और न देने की शपथ दिलाई गई। वक्ताओं ने कहा कि दहेज एक सामा. जिक अभिशाप है और दहेज लेना-देना दोनों ही कानूनी अपराध हैं।

इसी क्रम में देवी उमराकौर वैदिक इंटर कॉलेज बनत में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ। देवेंद्र पाल सिंह राणा ने की। संकल्प हब फॉर एम्पावरमेंट वूमेन शामली से जेंडर स्पेशलिस्ट कुलदीप



शर्मा और सागर वर्मा ने बालिकाओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, बाल सेवा योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम का समापन दहेज निषेध शपथ और रैली निकालकर किया गया।कार्यक्रम में जिला प्रोब. ेशन अधिकारी मौ मुश्फैकीन, वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रबंधक गजाला त्यागी, महिला कल्याण विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग तथा श्रम विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# रामलीला मंचन में गूंजा श्रवण कुमार का संवाद, दशरथ का पश्चाताप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** कस्बे में चल रही रामलीला में गुरुवार रात्रि का मंचन दर्शकों को भावुक कर गया। मंच पर श्रवण कुमार की सेवा भावना, उनके माता-पिता का करुण संवाद और महाराजा दशरथ का पश्चाताप जीवंत हो उठा। कलाकारों ने ऐसा अभिनय किया कि दर्शक देर तक तालियां बजाते रहे।

चौसाना के जय भारत पब्लिक स्कूल के मैदान में चल रही रामलीला की शुरुआत श्रवण कुमार के अपने नेत्रहीन माता-पिता को कांवर पर बैठाकर तीर्थयात्रा कराने के प्रसंग से हुई। कलाकार ने श्रवण की सेवा भावना को इतने मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया कि दर्शक भावुक हो उठे। माता-पिता के संवादों में पुत्र के प्रति गर्व और आत्मीयता की झलक साफ दिखाई दी। मंच पर यह .श्य वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय कर गया। इसके बाद का दृश्य रामायण के सबसे करुण अध्यायों में से एक रहा। जब महाराजा दशरथ ने वन में जल भरते समय अनजाने में श्रवण कुमार पर बाण चला दिया। श्रवण कुमार का संवादकृष्राजन! मेरे माता-पिता प्यासे बैठे हैं, उन्हें पानी पिला



दीजिएष्कृदर्शकों की आंखें नम कर गया। इस संवाद ने पूरी सभा को मौन कर दिया। मंचन में आगे श्रवण कुमार के माता-पिता का वियोग और श्राप का .श्य प्रस्तुत हुआ। नेत्रहीन माता-पिता ने पुत्र की मृत्यु पर हृदयविदारक शब्द कहे और राजा दशरथ को श्राप देते हुए कहा कि उन्हें भी पुत्र वियोग में तड़पकर प्राण त्यागने होंगे। इस संवाद के साथ पूरा पंडाल गहरी खामोशी में डूब गया। रामलीला मंचन में राजा दशरथ की वेदना और पश्चाताप को कलाकार ने अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। मंच पर जब वे पुत्र वियोग के शाप को स्वीकार करते हुए धरती पर गिर पड़े तो दर्शक देर तक स्तब्ध रह गए। गुरुवार की रात हुए इस मंचन ने जहां रामायण की करुणा और आदर्श को जीवंत किया, वहीं बच्चों और युवाओं को सेवा, भक्ति और माता-पिता के प्रति कर्तव्य निभाने की प्रेरणा भी दी। रामलीला समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को सीता स्वयंवर का मंचन होगा, जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है।

## राम जन्म की सुंदर लीला देख भाव विभोर हुए दर्शक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम पर आयोजित 56वे रामलीला महोत्सव के चौथे दिन भव्य रामलीला का आयोजन हुआ जिसमें राम जन्म लीला का सुन्दर मंचन किया गया। इस लीला के मंचन पर मुख्य अतिथि के रूप मे सदर विधायक प्रसन्न चौधरी रहे। इसके बाद रामलीला का मंचन शुरू हुआ। जिसमें राम जन्म की अद्भुत झांकी दिखाई गई। राम जन्म के बाद भगवान राम को उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा बारी बारी तिलक अर्पित कर आरती की गई। सदर विधायक प्रसन्न चौधरी ने कहां की हिंदू धर्म सबसे प्राचीन तथा महान है तथा रामलीला में दिखाया जा रहा भगवान राम का चरित्र हम सब को अपने जीवन में उतारने की जरूरत है। इसके बाद मंदिर समिति के अध्यक्ष सलिल द्विवेदी तथा सचिव राजकुमार मित्तल ने भगवान राम को तिलक अर्पित कर आरती की तथा रामलीला





कमेटी के उपस्थित सभी सदस्यों के द्वारा भगवान राम को तिलक अर्पित किया गया। लीला मे भगवान राम के रूप में रामलीला मंच के प्रतिभाशाली कलाकार आकाश धीमान, लक्ष्मण के रूप मे उज्जवल नामदेव, भरत के रूप मे आर्य वंश भारद्वाज, शत्रुघ्न के रूप मे अजय राणा, दशरथ के रूप मे पंडित रवि पाठक तथा कौशल्या के रूप मे आशीष निर्वाल रहे। इस अवसर पर मंदिर समिति के उपेन्द्र द्विवेदी, पं दिनेश पाठक, रमेश धीमान, उत्तम नामदेव, आदेश शर्मा, राकेश आचार्य, सन्दीप नामदेव, लो. केश वाचस्पति, रजनीश नामदेव, लाल सिंह लचक, वंश नामदेव, निशांत पाठक, सुनील अरोड़ा टम्मी, आदि उपस्थित रहे।

# एसपी ने किया साप्ताहिक परेड का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने शुक्रवार को नवीन पुलिस लाइन शामली में आयोजित साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परेड की सलामी ली और अधिकारियों-कर्मचारियों के टर्नआउट व ड्रिल का मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस लाइन की परिवहन शाखा एवं यूपी-112 शाखा के वाहनों की स्थिति की भी जानकारी ली गई। परेड में आरटीसी प्रशिक्षणार्थी भी शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक ने आरटीसी की मैस, बैरक और अन्य मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण कर प्रशिक्षणार्थियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए।इसके उपरांत उन्होंने अर्दली रूम में रजिस्टरों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर सीओ सिटी अमरदीप मौर्य, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक सु प्रभा पटेल, प्रतिसार निरीक्षक विक्रम सिंह मौजूद रहे।

## राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप का आगमन आज

**शामली।** नरेन्द्र कश्यप, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उ.प्र., द्वारा जनपद शामली में अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान 20.9.2025 (शनिवार) को 11:00 बजे आगमन NiC ऑफिस कलेक्ट्रेट, जनपद-शामली में मुख्यमंत्री द्वारा मिशन शक्ति कार्यक्रम में NIC के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

# स्कॉटिश इंटरनेशनल में हुई कार्यशाला आयोजित



**शामली।** स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को प्रमुख जन-लोक कल्याणकारी योजनाओं पर कार्यशाला बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में आयोजित की गई। यह कार्यक्रम मेरा युवा भारत, एवं युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित हुआ। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा, संस्था अध्यक्ष राजकुमार गर्ग, निद. ेशक राजीव गर्ग एवं रितेश गर्ग ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या आशु त्यागी ने की। कार्यक्रम संयोजक वैभव गोयल ने रूपरेखा प्रस्तुत की। इसके बाद एसीआई जिला उद्योग केंद्र से मनोज कुमार ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, कौशल भारत मिशन, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, स्टैंड-अप इंडिया, उज्ज्वला योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना और स्टार्टअप इंडिया जैसी 12 प्रमुख योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। मुख्य अतिथि सुरेश राणा ने युवाओं से आ]वान किया कि वे इन योजनाओं की जानक. ारी स्वयं तक सीमित न रखें, बल्कि घर-परिवार और समाज तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि देश का युवा आगे बढ़ेगा तभी देश प्रगति करेगा। अन्य अतिथियों ने भी योजनाओं की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को इनसे अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में पार्थ अग्रवाल और राधिका मालिक ने दीप योग प्रस्तुत किया, जबकि छात्रा अविका ने अर्धनारीश्वर पर आधारित प्रस्तुति दी। कार्यशाला के दौरान मेरा युवा भारत की ओर से मुख्य अतिथि सुरेश राणा, रविन्द्र कुमार, सुदेश भारती और रवि संगल को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय की खेल प्रतियोगिताओं व अन्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लगभग 50 खिलाड़ियों को युवा कार्यक्रम विभाग द्वारा प्रमाण पत्र और टी-शर्ट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राजीव तोमर ने किया। जिला युवा अधिकारी प्रतिभा शर्मा, युवा कार्यक्रम मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति सदस्य वैभव गोयल, जिला उद्योग केंद्र से रविन्द्र कुमार, व्यापार मंडल के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि संगल तथा परिवीक्षा विभाग से सुदेश भारती उपस्थित रहे।

# जाफरपुर में ग्रीन चोपाल का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** ग्राम पंचायत जाफरपुर के पंचायत घर में ग्राम प्रधान पवन सिंह सैनी की अध्यक्षता में ग्रीन चोपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रीन चोपाल का मुख्य उद्देश्य ग्रामवा. सियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है।

यदि हमारा पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी हमारा जीवन भी सुरक्षित रहेगा। उन्होंने सभी को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई।पंचायत सचिव महेंद्र सिंह ने कहा कि आज पूरे विश्व में जैव विविधता पर चर्चा हो रही है, ऐसे में भारत इससे अछूता नहीं रह सकता।

उन्होंने बताया कि जैव विविधता के तीन प्रमुख घटक हैंकृपादप, जीव-जंतु और



परिस्थितिकीय तंत्र। पादपों की सुरक्षा के लिए वृक्षारोपण अनिवार्य है, प्रत्एक व्यक्ति को कम से कम पांच वृक्ष अवश्य लगाने चाहिए, क्योंकि पेड़ ऑक्सीजन का निर्माण करते हैं जो जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जीव-जंतुओं का संरक्षण भी जरूरी है, क्योंकि यह पर्यावरण का संत. ुलन बनाए रखते हैं। साथ ही परिस्थितिकीय तंत्र जैसे तालाब, नदियां, नहरें, सड़कें और नाले आदि को स्वच्छ रखना भी हमारी जिम्मेदारी है। गंदगी फैलाने से स्वयं को भी रोकना चाहिए और दूसरों को भी रोकना चाहिए।

इस अवसर पर पंकज, नीलम सैनी, रूपा देवी, प्रतिज्ञा सैनी, इंदु सैनी, अनिल कुमार (प्रधानाध्यापक), विजेंद्र कुमार सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

# नगर पंचायत ने अवैध अतिक्रमण हटवाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन नगर में अतिक्रमण एक बहुत बड़ी समस्या बन चुकी है। मुख्य मार्ग पर तो यह भयंकर रूप ले चुकी है बस अड्डे के आसपास दुकान लिए बैठे दुकानदार भी इससे परेशान है उनकी दुकानों के आगे जबरन ठेला व गाड़ियां को लगाकर अतिक्रमण किया गया है बाजार के भीतर चौड़ी सड़कों को संकरी गलियों में बदल दिया गया है कई स्थानों पर दुकान के बाहर दो से सात आठ फीट तक फड व पेड़ी निकाल दी गई है जिससे लोगों को रास्ते से गुजरना एक परेशानी का सबक बना हुआ है। इन लोगों के रासु काट के चलते नगर पंचायत भी इनके खिलाफ कुछ बोलने को तैयार नहीं है। शुक्रवार को नगर पंचायत थाना भवन द्वारा चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा के निर्देशन मे नगर पंचायत कर्मचारियों की टीम ने हाईवे मार्ग से अतिक्रमण को हटवाया। हाइवे के दोनों ओर किनारे पर खड़े फल सब्जी के ठलो आदि को हटवाया गया। वही सड़क किनारे खड़े कुछ वाहनों कार, ट्रॉली, ट्रैक्टर का चलान किया गया वही एक बाइक, होर्डिंग्स आदि सामान को जप्त कर लिया। इस दौरान चेतावनी दी गई अगर दोबारा अतिक्रमण किया गया तो चालान की कार्यवाही की जाएगी। अभियान के दौरान सड़क के दोनों और व्यापारियों में हड़कंप मचा रहा।

# दो दिवसीय रोजगार मेले का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** खंड विकास कार्यालय परिसर में शुक्रवार से शुरू हुए दो दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन हुआ। इस मेले में दर्जनों बेरोजगार युवाओं ने भाग लिया और रोजगार के अवसर तलाशे।मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी के निर्देशन में आयोजित इस मेले का संचालन जिला सेवायोजन अधिकारी अजय कुमार की देखरेख में हुआ। रोजगार मेले में एसआईएस ढ्ढैंष्ट्र कंपनी दिल्ली की ओर से भर्ती प्रक्रिया संपन्न कराई गई।

कंपनी के कमांडेंट एन। पी। मलिक द्वारा आवेदकों का चयन किया गया। इस दौरान कुल 10 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया, जिनमें से आठ का चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को दिल्ली के नजफगढ़ ट्रेनिग के लिए भेजा



जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों ने रोजगार मिलने पर खुशी जाहिर की और शासन-प्रशासन का आभार व्यक्त किया। जिला परियोजना अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार व रोजगार से जोड़ने के लिए इस तरह के रोजगार मेलों का आयोजन लगातार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में अन्य ब्लॉकों पर भी इसी प्रकार रोजगार मेले लगाए जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक युवाओं को अवसर मिल सके।

**बेदखली सूचना**

मैं अपने पुत्र अब्दुल रहमान सैफी व पुत्रवधु सीबा पत्नी अब्दुल रहमान सैफी को उनके कृत्यों से तंग व परेशान आकर उनको अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं तथा अपने संबंध समाप्त करता हूं। भविष्य में अपने समस्त कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**अब्दुल सत्तार पुत्र बशीर**
**निवासी- मौ मिर्दगान थाना**
**कांधला जिला शामली**

## एक नजर

### पोस्ट मास्टर पर अभद्र व्यवहार और धमकी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** डाकघर के पोस्ट मास्टर पर अभद्र व्यवहार और धमकी देने का गंभीर आरोप लगा है। मोहल्ला हाफिज दोस्त निवासी महावीर सिंह पुत्र शिवचरण ने थाना भवन थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित महावीर सिंह का कहना है कि उन्होंने अपने आरडी खाते बंद करा दिए थे और उन्हें इन खातों के स्टेटमेंट इनकम टैक्स विभाग में जमा करने के लिए आवश्यक थे। इस संबंध में वे दो-तीन बार मौखिक रूप से पोस्ट ऑफिस जाकर स्टेटमेंट की मांग कर चुके थे, लेकिन उन्हें उपलब्ध नहीं कराए गए।शिकायतकर्ता के अनुसार, जब वे लिखित प्रार्थना पत्र लेकर डाकघर पहुंचे तो पोस्ट मास्टर ने उनका आवेदन लेने से साफ मना कर दिया और उनके साथ बदतमीजी करते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया। इतना ही नहीं, पोस्ट मास्टर ने उन्हें झूठे मामले में फंसाने की धमकी भी दी।महावीर सिंह ने अपनी तहरीर में चार आरडी खाता संख्याएं भी दर्ज कराई हैं और थाना भवन पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है।

### दो अभियुक्त तमंचे सहित गिरफ्तार



**शामली।** थाना बाबरी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम रायपुर में जानलेवा हमलाध्फायरिंग करने के मामले में वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध दो तमंचा 315 बोर मय दो खोखा कारतूस बरामद। बिजेन्द्र पुत्र हरिकिशन निवासी ग्राम रायपुर थाना बाबरी जनपद शामली को साथ उसी के गावं के ही सुहेल पुत्र सुलेमान व उसके तीन अन्य साथियों द्वारा गाली गलौज करते हुए जानलेवा हमला कर जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने के सम्बन्ध में वादी उपरोक्त द्वारा थाना बाबरी पर तहरीर दी गई थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना बाबरी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था । उपरोक्त घटना को .ष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक शामली ने अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी बाबरी को निर्देशित किया गया था। थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम रायपुर में जानलेवा हमला करने, गाली गलौज व जान से मारने की नीयत से फायरिंग के मामले में प्रकाश में आए 1. फरीद उर्फ नबील पुत्र सुलेमान निवासी ग्राम रायपुर थाना बाबरी शामली, 2. शहजाद पुत्र असगर निवासी ग्राम रायपुर थाना बाबरी शामली को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । अभियुक्तगण के कब्जे घटना में प्रयुक्त अवैध 2 तमंचा 315 बोर मय 2 जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है । गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बाबरी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त फरीद उर्फ नबील पुत्र सुलेमान निवासी ग्राम रायपुर थाना बाबरी शामली, शहजाद पुत्र असगर निवासी ग्राम रायपुर थाना बाबरी शामली है।

### स्वच्छता जागरूकता और नारा लेखन प्रतियोगिता आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को स्वच्छ उत्सव,थीम पर श्स्वच्छता ही सेवा,अभियान के अंतर्गत नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने अपने-अपने नारों, स्वच्छता ही सेवा है, गंदगी जानलेवा है,भारत विश्व गुरु बनेगा जब स्वच्छता की ओर बढ़ेगा,हगांधी जी का यही है नारा, स्वच्छ हो अपना देश हमारा के माध्यम से स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया।प्रतियोगिता का परिणाम निर्णायक मंडल डॉ। पंकज चौधरी एवं डॉ। ब्रिजेश कुमार राठी ने घोषित किया। प्रथम स्थान प्रिंसी बीएससी द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान मुस्कान व जुवैरिया, बीए तृतीय वर्ष, तथा तृतीय स्थान सुमन बीए तृतीय वर्ष व जारा बीए द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया।कार्यक्रम का सफल आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ। श्याम बाबू के नेतृत्व संपन्न किया गया इस दौरान छात्राएं व विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

### दो स्थानों पर हुआ झगड़ा, पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज, आरोपियों की तलाश शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी सुमित पुत्र कालूराम ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़ित का भाई संदीप अपने खेत पर गया हुआ था। आरोप है इसी बीच रंजिश के चलते गांव के ही इमरान पुत्र मोमीन, शावस पुत्र अय्युब व शादाब पुत्र इस्लाम ने पीड़ित के भाई के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। पीड़ित के भाई ने विरोध किया तो आरोप है कि तीनों लोगों ने एक राय होकर पीड़ित के भाई पर लाठी डंडों और बेल्टों से हमला कर दिया, शोर शराबा होने पर तीनों लोग पीड़ित के भाई को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने अपने भाई का डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के गांव भनेड़ा निवासी विपिन पुत्र स्वर्गीय धर्मपाल ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि पीड़ित अपने ट्रैक्टर पर सवार होकर पेट्रोल पंप से पेट्रोल लेने जा रहा था। जैसे ही पीड़ित गांव के ही भटकू चौपला पर पहुंचा तो गांव के ही सन्नी, महिपाल, आजाद व समरपाल ने पीड़ित का ट्रैक्टर रुकवा लिया और पीड़ित को नीचे उतारकर पीड़ित के साथ लाठी डंडों और सरियों से मारपीट की। मारपीट में पीड़ित को काफी चोटे आई है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि दो अलग-अलग मामलों में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामलों की जांच पड़ताल कार्रवाई की जाएगी।

# 74 लाख की स्मैक के साथ दो तस्कर दबोचे, जेल रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली पुलिस ने श्ऑपरेशन सवेराश के तहत दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। तस्करों के कब्जे से 370 ग्राम अवैध स्मैक व तस्करी में प्रयुक्त मोबाइल मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पकड़े गए आरोपियों का पुलिस ने चालान कर दिया है।

पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर के कुशल नेतृत्व में पुलिस की ओर से परिक्षेत्र के अंतर्गत मादक पदार्थों, नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी एवं बिक्री पर प्रभावी रोकथाम हेतु विशेष अभियान ऑपरेशन सवेरारूनशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओरह चलाया जा रहा है, जिसके मद्देनजर कैराना कोतवाली पुलिस ने गुरुवार की देर रात्रि चेकिंग के दौरान दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में अपने नाम व पता शाकिब पुत्र यूसुफ व इसरान पुत्र इकबाल निवासीगण गांव भूरा थाना कैराना बताया है। तस्करों के कब्जे से 370 ग्राम अवैध स्मैक तस्करी में प्रयुक्त मोबाइल व मोटरसाइकिल बरामद हुई है।

पकड़ी गई अवैध स्मेक की (अंतर्राष्ट्रीय अनुमानित कीमत 74 लाख) आंकी गई है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की सम्बंधित धारा के तहत मुकदमा दर्ज करके उनका चालान कर दिया है।



# कांधला के छात्र ने तीरंदाजी में जीता स्वर्ण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** मां शकुंभरी विश्व. विद्यालय के तत्वावधान में आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिता में कांधला कॉलेज के बी।ए। तृतीय वर्ष के छात्र रोहन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शामली, सहारनपुर और मुजफ्फरनगर जनपदों के दर्जनों प्रतिभागियों को पछाड़कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। रोहन की इस सफलता पर कॉलेज चेयरमैन ने उसे बधाई दी और कहा की प्रतिभाशाली है और भविष्य में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन करेगा। कॉलेज निदेशक आशीष तोमर ने रोहन की सराहना करते हुए कहा कि उसकी मेहनत और समर्पण से कॉलेज परिवार गर्व महसूस कर रहा है, प्रबंधन ऐसे होनहार विद्यार्थियों को हरसंभव सहयोग देगा। अपनी जीत पर रोहन ने खुशी जताते हुए कहा कि तीरंदाजी उसके जीवन का सपना है और वह कड़ी मेहनत करके देश का नाम रोशन करना चाहता है। विजय के उपरांत कॉलेज में मिठाई बांटी गई और छात्रों-शिक्षकों में उत्साह का माहौल रहा।

## एक नजर

### डीएम ने जिला विद्यालय वाहन परिवहन सुरक्षा की ली बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** डीएम अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में शुक्रवार को विकास भवन सभागार में जिला विद्यालय वाहन परिवहन सुरक्षा समिति की दूसरी बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बिना फिटनेस परमिट के कोई भी वाहन संचालन नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में स्कूल बसों व वाहनों में ओवरलोडिंग की अनुम. ति नहीं दी जाएगी। साथ ही स्कूल प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा गया कि कम उम्र के बच्चों को बाइक से स्कूल आने से रोका जाए। इसके लिए अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी और नियम तोड़ने पर चालान भी किया जाएगा। सदर विधायक प्रसन्न चौधरी ने छोटे बच्चे बाइक चलाकर स्कूल पहुंचते है, जिससे उनकी जान को खतरा हो सकता है। ऐसे में बच्चों को जागरूक करना चाहिए। इस अवसर पर एआरटीओ रोहित राजपूत, सीओ ट्रैफिक अपेक्षा, टीएसआई सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और जिले के स्कूल प्रबंधक मौजूद रहे।

### पति सहित ससुरालयों पर हत्या के प्रयास का अभियोग दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी सविता पुत्री ईश्वर सिंह ने थाने पर तहरीर देकर बताया था कि पीड़िता की शादी एक वर्ष पूर्व कोर्ट रोड बागपत निवासी सौरभ के साथ हुई थी। आरोप है की शादी के बाद से ही पीड़िता का पति और ससुराल पक्ष के लोग पीड़िता से दहेज की मांग करने लगे। दहेज की मांग पूरी नहीं करने पर आए दिन पीड़िता का शारीरिक और मानसिक शोषण करते रहे। आरोप है कि पांच माह पूर्व पीड़िता के पति सौरभ, देवर राहुल, सास सरोज व नन्द मीनू, सोनू ने पीड़िता से अपने घर से दस लाख रूपए लाने की मांग की।पीड़िता ने विरोध किया तो सभी लोगों ने एक राय होकर पीड़िता के साथ मारपीट करते हुए पीड़िता को नीचे गिरा दिया और गला दबाकर हत्या करने का प्रयास किया। शोर शराबा होने पर आस-पड़ोस के लोग मौके पर आ गए। आरोप है कि पीड़िता का पति पीड़िता को गाड़ी में बैठाकर पीड़िता के गांव छोड़ गया और जाते-जाते दस लाख रूपए न लाने पर हत्या करने की धमकी दी। पीड़िता ने मामले की शिकायत थाना कांधला पर की तो आरोप है कि कांधला पुलिस ने पीड़िता की कोई सुनवाई नहीं की। जिसके चलते पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि न्यायालय के आदेश पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। मामले की जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जाएगी।

# चिकित्सा की लापरवाही के चलते गर्भवती की मौत, अस्पताल में तोड़फोड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के माजरा रोड़ स्थित प्राईवेट हॉस्पिटल में चिकित्सकों की लापरवाही के चलते गर्भवती महिला की मौत हो गई। गुस्साऐं परिजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही बरते जाने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा करते हुए तोड़फोड़ की और चिकित्सकों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की। सूचना पर थाना आदर्शमंडी पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझा बुझाकर शांत किया। पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मौहल्ला बडी माता मंदिर रोड़ निवासी चुन्नीलाल की पत्नी अंजू को प्रसव पीडा होने के कारण परिजनों द्वारा शहर के माजरा रोड़ स्थित प्राईवेट हॉस्पिटल हाईटेक में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने महिला को भर्ती करते हुए ऑपरेशन से बच्चा होने की जानकारी दी, लेकिन आरोप है कि चिकित्सकों द्वारा गर्भवती महिला को गलत उपचार देने के बाद अचानक उसकी हालत बिगड गई और उसको सांस लेने में भी दिक्कत होने लगी। महिला की हालत बिगडती देख चिकित्सकों ने अचानक हाथ खडे कर दिए और हायर सैंटर लेने के लिए परिजनों को कहा। आरोप है कि इस दौरान महिला की मौत हो चुकी थी, लेकिन उसके बावजूद परिजन मन की शांति के लिए महिला को एक निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन महिला के शव को लेकर हाईटेक हॉस्पिटल पहुंचे तो आरोप है कि वहां मौजूद स्टाफ ने उनको हॉस्पिटल के अंदर नही जाने दिया, जिसके के बाद गुस्साऐं परिजनों ने हंगामा करते हुए हॉस्पिटल में तोडफोड शुरू कर दिया। जिसके बाद हॉस्पिटल का स्टाफ और डॉक्टर मौके से फरार हो गए। सूचना पर थाना आदर्शमंडी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और हंगामा कर रहे परिजनों को समझाने बुझाने का प्रयास किया। इस दौरान परिजनों की पुलिस से भी नोंकझोंक हुई। गणमान्य लोगों के समझाने पर मामला शांत हुआ। पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



# ईंट निर्माता समिति पदाधिकारियों ने कोयले पर कर वृद्धि का जताया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शुक्रवार को शामली ईंट निर्माता समिति के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा। ज्ञापन में लाल ईंटों पर जीएसटी की बढ़ी हुई दर, कोयले पर कर वृद्धि और ईंट निर्माता व्यापारियों के साथ हो रहे भेदभाव को लेकर गंभीर आपत्ति जताई गई।

समिति के महामंत्री सुनील गोयल ने कहा कि ईंट भठा उद्योग एक मौसमी ग्रामीण कुटीर उद्योग है, जिसमें हजारों भूमिहीन और स्थानीय श्रमिकों को रोजगार मिलता है। ईंट पर जीएसटी दर में वृद्धि से न केवल आवास निर्माण महंगा होगा बल्कि प्रधानमंत्री आवास योजना पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि ईंटें आमजन की मूलभूत आवश्यकता हैं और उन पर मनमाना कर लगाना अनुचित है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि जीएसटी काउंसिल की 45वीं बैठक में ईंट निर्माताओं को अन्य मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की तरह 40 लाख रूपए तक टर्नओवर करमुक्त श्रेणी में रखने के बजाय मात्र 20 लाख तक सीमित किया गया है, जो भेदभावपूर्ण है। साथ ही लाल ईंट उत्पादन में प्रयुक्त प्रमुख ईंधन कोयले पर कर दर 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 18 प्रतिशत कर देना जले पर नमक छिड़कने जैसा बताया गया।

ईंट निर्माता समिति ने मांग की कि 1।50 करोड़ रूपए तक टर्नओवर वाले लाल ईंट निर्माताओं को 1 प्रतिशत कम्पोजीशन योजना में रखा जाए तथा 1।50 करोड़ से अधिक टर्नओवर वालों पर 5 प्रतिशत कर दर इनपुट क्रेडिट के साथ लागू की जाए। इस दौरान समिति पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री से कर वृद्धि वापस लेने और ईंट उद्योग को राहत देने की अपील की। मौके पर अध्यक्ष भूपेन्द्र मलिक, कृष्णकुमार शर्मा, गौरव, बिजेन्द्र कुडाना, नवाब अली, गुलजार अहमद, योगेश, नीरज, बिंदु शर्मा, विनोद प्रधान, सुमित, अजय, मतलूब आदि मौजूद रहे।

### जल ही जीवन है विषय पर दी महत्वपूर्ण जानकारी

**शामली।** लायनेस क्लब दोआब, शामली की मासिक बैठक शुक्रवार को हनुमान रो पर आयोजित की गई। बैठक में मेरठ से आए प्रमोद ने 'जल ही जीवन है' विषय पर जानकारी दी और जलधामद प्रयोग का प्रदर्शन किया। उन्होंने जल के शुद्ध और अशुद्ध स्वरूप के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी साझा की। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ। सुनील कुमार सैनी और भावना सैनी का विशेष सहयोग रहा। बैठक में क्लब की शिक्षिका बहनों तथा इस माह जन्मदिन मनाने वाली बहनों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्लब की संरक्षिका मीनू संगल, अध्यक्षा रश्मि वर्मा, सचिव सुनीता आर्य, कोषाध्यक्ष शिखा गोयल, मधु अग्रवाल, सुदेश संगल, मीरा मित्तल, सीमा गर्ग, ऊषा जैन, रश्मि गर्ग, स्नेहा गर्ग, उर्मिला, सोनल तायल, अरुणा गोयल व अंजलि बंसल सहित सभी सदस्याएं मौजूद रहीं।

### कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ की तो होगी सख्त कार्रवाई: डीएम




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में आगामी त्योहारों नवरात्रि, दशहरा आदि पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में जिला मजिस्ट्रेट शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में सर्वप्रथम डीएम एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त त्योहारों के .ष्टिगत धर्मगुरुओं, एवं गणमान्य लोगों के साथ वार्ता कर उनके सुझाव मांगे गए। जिसमें उनके द्वारा कुछ समस्याएं बताई गई जिसका समाधान कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।आयोजित बैठक में त्यौहारों के .ष्टिगत जिलाधिकारी ने जनपद में अभियान चलाकर साफ सफाई के निर्देश डीपीआरओ ओर अधिशासी अधिकारियों को दिए। डीएम ने कहा यदि कहीं पर गंदगी देखी तो उसके लिए संबंधित एसडीएम भी जिम्मेदार माने जाएंगे इसलिए इस कार्य में किसी भी प्रकार के लापरवाही ना हो। बैठक में जिला. धिकारी ने कहा कि जो चीजें परंपरागत है वही चलेगी किसी भी नए कार्यक्रम की अनुमति नहीं होगी।

बैठक में जिलाधिकारी ने सोशल मीडिया पर सतत् निगरानी के निर्देश देते हुए कहा कि अगर किसी ने कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने की को. शिश की उसको बक्सा नहीं जाएगा।बैठक में जिलाधिकारी ने विद्युत विभागों के अधिकारियों को त्योहारों के .ष्टिगत रोस्टर के अनुसार विद्युत सप्लाई और विद्युत सेफ्टी को लेकर को निर्देशित किया।बैठक में जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को त्योहार के दौरान महत्वपूर्ण स्थल पर पहले से ही एंबुलेंस की व्यवस्था के निर्देश के साथ ही सभी अस्पतालों में व्यवस्था सुचारू रखने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह ने त्योहारों पर की गई सुरक्षा व्यवस्था और यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस विभाग के अधिक. ारियों को निर्देशित किया। बैठक में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि दिए गए निर्देशों के अनुपालन में त्योहारों को शांति एवं सौहार्द पूर्ण तरीके से संपन्न कराने हेतु जो दायित्व सोपे गए हैं, उनका निर्वाहन पूरी मुस्तैदी के साथ करते हुए त्योहारों को शांतिपूर्वक संपन्न कराएं इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही ना हो। आयोजित बैठक में सत्एन्द्र सिंह,अपर जिलाधिकारी (वि.रा), शामली, एडिशनल एसपी सन्तोष कुमार सिंह, समस्त एसडीएम क्षेत्राधिकारी थाना प्रभारी अधिशासी अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं धर्मगुरु एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### साईंमां के चेयरमैन उप्र कैबिनेट मंत्री से मिले

**शामली।** साईंमां के चेयरमैन एवं लघु उद्योग भारती के मंडल अध्यक्ष अंकित गोयल ने शुक्रवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश सरकार के सूक्ष्म एवं लघु उद्योग विभाग के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान से उनके आवास पर भेंट की। अंकित गोयल ने मंत्री को शामली इंडस्ट्रियल एरिया में बने नए डीआईसी कार्यालय के उद्घाटन के लिए उन्हे आमंत्रित किया, जिस पर मंत्री ने शीघ्र ही शामली आकर कार्यालय का उद्घाटन करने की सहमति दी। साथ ही उन्होंने मंत्री को अवगत कराया कि इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट फंड के 5 करोड़ 1 लाख 90 हजार रूपए शासन स्तर पर लंबित हैं।

# त्याग और विनम्रता विनय के महत्व पर डाला प्रकाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शुक्रवार को शहर के दिगंबर जैन धर्मशाला में मुनि 108 विवृत सागर ने अपने गहन व्याख्यान में अभिमान घमंड के त्याग और विनम्रता विनय के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अभिमान व्यक्ति के पतन का कारण है, जबकि विनम्रता मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करती है। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मुनिराज ने काशी के एक विद्वान का दृष्टांत सुनाते हुए बताया कि कैसे अभिमान ने उसकी प्यास बुझने तक में बाधा उत्पन्न की। एक वृद्धा ने उसका घमंड तोड़कर यह समझाया कि अभिमान दुर्गति का और विनय सुगति का मार्ग है। उन्होंने कहा कि जीवों में आहार, भय, मैथुन और परिग्रहकृए चार संज्ञाएं पाई जाती हैं, लेकिन इनसे भी विकट है पांचवीं



संज्ञा नाम संज्ञा यानी प्रसिद्धि और पहचान की लालसा। यही सबसे बड़ा बंधन है। मुनिराज ने आठ प्रकार के मद घमंड, ज्ञान मद, पूजा मद, कुल मद, जाति मद, बल मद, वैभव मद, तप मद और रूप मद का उल्लेख करते हुए कहा कि इन सभी का मूल कारण है मेरी प्रशंसा हो, लोग मुझे पहचानें। यह यशाकीर्ति



नाम कर्म ही व्यक्ति को बांधता है। उन्होंने आह्वान किया कि क्षणभंगुर शरीर और बाहरी गुणों पर अभिमान न करके आत्मा की शुद्धि और आत्म-ज्ञान पर ध्यान केंद्रित करें। प्रवचन के उपरांत चित्र अनावरण और दीप प्रज्वलन का कार्य राजीव जैन व अरिंजय जैन परिवार द्वारा किया गया। शास्त्र भेंट संजय जैन व अरविंद जैन ने किया। पाद प्रक्षालन का सौभाग्य अरुण जैन, प्रदीप जैन व रेखा जैन को प्राप्त हुआ। आज की आहार चर्या अनिल जैन, ममता जैन, मुकेश जैन व संगीता जैन परिवार के यहां संपन्न हुई। आहार चर्या अनिल जैन ममता जैन, मुकेश जैन, संगीता जैन परिवार के यहां पर संपन्न हुई।

# महिला की ससुराल में संदिग्ध मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव भभीसा निवासी एक तीस वर्षीय विवाहिता की ससुराल में मौत हो गई। महिला का शव फांसी के फंदे पर घर पर लटका हुआ मिला है। शुक्रवार को शव पोस्टमार्टम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।थाना क्षेत्र के गांव भभीसा निवासी अल्लाह मेहर ने अपनी पुत्री नाजरीन की शादी 6 वर्ष पूर्व नरेला निवासी अफजल के साथ की थी। पीड़ित परिजनों के अनुसार गुरुवार को उन्हें सूचना मिली कि उनकी पुत्री नाजरीन ने घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पीड़ित परिजन महिला के ससुराल पहुंच गए, और पुलिस को सूचना दी मौके पर नरेला पुलिस पहुंच गई पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में फांसी के फंदे पर झूल रही महिला को परिजनों की मौजूदगी में नीचे उतारा और पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया। मृतक महिला के परिजनों ने पति सहित ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। शुक्रवार को मृतक महिला का शव पोस्टमार्टम के आने के बाद परिजनों ने भभीसा स्थिति कब्रिस्तान में गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# जनपद की समस्त तहसीलों में आपदाओं से निपटने का दिया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लखनऊ द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में जनपद शामली की समस्त तहसीलों में भूकंप औद्योगिक द्धरासायनिकऋ एवं अग्नि सुरक्षा पर राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज का आयोजन संच. ालन तहसील स्तर पर पेदन उपजिला. धिकारी नोडल अधिकारी की उपस्थिति में संपन्न हुआ।तहसील शामली के अंतर्गत जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण शामली द्वारा शुगर मिल शामली व जिला अस्पताल में भूकम्प एवं अग्नि सुरक्षा पर मॉक एक्सरसाइज का आयोजन कराया गया। इस अवसर पर एनडीआरएफ के रूपेश पंवार द्वारा ऑब्जर्वर में जानकारी दी गई।इसी प्रकार तहसील कैराना में व तहसील ऊन में संबंधित



एसडीएम के दिशा निर्देशन में मॉकड्रिल एक्सरसाइज का आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर राजस्व विभाग की टीम, अग्निशमन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका, आदि विभाग उपस्थित रहे।आयोजित मॉकड्रिल के दौरान अग्निशमन विभाग की टीम द्वारा आग लगाकर उस पर किस प्रकार काबू पाया जाता है,और उसमें फंसे हुए लोगों को सुरक्षित निकालकर एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाना और उनको प्राथमिक उपचार दिलाना आदि का डेमो दिखाया गया। इसके साथ ही टीम द्वारा सभी फायर सेफ्टी के उपकरणों का किस प्रकार प्रयोग किया जाता है कि भी जानकारी दी गई।

### मॉक ड्रिल आयोजित कर सिखाए आपदा से बचाव के गुर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** तहसील प्रशासन के नेतृत्व में विभिन्न विभागों द्वारा कस्बे के मुख्य मार्ग पर स्थित पब्लिक इण्टर कॉलिज के मैदान पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों को आपदा के दौरान बचाव के तौर-तरीके सिखाए गए। इस दौरान विभागों के मध्य आपसी समन्वय व दक्षता को भी परखा गया।

शुक्रवार को कस्बे के मुख्य मार्ग पर स्थित पब्लिक इण्टर कॉलिज के मैदान पर प्रदेश के आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देश पर स्वास्थ्य, पुलिस, राजस्व, आपूर्ति व दमकल विभाग की ओर से अग्नि व दैवीय आपदा से निपटने हेतु मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व




तहसील प्रशासन द्वारा किया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्रों को भूकम्प व अग्निकांड के समय बचाव के टिप्स दिए गए।

पूर्वाभ्यास में भाग ले रही टीमों ने अग्नि व प्राकृतिक आपदा की घटनाओं को काल्पनिक परि.श्य के तौर पर प्रदर्शित करके आपसी समन्वय व दक्षता का परिचय दिया। आपूर्ति विभाग की ओर मॉक ड्रिल में प्रतिभाग करने वाले छात्रों को सूक्ष्म पुष्टाहार वितरित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज, सीओ श्यामसिंह, तहस. ीलदार अर्जुन चौहान, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री, आपूर्ति निरीक्षक कैराना मदनपाल सिंह, सीएचसी अधीक्षक डॉ। शैलेन्द्र चौरसिया, अंकुर कुमार, जितेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### आपदा प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है मॉक ड्रिल: तहसीलदार



कस्बे पब्लिक इण्टर कॉलिज में मौजूद तहसीलदार अर्जुन चौहान ने बताया कि आपदा प्रबंधन में मॉक ड्रिल एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जिससे लोगों को आपदा के समय उचित प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार किया जाता है। मॉक ड्रिल आयोजित करने से न केवल लोगों को जागरूक किया जा सकता है, बल्कि आपदा प्रबंधन टीमों की तैयारियों का भी मूल्यांकन किया जा सकता है। मॉक ड्रिल के माध्यम से लोगों को आपदा के समय क्या करना चाहिए, इसके बारे में जागरूक किया जाता है। साथ ही, आपदा प्रबंधन टीमों और व्यक्तियों की प्रतिक्रिया क्षमता का आकलन किया जाता है। मॉक ड्रिल में आपदा प्रबंधन प्रक्रियाओं का अभ्यास और आवश्यक सुधार किया जाता है। इसमें विभिन्न एजेंसियों और विभागों के बीच समन्वय मजबूत होता है। तहसीलदार ने बताया कि भारत में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कार्यरत है, जो आपदा प्रबंधन के लिए नीतियां और दिशा-निर्देश तैयार करता है। विभिन्न राज्यों में भी आपदा प्रबंधन प्राधिकरण हैं जो स्थानीय स्तर पर काम करते हैं।

# एससीएसटी की धाराओं में दर्ज मुकदमा वापिस न लेने पर आंदोलन की दी चेतावनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पेड़ काटने का विरोध करने पर आरोपियो द्वारा पुलिस को तहरीर दिये जाने के बाद एससीएसटी की धाराओं में मुकदमा दर्ज किये जाने को लेकर आयोजित पंचायत में मुकदमा वापिस लिये जाने की मांग करने के साथ ही चेतावनी दी की अगर मुकदमे वापिस नहीं हुए तो महाप. चायत कर आंदोलन किया जायेगा।



कोतवाली क्षेत्र के गांव दुगचाड़ी में आयोजित पंचायत में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियो ने पंचायत में बताया कि कुछ दिन पूर्व गांव के किसान के यहां गांव के कुछ लोग पेड़ काट रहे थे। जब हुकुम सिंह ने उन्हें रोका तो उसके खिलाफ आरो. पियों ने चौकी में एक तहरीर देदी। आरोप है कि चौकी पर मामले का फैसला हो जाने के बाद भी भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने किसान के खिलाफ कोतवाली पहुंच एससीएसटी में मुकदमा दर्ज करा दिया। पंचायत में फैसला लिया गया कि यदि पुलिस ने उक्त मुकदमा वापिस नहीं किया तो गुर्जर समाज क्षेत्र के सर्वसमाज के साथ मिलकर महापंचायत कर आंदोलन को मजबूर होगा। पंचायत की अध्यक्षता शेषपाल पंवार और संचालन आदेश पंवार ने किया।

इस दौरान ईश्वर पाल, सुक्कड़ सिंह, मोहकम सिंह, डा. दिनेश, प्रधान अमित, देवेंद्र, प्रवीण, मोहित, सचिन, सुंदर, विकल आदि शामिल

# अहिल्या उद्धार लीला का मनोहारी मंचन देख दर्शक हुए भाव विभोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्री विष्णु कला मंडल के तत्वावधान में आयोजित रामलीला में बीती रात श्री राम जन्म, ताडका वध, अहिल्या उद्धार लीला का मनोहारी मंचन किया गया। जिसे देख दर्शक भाव विभोर हो गए।

रामलीला भवन में कलाकारों ने दिखाया कि राजा दशरथ अग्निदेव को प्रसन्न करने के लिए हवन करते हैं। जिसके बाद अग्निदेव प्रसन्न होकर राजा को फल देकर उसे अपनी रानियों को खिलाने के लिए कहते हैं। इसके बाद राजा दशरथ को संतान की प्राप्ति होती है और उनके चार पुत्र होते है। गुरु वशिष्ठ उनका नाम राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न नाम रखते है। उधर, गुरु विश्वामित्र राक्षसों से परेशान होकर राजा दशरथ के पास आकर राम और लक्ष्मण को अपनी साथ ले जाते है। फिर रास्ते मे ताडका नामक राक्षसी उन पर हमला करती है





लेकिन रामजी उसे यमपुर पहुंचा देते हैं। इसके बाद राक्षसी के पुत्र सुबाहु व मारीच बदला लेने आते हैं और वह भी युद्ध मे मारे जाते है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष नितिन गुप्ता, सचिन शर्मा, गगन मित्तल, निखिल अग्रवाल, अमन मित्तल, अशोक शर्मा, बलवीर सैनी, विपिन गर्ग, जित. ेंद्र कश्यप, हिमांशु होरा, अरुण गोयल, वैभव अग्रवाल, अर्पित गर्ग, सतीश माहेश्वरी आदि श्रद्धालू शामिल रहे।

# ग्रामीणों ने आजाद समाज पार्टी की ग्रहण की सदस्यता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** आजाद समाज पार्टी (काशीराम) के तत्वावधान में चलाया गया सदस्यता अभियान में ग्रामीणों ने संगठन की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की।



कोतवाली क्षेत्र के गांव राजूपुर में सदस्यता अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में आजाद समाज पार्टी के मंडल प्रभारी इंजीनियर डीपी सिंह ने कहा कि सांसद चंद्रशेखर आजाद उन लोगों की आवाज हैं जिनका कोई नहीं है। उन्होंने सभी से चंद्रशेखर के हाथों को मजबूत करने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष सचिन खुराना, जिला उपाध्यक्ष फरमान अली व पंकज खुराना ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान काफी संख्या में लोगों ने असपा की सदस्यता ग्रहण करते हुए नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद को 2027 में मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया। गुलजार मलिक, फरमान झोझा, इमरान राव, परवेज आदि शामिल रहे।

# हवन यज्ञ के साथ श्रीमद् भागवत कथा का समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्रीमद् भागवत कथा हवन यज्ञ के साथ संपन्न हुई। अंतिम दिन कथावाचक नृसिंह पीठाधीश्वर स्वामी रसिक महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण व सुदामा मिलन का मार्मिक वर्णन किया। राज्यमंत्री केपी मलिक, उड़ीसा के भाजपा प्रभारी विजयपाल तोमर समेत कई नेता कथा सुनने पहुंचे और महाराज का आशीर्वाद लिया।

रणखंडी गांव में चल रही अंतिम दिन की कथा से पूर्व वेदपाठी ब्राह्मणों ने पंचाग पूजन के बाद लक्ष्मी नारायण महायज्ञ संपन्न कराया गया। रसिक महाराज ने कथा का वाचन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की प्रत्येक लीला और कर्म स्वयं में कुछ विशेष संदेश लिए है। सात वर्ष के कन्हैया ने सात दिनों तक सात कोसीय गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी ऊंगली पर उठाया और नाम गिरधर पड़ा। गोवर्धन धारण लीला करके श्रीकृष्ण ने यह संदेश दिया कि मानव जीवन कठिनाइयों और चुनौतियों से भरा है। उन्होंने सनातनी संस्कृति सभ्यता को सबे प्राचीन बताया और संदेश देते हुए



कहा कि जीवन की समस्याएं भले ही पहाड़ जितनी विशाल हो लेकिन आत्मविश्वास और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ उसका सामना करना चाहिए। इस दौरान पित्रभोज भंडारा आयोजित किया गया। संयोजक पूर्व ब्लाक प्रमुख अनिल सिंह ने अतिथियों व कथावाचक का अभिनंदन किया। इस मौके पर साध्वी देवेश्वरी, बजरंग दल नेता विकास त्यागी, विपिन नौटियाल, आचार्य सूर्य शर्मा, रवि शास्त्री, गोल्डी नौटियाल व सौरव उपाध्याय आदि शामिल रहे।

# महाराजा अग्रसैन जयंती समारोह का होगा आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** अग्रवाल सभा के तत्वावधान में महाराजा अग्रसैन जंयती समारोह का आयोजन किया जायेगा।

अग्रवाल सभा के तत्वावधान में 21 सितंबर को महाराजा अग्रसैन जंयती समारोह स्टेट हाइवे स्थित मंगलौर चौकी के निकट एक सभागार में आयोजित किया जाएगा। इसमे मुख्य आकर्षण तीन अग्र बंधुओं का लक्की ड्रा द्वारा सम्मानित किय जाने के साथ ही अग्रवाल समाज के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट में विशिष्ठ श्रेणी प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया जाएगा। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष डा. सुधीर गुप्ता ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि मैपल्स एकेडमी के चेयरमैन अजय मित्तल होंगे। जबकि कार्यक्रम अध्यक्ष राकेश मित्तल और विशिष्ठ अतिथि पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग और भाजपा नगराध्यक्ष अरुण गुप्ता होंगे। उन्होने बताया कि दून वैली पब्लिक स्कूल के अनुराग माल्यापर्ण करेंगे जबकि महेश अग्रवाल दीप प्रज्वलन दीपक गुप्ता द्वारा किया जाएगा।

कार्यक्रम में विनोद गुप्ता, अशोक गुप्ता राघवदास अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। जबकि कार्यक्रम संयोजक दीपक राज सिंघल एवं पंकज अग्रवाल को बनाया गया हैं।

# आपदा से बचाव के दिए टिप्स

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** एचएवी इंटर कालेज में आपदा से बचाव को लेकर माक ड्रिल हुआ। इसमें भूकंप एवं अग्नि से बचने के उपाय सुझाए गए।



एचएवी इंटर कालेज प्रागण में आयोजित माक ड्रिल के दौरान जानकारी दी यदि कोई आपदा आती है तो घबराए नहीं बल्कि इससे बचाव के उपाय करें। उन्होंने अग्रि के साथ ही भूकंप आने पर किस तरह बचा जाए इसकी जानकारी दी। अग्रिशमन दल के सदस्यों ने माक ड्रिल करके दिखाया। साथ ही घायल होने पर कैसे घायलों को अस्पताल पहुंचाया जाए, इसका भी प्रदर्शन किया गया। एसडीएम युवराज सिंह ने बताया कि माक ड्रिल के माध्यम से भूकंप एवं अग्नि सुरक्षा के संबंध में बचाव के तरीकों का प्रदर्शन कर छात्रों एवं आम जनता को जागरूक किया गया है।

इस मौके पर सीओ अनितेष सिंह, तहसीलदार पुष्पांकर देव, नगरपालिका ईओ राजपति बैस के अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, ऊर्जा निगम, लोक निर्माण विभाग, पशु चिकित्सालय, नगरपालिका, शिक्षा विभाग के अधिकारी शामिल रहे।

## गोदाम से सामान चोरी, मुकदमा दर्ज

**चांदपुर।** मौहल्ला कटारमल निवासी पवन कुमार पुत्र रामकुमार ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसने अपनी दुकान पर तीन लड़के उनकी माता-पिता की मर्जी से नौकरी पर लगभग 7-8 महीने पूर्व रखे थे। जिनमें शिवम सैनी पुत्र रामलाल सैनी मौहल्ला गोकुल नगर थाना चांदपुर, शिशु जोशी पुत्र सतीश जोशी बास्टा रोड गुलिस्तान सिटी के सामने चांदपुर रखे थे। मालूम हो कि इन नौकरों के द्वारा लगातार गोदाम से कीमती सामान, देसी घी, मेवा काजू, बादाम अन्य कीमती सामान कट्टों में भरकर लगातार चोरी किया जा रहा था। प्रार्थी ने 8 सितंबर से 10 सितंबर 2025 की सीसीटीवी फुटेज देखी, जिसमें पता चला कि शिवम, अंश सैनी दुकान से कुछ सामान लेने आए और परवेज व सलीम को कट्टों में भरकर सामान देसी घी, मसाले,मेवा आदि उनको देते दिखाई दे रहे है। यह घटना दुकान व गोदाम में कई बार हुई तथा उनके द्वारा अमानत में खयानत का कार्य किया गया। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर शिवम सैनी पुत्र रामलाल सैनी निवासी मोहल्ला गोकुल नगर, शिशु जोशी पुत्र सतीश जोशी बास्टा रोड चांदपुर, अंश सैनी पुत्र सुशील सैनी मौहल्ला चिम्मन चांदपुर, गौतम जोशी पुत्र सतीश जोशी बास्टा रोड चांदपुर, मौहम्मद परवेज, सलीम अहमद पुत्रगण मौहम्मद जीव मौहल्ला सरायरफी थाना चांदपुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सब-जूनियर कराटे प्रतियोगिता

**धामपुर।** नगीना रोड स्थित 'द स्कॉलर्स वैली सीनियर सेकेंडरी स्कूल' में सब-जूनियर कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य श्री सचिन सिंह और विद्यालय के डायरेक्टर श्री जसप्रीत सिंह ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता कोच सलीम की देखरेख में संपन्न हुई। इस दौरान बच्चों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों की तालियां बटोरीं। प्रतियोगिता में मोहम्मद अर्श ने 25 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड मेडल, क्रिशदीप ने 30 किला. ेग्राम वर्ग में सिल्वर मेडल और पीहू ने 22 किलोग्राम वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य सचिन सिंह ने सभी विजयी छात्रों को मेडल व प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

## दो मनचले गिरफ्तार

**चांदपुर।** सड़कों पर आती जाती महिलाओं व स्कूल कॉलेजों के आस पास स्कूल कॉलेज आती जाती छात्रओ के साथ अष्लील छेड़छाड करने वाले मनचलो की धाड़पकड़ अभियान के चलते पुलिस ने आज दो युवको को गिरतारी कर लिया। पुलिस ने दोनों मनचलो के विरूधा छेड़छाड़ का मामला दर्ज कर आरोपियों का चालान कर दिया। पुलिस ने बताया कि एंटी रोमियो टीम द्वारा चैकिंग के दौरान महिलाओं/छात्राओं पर अश्लील टिप्पणी करने वाले अभियुक्तगण को घेरकर पकड़ लिया। पकड़े गये युवकों के नाम अली रजा पुत्र हसन, मोबीन अहमद पुत्र असलम अहमद निवासीगण मौहल्ला सरायरफी थाना चांदपुर, जनपद बिजनौर है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोनों का चालान कर दिया।

## बी.फार्मा में मनतशा अंसारी प्रथम

**बिजनौर।** डा. एपीजे अब्दुल कलाम टैक्निकल यूनिर्वसिटी लखनऊ द्वारा बीफार्मा तृतीय वर्ष के षष्ठम सेमेस्टर के घोषित परीक्षा परिणाम में वीर कुंवर कॉलेज ऑफ फार्मेसी, बिजनौर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। बी.फार्मा तृतीय वर्ष के षष्ठम सेमेस्टर की छात्रा मनतशा अंसारी ने 78 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, अनिल कुमार ने 77.88 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय एवं सुरभी ने 73.53 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## जहरीला पदार्थ पिलाया

**नहटौर।** क्षेत्र के एक गांव में प्रेम प्रसंग के चलते प्रेमिका की मां ने प्रेमी को शादी कराने के झांसे में लेकर पानी पिलाने के दौरान जहरीला पदार्थ पिला दिया। युवक को हालत बिगड़ने पर निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया।

## नगर पालिका में लोक कल्याण मेले का आयोजन

### पीएम निधि योजना का लाभ उठाने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर पालिका में लोक कल्याण मेला का आयोजन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक किया जा रहा है।

मेले में पीएम स्व-निधि योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को पुनर्गठित योजना की जानकारी दी जाएगी। भारत सरकार द्वारा इस योजना के अंतर्गत रेहड़ी-पटरी व छोटे व्यापारियों को स्वरोजगार हेतु पहली किस्त रूपए 15,000 तथा दूसरी किस्त रूपए 25,000 बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। नगर पालिका परिषद स्योहारा के अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल ने बताया कि प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना का उद्देश्य छोटे व्यापारियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने आमजन से अधिक से अधिक संख्या में लोक कल्याण मेले में पहुंचकर योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

# गेट जैन सूचना सत्र एवं कैरियर मार्गदर्शन सेमिनार का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** जानसठ रोड स्थित एस।डी। कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मुजफ्फरनगर में कैरियर गाइडेंस एवं मोटिवेशनल सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को ग्रेजुएट एप्टीटड्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग गेट-2026 एवं जॉइंट एडमिशन टेस्ट फॉर मास्टर्स जैम-2026 के बारे में विस्तृत जानक. ारी प्रदान करना तथा उन्हें उच्च शिक्षा और करियर के अवसरों के प्रति प्रेरित करना था। इस जानकारीपूर्ण सत्र का आयोजन गेट-जैम ऑफिस, आईआईटी रुड़की द्वारा किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में आईआईटी रुड़की के रसायन अभियांत्रिकी विभाग के प्रख्यात प्रोफेसर प्रो। विमल चंद्र वास्तव एवं प्रो। बशेश्वर प्रसाद ने छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। उल्लेखनीय है कि प्रो। विमल चंद्र वास्तव एस।डी। इंजीनियरिंग के वर्ष 2001 बैच के गौरवशाली पूर्व छात्र एल्यूमनी हैं और वर्तमान में वे आईआईटी रुड़की में डीन इंटरनेशनल रिलेशन्स के पद पर कार्यरत हैं। साथ ही वे गेट कॉर्डिनेटर भी हैं। उन्होंने अपने अनुभवों से विद्यार्थियों को प्रेरित किया और उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध अवसरों से भी अवगत कराया। अपने संबोधन में बताया कि गेट और जैम जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाएं न केवल छात्रों को आईआईटी, एनआईटी एवं अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों में उच्च शिक्षा का अवसर प्रदान करती हैं, बल्कि शोध एवं पीएच।डी। की दिशा में भी मार्ग प्रशस्त करती हैं। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को सही रणनीति, समय प्रबंधन एवं आत्मविश्वास से तैयारी करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कॉलेज के सचिव अनुभव कुमार ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हआज के दौर में प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाएं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कुंजी हैं। हमें गर्व है कि हमारे छात्र गेट और जैम जैसी परीक्षाओं में लगातार सफलता प्राप्त कर रहे हैं। ऐसे सेमिनार छात्रों को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करते हैं। हमारा संस्थान सदैव विद्यार्थियों के समग्र विकास और उनके करियर निर्माण के लिए प्रयासरत रहेगा। कॉलेज के निदेशक डॉ। सिद्धार्थ शर्मा ने अपने प्रेरणादाई संबोधन में कहा ''शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि यह जीवन को दिशा देने का साधन है। गेट और जैम जैसी परीक्षाएं विद्यार्थियों को न केवल तकनीकी ज्ञान में उत्कृष्ट बनाती हैं बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करती हैं। कॉलेज सदैव विद्यार्थियों को नवीनतम शैक्षिक अवसरों और प्रतियोगी माहौल से जोड़ने के लिए ऐसे आयोजन करता रहेगा। कार्यक्रम में कुल 110 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर को नो प्लास्टिक जोन बनाने के संदेश को लेकर एक पोस्टर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इसमें अवनि गर्ग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, ज्योति, अक्षित और आदित्य को द्वितीय स्थान तथा अभिजीत, लक्ष्मी एवं नारायण को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।



**न्यायालय आयुक्त सहारनपुर मण्डल सहारनपुर।**

अपील संख्या C202309000000595 धारा 207, उ0प्र0 राजस्व संहिता, 2006 भूमि स्थित ग्राम मौजा तावली परगना बघरा तहसील सदर, जिला मुजफ्फरनगर।

मेहरदीन आदि **बनाम** जावेद चौधरी आदि

**नोटिस बनाम:**

1- आरिफ अली पुत्रगण नूरदीन, 2- अब्दुल कादिर पुत्रगण मैनूदीन, 3- श्रीमती अजमुल्ली पत्नी शकरुल्ला, 4- हुकमदीन पुत्रगण चान्दू, 5-मांगा पुत्र जबरदीन, 6-धर्मचन्द, 7-शेखरचन्द पुत्रगण मुरलीदास, 8-आशीष जैन पुत्र श्रीचन्द जैन समस्त निवासीगण ग्राम तावली परगना बघरा तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर, 9-प्रवीण, 10-प्रदीप पुत्रगण चन्द्रपाल, 11-श्रीमती कमलेश पानी चन्द्रपाल निवासीगण ग्राम बरवाला परगना बघरा तहसील सदर जिला-मुजफ्फरनगर, 12-गय्यूर अली, 13-मौ0 शाहनूर पुत्रगण रूकमदीन निवासीगण ग्राम गढ़ी दुर्गनपुर परगना बघरा तहसील सदर जिला-मुजफ्फरनगर, 14-मो0 फारूक पुत्र नाजर अली निवासी ग्राम सांझक परगना बघरा तहसील सदर जिला-मुजफ्फरनगर, 15-श्रीमती बीरा पत्नी मलखान निवासी ग्राम सिलाना तहसील बडौत जिला-बागपत, 16-ग्राम पंचायत ग्राम तावली परगना बघरा, तहसील सदर, जिला-मुजफ्फरनगर।

प्रस्तुत अपील 1- मेहरदीन पुत्र सुलेमान, 2-शकील अहमद, 3-वकील अहमद, 4-तनवीर, 5-कलीम, 6-वाजिद अली पुत्रगण मेहरबान निवासीगण ग्राम तावली परगना बघरा तहसील सदर जिला-मुजफ्फरनगर के द्वारा न्यायालय उप जिलाधिकारी न्यायिक, मुजफ्फरनगर द्वारा वाद संख्या आर0एस0टी0 523/2022 कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या टी2022095 50100523 मेहरदीन आदि बनाम अब्दुल हमीद आदि अ0धारा-116 उ0प्र0 राजस्व संहिता, 2006 बावत ग्राम तावली परगना बघरा, तहसील सदर जिला-मुजफ्फरनगर में पारित आदेश दिनाक 25-05-2023 के विरूद्ध इस न्यायालय में योजित हुई है, जिसमें आपको पक्षकारगण बनाया गया है तथा इस अपील में दिनांक 29-09-2025 नियत है। अत: इस नोटिस सूचना के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 29-09-2025 को प्रात: 10:00 बजे अपने अधिवक्ता सहित अपील की पैरवी हेतु न्यायालय में उपस्थित हो। यदि सूचना के बाद आप उपस्थित नहीं होते हैं तो यह समझा जायेगा कि आपको इस सम्बन्ध में कुछ नहीं कहना है तथा न्यायालय द्वारा आदेश पारित कर दिये जायेंगे।

दिनांक 09-09-2025

**आज्ञा से**
**आयुक्त**
**सहारनपुर मण्डल सहारनपुर।**

**न्यायालय अपर कलेक्टर (प्रशासन) सहारनपुर।**

वाद संख्या: D202509600002497

अब्दुल वहीद खां बनाम ग्राम सभा आदि

धारा 30 उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता ग्राम धौराला परगना व तहसील नकुड जनपद सहारनपुर।

**नोटिस बनाम:-**

1-श्री अरविन्द कुमार 2-जसविन्द्र कुमार 3-बिन्द्रपाल पुत्रगण फूल सिंह 4-अश्वनी कुमार 5-मोनू कुमार पुत्रगण पहल सिंह 6-मौ0 नौशाद 7-मौ0 महताब खां पुत्रगण मुमताज 8-श्रीमति राबिया खानम पत्नी मुमताज खां 9-श्रीमति खुशनुमा बेगम पत्नी असगर 10-शकील अहमद पुत्र अब्दुल रशीद 11-मासूक खां पुत्र रफीक खां निवासीगण ग्राम धौराला तहसील नकुड़ जिला सहारनपुर 12-सचिन कुमार पुत्र जगपाल सिंह निवासी ग्राम सरूरपुर गाडा 13-बलजीत पुत्र यादराम निवासी ग्राम मोहिददीनपुर तहसील नकुड जिला सहारनपुर 14- रियासत अली खां पुत्र खुरशैद अली खां निवासी ग्राम खेडा अफगान तहसील नकुड जिला सहारनपुर।

उपर्युक्त वाद श्री अब्दुल वहीद खां पुत्र सईद खां निवासी ग्राम धौराला परगना तहसील नकुड जिला सहारनपुर के द्वारा खसरा नम्बर 127 रकबा 0.9750 हे0 ग्राम धौराला परगना व तहसील नकुड जिला सहारनपुर के अन्तिम भूचित्र को संशोधन कराने के सम्बन्ध में धारा 30 उ0प्र0 राजस्व संहिता के अन्तर्गत प्रस्तुत किया गया है। अत: उक्त के निमित्त इस नोटिस द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि यदि इस सम्बन्ध में आप कोई आपत्ति करना चाहते है तो नियत दिनांक 29.09.2025 को प्रात: 10.00 बजे मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें। यदि सूचना के बावजूद भी आपके द्वारा न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट नहीं किया जाता है तो यह मानते हुऐ कि उक्त सम्बन्ध में आपको कुछ नहीं कहना है तदनुसार न्यायालय द्वारा समुचित आदेश पारित कर दिया जाएगा।

दिनांक: 15.09.2025

**अपर कलेक्टर (प्रशासन)**
**सहारनपुर।**

## बी.बीए छात्र-छात्राओं के लिए साप्ताहिक ओरिएंटेशन कार्यक्रम

**मुजफ्फरनगर।** एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में प्रथम वर्ष बीबीए छात्रों के लिए एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम हुआ जिसमें दीप प्रज्वलन प्राचार्य डॉ संदीप मित्तल, राजीव पाल सिंह विभागाध्यक्ष एवं डा संजीव तायल विभागाध्यक्ष द्वारा देवी सरस्वती के सामने किया गया। इसके बाद तीनों ने मिलकर नवागत छात्रों का एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज और एसडी एसोसिएशन में हार्दिक स्वागत किया। प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि आप सभी का एस डी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में स्वागत हैं। आपने जीवन के इस नए अध्याय की शुरुआत की है और यह कॉलेज आपके उज्ज्वल भविष्य को बनाने में एक सशक्त मंच बनने की पूरी क्षमता रखता है। यह संस्था न केवल शैक्षणिक शिक्षा देती है, बल्कि चरित्र निर्माण, अनुशासन, नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों की भी शिक्षा देती है। उन्होंने यह आशा व्यक्त की कि ए नए छात्र कॉलेज के नियमों-नीतियों को समझें और अपनाएं, साथ ही आपसी सहयोग, अनुशासन एवं परिश्रम की भावना से आगे बढ़ें, जिससे न केवल वे स्वयं सफल हों बल्कि उनकी प्रगति से कॉलेज का नाम भी उज्जवल हो। ठठ। विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह ने छात्रों से विनम्रता एवं आग्रह के साथ कहा कि अनुशासन सिर्फ नियमों का पालन करना नहीं हैं, बल्कि यह एक ऐसी आदत है जो उन्हें जीवन भर आगे बढ़ने में मदद करेगी। उन्होंने बताया कि समय पर उपस्थिति न सिर्फ कक्षाओं में शिक्षा ग्रहण करने के लिए जरूरी है, बल्कि यह आत्म-विश्वास बढ़ाती है और छात्रों में समय-प्रबंधन की क्षमता विकसित करती है। पठन-पाठन के प्रति गंभीरता से लगना आवश्यक है क्योंकि अध्ययन को नियमित रूप से करने से विषय की समझ गहरी होती है, परीक्षा की तैयारी सुचारू होती है और दबाव कम होता है। उन्होंने यह भी कहा कि पाठड सामग्री एवं शैक्षणिक नियमों का उल्लंघन करने से न केवल अपनी प्रगति में बाधा आती है बल्कि सहपाठियों एवं सकाय सदस्यों पर भी गलत संदेश जाता है।



अनुशासन से आत्म नियंत्रण, परिश्रम और समर्पण की भावना उत्पन्न होती है, जो न केवल शैक्षणिक जीवन में, बल्कि भविष्य के पेशेवर जीवन में भी सफलता की कुंजी है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे मोबाइल फोन, सोशल मीडिया या अन्य व्याकुलताओं से समय बर्बाद न करें, समय रहते होमवर्क और असाइंमेंट पूरा करें, और यदि किसी विषय में कठिनाई हो तो संकाय सदस्यों से संपर्क करें। इस प्रकार का अनुशासन उनकी व्यक्तिगत और सामाजिक प्रतिष्ठा को भी बढ़ाएगा और कॉलेज का माहौल सकारात्मक व प्रेरणादायक बनेगा। बीसीए विभागाध्यक्ष डा। संजीव तायल ने ओरिएंटेशन कार्यक्रम में छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि आप सब से मेरा अनुरोध है कि समय का सम्मान करे, कक्षा में उपस्थिति बनाए रखें पाठडक्रम को समझने की कोशिश करें, और अपने गुरुओं व सहपाठियों के साथ सहयोग की भावना बनाए रखें। आपकी सफलता सिर्फ आपके अंकों से नापी नहीं जाएगी, बल्कि इस बात से भी कि आप कितने जिम्मेदार, संयमी और समर्पित विद्यार्थी हैं। कॉलेज की सभी सुविधाएं आपके लिए खुली हैं छात्रवृत्तियां, परामर्श, परीक्षा सेल, एल्युम्नाई नेटवर्क आदि तो इनका लाभ अवश्य उठाएं।

**सूचना**

I, Mohammad Athar Mavil S/O Sikander R/O Vill Manki, Post & PS Deoband, Saharanpur Uttar Pradesh-247554 have changed my name and shall hereafter be Known as Athar Ali Gaur

**सूचना**

I, Wahid Ali S/O Mohammed Mehmood R/O Vill Manki, Post & PS Deoband, Saharanpur Uttar Pradesh -247554 have changed my name and shall hereafter be Known as Abdul Wahid.

**सम्बंध विच्छेद**

मेरा सगा भाई सलीम अहमद पुत्र नईम अहमद व उसकी पत्नी श्रीमति शहजादी निवासी मोहल्ला लाम पठानपुरा देवबन्द का हमारे साथ गलत व्यवहार करते हैं इसलिए मैंने इनसे अपने समस्त पारिवारिक सम्बंध विच्छेद कर लिये है। वह अपने समस्त कार्यो व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

श्रीमति निलोफर पत्नी मौ. दानिश पुत्री नईम अहमद निवासी मोहल्ला पठानपुरा देवबन्द (सहारनपुर)

**सूचना**

मैने अपना नाम Mohammad Abdullah S/O Mohammad Rashidullah से बदल कर MOHD ABDULLAH S/O MOHD RASHIDULLAH कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

पता: मकान न0. 818
BADI KHANKAH
DEOBAND, SAHARANPUR

## संक्षिप्त खेल समाचार

### मैकलॉघलिन लेवरोन ने 42 साल पुराना चैंपियनशिप रिकॉर्ड तोड़ा

**टोक्यो, वार्ता।** अमेरिका की सिडनी मैकलॉघलिन-लेवरान ने गुरुवार को यहां विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सबसे लंबे समय तक चले आ रहे इवेंट रिकॉर्ड को तोड़कर दिन का सबसे यादगार पल बनाया, जबकि महिलाओं के ट्रिपल जंप फाइनल में हर्नांडेज ने चार बार की विश्व चैंपियन और ओलंपिक खिताबधारी वेनेजुएला की युलिमार रोजास को हराया। दो बार की ओलंपिक 400 मीटर बाधा दौड़ चैंपियन मैकलॉघलिन-लेवरोन ने महिलाओं के 400 मीटर फाइनल में 47:78 सेकंड में जीत हासिल की, और 1983 में पहली विश्व चैंपियनशिप में चेकोस्लोवाकिया की जर्मिला द्वारा बनाए गए 47:99 सेकंड के पिछले रिकॉर्ड से 0.21 सेकंड कम समय में जीत हासिल की।

### धीमी ओवर गति पर ऑस्ट्रेलिया पर लगा 10 प्रतिशत जुर्माना

**न्यू चंडीगढ़, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम पर भारत के खिलाफ दूसरे वनडे मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए मैच का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह जुर्माना एमिरेट्स आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी द्वारा लगाया गया। मंगलवार को खेले गये दूसरे वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया ने निर्धारित समय से दो ओवर कम फेंके थे। मैदानी अंपायर वृंदा व जननी, तीसरे अंपायर लॉरेन व चौथे अंपायर गायत्री ने ऑस्ट्रेलियाई टीम पर धीमे ओवर रेट का आरोप लगाया था। खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर- रेट संबंधित अपराध के लिए खिलाड़ियों पर निर्धारित समय में गेंदबाजी न करने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाये जाने का प्रावधान है।

# वह सिर्फ संदेशवाहक थे: एंड़ी



● पाकिस्तान को टॉस से 4 मिनट पहले बताया, हाथ नहीं मिलाएगी टीम इंडिया

**दुबई, वार्ता।** 2025 एशिया कप को लगभग पटरी से उतारने वाले विवाद के केंद्र में रहे आईसीसी मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को 14 सितम्बर को भारत-पाकिस्तान मैच के टॉस से कुछ मिनट पहले ही बताया गया था कि दोनों कप्तान हाथ नहीं मिलाएंगे। उस समय, उन्होंने खुद को निर्देश देने के बजाय संदेश देने वाला समझा।

इसके बाद, पीसीबी ने पाइक्रॉफ्ट के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उन पर आईसीसी के नियमों और क्रिकेट भावना का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया और उन्हें टूर्नामेंट से हटाने की मांग की गई। 14 और 17 सितम्बर को पाकिस्तान द्वारा खेले गए दो मैचों के दौरान हुई घटनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी सामने आने लगी है। मामले की प्रत्यक्ष जानकारी रखने वाले एक अधिकारी के अनुसार, यह विवाद रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच हुए मैच में 'टॉस से चार मिनट पहले' शुरू हुआ। जैसे ही पाइक्रॉफ्ट मैदान पर पहुंचे, उन्हें एसीसी स्थल प्रबंधक ने बताया कि बीसीसीआई ने उन्हें-भारत सरकार की अनुमति से - सूचित कर दिया है कि कप्तान सूर्यकुमार यादव और सलमान आगा के बीच हैंडशेक नहीं होगा।

पीसीबी अधिकारियों ने तर्क दिया कि पाइक्रॉफ्ट को इस असामान्य अनुरोध के बारे में आईसीसी को सूचित करना चाहिए था। ऐसा माना जा रहा है कि पाइक्रॉफ्ट ने कहा कि उनके पास ऐसा करने का समय नहीं था। अगर पर्याप्त समय होता, तो वह आईसीसी से सलाह लेते। इसके बजाय, टॉस से कुछ क्षण पहले, उन्होंने आग़ा को स्थिति के बारे में बताया, यह सोचकर कि अगर आग़ा सूर्यकुमार से हाथ मिलाने गए, तो वह सार्वजनिक रूप से शर्मनाक स्थिति उत्पन्न होने से बचा रहे थे। पाइक्रॉफ्ट के इस फ़ैसले को आईसीसी ने किसी भी समय आचार सं‍हिता के उल्लंघन के रूप में नहीं देखा, बल्कि एक ऐसी कार्रवाई के रूप में देखा, जो उन्हें खेल के प्रबंधन के लिए नियुक्त एक मैच अधिकारी के रूप में अपने अधिकार क्षेत्र में करने के लिए अधिकृत किया गया था। यह मुद्दा बुधवार को तब और बढ़ गया जब पाकिस्तान के यूएई के खिलाफ होने वाले जरूरी मैच को लेकर अनिश्चितता के बादल छा गए और पीसीबी ने धमकी दी कि अगर इस मैच के लिए चुने गए पाइक्रॉफ्ट की जगह कोई और मैच रेफरी नियुक्त नहीं किया गया तो वह टूर्नामेंट से हट जाएगा। पाइक्रॉफ्ट और पाकिस्तानी टीम के शीर्ष अधिकारियों के बीच आनन-फानन में हुई एक स्पष्ट बैठक के बाद आखिरकार एक घंटे की देरी के बाद मैच शुरू हुआ। पीसीबीने एक बयान में दावा किया कि पाइक्रॉफ्ट ने ष्पाकिस्तान क्रिकेट टीम के मैनेजर और कप्तान से माफी मांगी है, हालांकि स्थिति से परिचित सूत्रों का कहना है कि यह माफी नहीं थी, बल्कि घटना के बारे में 'गलतफहमी और गलत संचार पर खेद की अभिव्यक्ति' थी। पीसीबी ने भारत से पाकिस्तान की हार के बाद रविवार रात और सोमवार सुबह के बीच आईसीसी के क्रिकेट महाप्रबंधक वसीम खान को एक आधिकारिक शिकायत भेजी थी। इसमें बोर्ड ने टॉस से पहले की घटनाओं का क्रम बताया और पाइक्रॉफ्ट पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाया।

# ओमान के खिलाफ सैमसन को ओपनर बनाएगा भारत



● सजू सैमसन के अंतर्राष्ट्रीय टी-20 के आंकड़ें बताते है कि वे ओपनिंग में सबसे प्रभावशाली होते है

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टीम एशिया कप 2025 में शुक्रवार को ओमान के खिलाफ विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को सलामी बल्लेबाज के रूप में मैदान में उतार सकती है। टीम प्रबंधन बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करने पर विचार कर सकती है। संजू सैमसन फिलहाल भारतीय टीम के विकेटकीपर-बल्लेबाज हैं और नंबर पांच पर खेलते हैं। उन्हें आज के मैच में ओपनिंग का अवसर मिल सकता है। संजू सैमसन के अंतर्राष्ट्रीय टी-20 के आंकड़े बताते हैं कि वे ओपनिंग में सबसे प्रभावशाली होते हैं। ओपनर के रूप में 14 पारियों में सैमसन ने 512 रन बनाए हैं, औसत 39-4 और स्ट्राइक रेट 182.2 के साथ, जिसमें उनका उच्चतम टी-20 स्कोर 111 भी शामिल है। वहीं, नंबर पांच पर खेलते हुए पांच पारियों में स्ट्राइक रेट 131.9 के साथ उन्होंने सिर्फ 62 रन बनाए हैं, जो फर्क साफ दिखाता है। भारत की मौजूदा ओपनिंग जोड़ी, शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा, पाकिस्तान के खिलाफ कमाल दिखा चुकी है, लेकिन गिल का सतर्क खेल (सात गेंदों पर 10 रन) चर्चा में रहा। ओमान अपेक्षाकृत कमजोर टीम है, यह मुकाबला सैमसन को ओपनिंग में आजमाने का सबसे सही मौका देता है, ताकि वह पॉवरप्ले में अपनी ताकत के मुताबिक खुलकर खेल सकें। अगर संजू सैमसन को ओपनिंग मौका मिलता है तो भारत गिल को नंबर तीन या चार पर भेज सकता है, जहां उनका एंकलरग रोल मध्यक्रम को मजबूत कर सकता है। अभिषेक शर्मा ने ओपनिंग में धमाका किया है और उन्हें अपनी जगह बनाए रखने की जरूरत है, जिससे अभिषेक-संजू की जोड़ी पॉवरप्ले में टीम इंडिया के सबसे आक्रामक विकल्प बन सकती है।

# विश्वकप को लेकर हम बहुत उत्साहित हैं: जोटी

● हम पिछले कुछ महीनों से कड़ी मेहनत कर रहे है और उम्मीद करते हैं कि सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाएंगे: निगार जोटी

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश महिला क्रिकेट टीम की कप्तान निगार सुल्ताना जोटी ने शुक्रवार को कहा कि हमने 30 सितम्बर से शुरु हो रहे महिला क्रिकेट विश्वकप 2025 के लिए हमने कड़ी मेहनत की है और इसको लेकर हम बेहद उत्साहित और आशान्वित हैं।

जोटी ने आईसीसी के लिए अपने कॉलम में लिखा कि हम बेहद उत्साहित और आशान्वित हैं, और इस बार हम इसे अपने लिए महत्वपूर्ण बनाना चाहते हैं। हम पिछले कुछ महीनों से कड़ी मेहनत कर रहे हैं और उम्मीद करते हैं कि इस शानदार पल में हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाएगे। मैं बांग्लादेश के लोगों और दुनिया भर के प्रशंसकों से दुआओं की उम्मीद करती हूं। तीन साल पहले न्यूजीलैंड में एकदिवसीय विश्व कप खेलने का हमारा पहला अनुभव टीम के लिए एक चौंकाने वाला अनुभव था। पिछली बार हमने इतिहास रचा था, पाकिस्तान को एक ऐसे मैच में हराकर विश्व कप में अपनी पहली जीत हासिल की थी जिसे मैं कभी नहीं भूल पाऊंगी। आगामी टूर्नामेंट को लेकर बांग्लादेश की कप्तान ने कहा कि शर्मिन ने हमारे लिए सबसे अधिक रन बनाए।

## श्रीलंका के ऑलराउंडर दुनित वेल्लालगे के पिता का निधन

**अबु धाबी, वार्ता।** श्रीलंका के ऑलराउंडर दुनित वेल्लालगे के पिता सुरंगा वेल्लालगे का गुरुवार 18 सितम्बर को निधन हो गया। यह वही दिन था जब दुनित ने अबु धाबी में अफगानिस्तान के खिलाफ एशिया कप का ग्रुप बी मैच खेला था। 22 वर्षीय वेल्लालगे को अपने पिता की मृत्यु की खबर मैच के बाद ही पता चली, जिसे श्रीलंका ने छह विकेट और आठ गेंद शेष रहते जीतकर टूर्नामेंट के सुपर-4 दौर में जगह बनाई। मैच खत्म होते ही वह घर के लिए रवाना हो गए। इस शोक के कारण वेल्लालगे के एशिया कप में आगे भाग लेने पर संदेह पैदा हो गया है।

# श्रीलंका की नजर चौथी जीत पर

● एशिया कप 2025: बांग्लादेश उलटफेर की कोशिश में



**दुबई, वार्ता।** श्रीलंका एशिया कप 2025 के सुपर फ़ोर में एक ऐसी टीम के रूप में प्रवेश करेगा जिसने अब तक ज्यादातर चीज़ें सही की हैं। तीनों लीग मैच जीतने के बाद सबसे ताजा जीत अफग़ानिस्तान पर छह विकेट से मिली। चरित असालंका की टीम कल दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में बांग्लादेश से भिड़ने के लिए खुद को प्रबल दावेदार के रूप में स्थापित कर चुकी है। बांग्लादेश ने अपनी ओर से, एक तनावपूर्ण अंत में अफग़ानिस्तान को हराकर क्वालीफाई करने के लिए दृढ़ संकल्प दिखाया है। लिटन दास जानते होंगे कि अगर उन्हें ऐसी लय में चल रहे प्रतिद्वंद्वी को चुनौती देनी है, तो उनके खिलाड़ियों को अपनी बल्लेबाजी में निरंतरता लानी होगी और मैदान पर अनुशासन का भी पालन करना होगा। पथुम निसंका के प्रतियोगिता में 124 रन और पिछले मैच में कुसल मेंडिस के 74 रन, शीर्ष क्रम को दर्शाते हैं जो स्थिर दिखता है। कुसल परेरा और कामिंडु मेंडिस और स्थिरता प्रदान करते हैं, जबकि दासुन शनाका और वानिंदु हसरंगा मध्य और निचले क्रम को गहराई प्रदान करते हैं। नई गेंद से दुष्मंथा चमीरा और नुवान तुषारा की अगुवाई में और बीच के ओवरों में हसरंगा और महेश थीक्षाना के सहयोग से श्रीलंका का आक्रमण एक भरोसेमंद इकाई रहा है। बांग्लादेश को अपने पिछले मैच में तंजीद हसन और सैफ हसन की सलामी जोड़ी से हौसला मिलेगा। मुस्तफिजुर रहमान के तीन विकेट और नसुम अहमद का किफायती स्पेल श्रीलंका के बल्लेबाजों पर लगाम लगाने के लिए उनकी गेंदबाजी के महत्व को दर्शाता है।

## अश्विन हांगकांग सिक्सेस 2025 के लिए टीम इंडिया का हिस्सा होंगे



**हांगकांग, वार्ता।** क्रिकेट हांगकांग, चीन ने गुरुवार को घोषणा की कि दिग्गज भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन आगामी हांगकांग सिक्सेस 2025 के लिए टीम इंडिया के एक प्रमुख सदस्य होंगे, जो इस साल 7 से 9 नवंबर तक आयोजित होने वाला है।

आधुनिक क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ स्पिन गेंदबाजों में से एक माने जाने वाले अश्विन के शामिल होने से इस तेज-तर्रार, एक्शन से भरपूर वैश्विक टूर्नामेंट में टीम इंडिया के अभियान में अपार गहराई, अनुभव और स्टार पावर जुड़ गया है। अपनी असाधारण मैच जिताने की क्षमता के लिए जाने जाने वाले अश्विन की उपस्थिति प्रशंसकों को रोमांचित करेगी और अगली पीढ़ी के क्रिकेटरों को प्रेरित करेगी।

संन्यास की घोषणा के बाद यह शायद उनका पहला टूर्नामेंट होगा, और प्रशंसकों को क्रिकेट के सबसे तेज प्रारूप में उनकी जादुई क्षमता देखने को मिलेगी। इस घोषणा पर, हांगकांग क्रिकेट के अध्यक्ष बुर्जी श्रॉफ ने कहा कि हमें हांगकांग सिक्सेस 2025 में आर अश्विन का स्वागत करते हुए गर्व हो रहा है। टीम इंडिया में उनकी उपस्थिति इस टूर्नामेंट को और भी ऊंचाइयों पर ले जाएगी, जिससे इस युग के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खिलाड़ियों और कलाकारों में से एक हांगकांग में आएगा। सिक्सेस नवाचार, मनोरंजन और विश्व स्तरीय प्रतिभा का प्रतीक है, और अश्विन इन सभी गुणों के प्रतीक हैं।

# एन थंगराजा ने जीता चेन्नई ओपन



● सीपीसीएल के अंतिम दिन कड़े संघर्ष के बाद 1 ओवर 73 का स्कोर बनाकर खिताबी जीत हासिल की

**चेन्नई, वार्ता।** श्रीलंकाई एन थंगराजा ने चेन्नई के कॉस्मो टीएनजीएफ गोल्फ कोर्स में खेले गए एक करोड़ रुपये के इनामी टूर्नामेंट, चेन्नई ओपन 2025 पावर्ड बाय सीपीसीएल के अंतिम दिन कड़े संघर्ष के बाद एक ओवर 73 का स्कोर बनाकर खिताबी जीत हासिल की। एन थंगराजा (69-66-63-73), जो कल रात एक शॉट से आगे चल रहे थे, आखिरी दिन एक शॉट से आगे निकल गए और उन्होंने पूरे हफ्ते 17-अंडर 271 का स्कोर बनाया।

44 वर्षीय कोलंबो निवासी थंगराजा की यह छठी पीजीटीआई जीत और सीजन की दूसरी जीत थी, जिसके साथ उन्हें 15 लाख रुपये का विजयी पुरस्कार मिला, जिससे वह 2025 पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में 12वें स्थान से छठे स्थान पर पहुंच गए। नोएडा के अमरदीप मलिक (68-71-67-66), जिन्होंने ईगल के साथ दिन का समापन किया, दिल्ली के शौर्य भटाचार्य (67-65-69-71) और गुरुग्राम के मनु गंडास (66-68-65-73) की तिकड़ी कुल 16-अंडर 272 के स्कोर के साथ संयुक्त उपविजेता रही। डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब, गुरुग्राम के हनी बैसोया (72) 14-अंडर 274 के स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर रहे। एन थंगराजा ने दिन की धीमी शुरुआत की और पांच पार और उसके बाद छठे होल पर एक बोगी की, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी शौर्य भटाचार्य और मनु गंडास ने शुरुआती बढ़त हासिल की। हालांकि, कठिन पिन पोजीशन के बावजूद, थंगा ने इसके बाद लगातार अच्छा प्रदर्शन किया और 14वें होल तक ग्रीन्स के बीच में हिट करते रहे और दो-पट लगाकर पार बनाए। इसके बाद थंगा ने पार-3 के 15वें होल पर एक बेहतरीन टी शॉट लगाया और उसके बाद एक महत्वपूर्ण पांच फुट का बर्डी कन्वर्ज़न लगाकर एक बार फिर शीर्ष दावेदार बन गए। अंत में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों की गति कम होने के साथ, 16वें होल पर थंगा की बोगी का उन पर ज्यादा असर नहीं पड़ा और उन्होंने 18वें होल पर जीत के लिए महत्वपूर्ण छह फुट का पार पट लगाया। 2022 चेन्नई ओपन के उपविजेता थंगराजा, जो कॉस्मो टीएनजीएफ गोल्फ कोर्स में भी खेले थे, ने कहा कि आज पिन पोज़िशन इस हफ्ते की सबसे कठिन थी और यही उच्च स्कोर की वजह है।

## महिला क्रिकेट विश्व कप का आधिकारिक गीत 'ब्रिंग इट होम' जारी

● भारतीय गायिका श्रेया घोषाल द्वारा प्रस्तुत यह गीत लय सुर और भावनाओं का एक ऊर्जावान मिश्रण है

**नई दिल्ली, वार्ता।** महिला क्रिकेट की शक्ति, एकता और अदम्य उत्साह का जश्न मनाते हुए, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आज आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के लिए आधिकारिक कार्यक्रम गीत 'ब्रिंग इट होम' लॉन्च किया, क्योंकि इस बहुप्रतीक्षित टूर्नामेंट से पहले उत्साह लगातार बढ़ रहा है।

प्रशंसित भारतीय गायिका श्रेया घोषाल द्वारा प्रस्तुत यह गीत लय, सुर और भावनाओं का एक ऊर्जावान मिश्रण है, और इसका उद्देश्य दुनिया भर के प्रशंसकों को एकजुट करना है। तारिकिता तारिकिता तारिकिता ढोम जैसे आकर्षक गीतों और दिल की धड़कनों से प्रेरित धक धक, वी ब्रिंग इट होम के साथ, यह गीत विश्व मंच पर कदम रखने वाली हर महिला क्रिकेटर के जोश और सपनों को दर्शाता है। गीत दृढ़ संकल्प और एकता का जश्न मनाते हैं, सपनों और दृढ़ता की शक्ति के माध्यम से महिला क्रिकेट की समृद्ध विरासत का सम्मान करते हैं। पत्थर पिघलाना है, एक नया इतिहास बनाना है। की पंक्तियां सभी बाधाओं के बावजूद समर्पण और धैर्य की अटूट शक्ति को उजागर करती हैं। श्रेया घोषाल ने कहा कि महिला क्रिकेट की भावना, शक्ति और एकता का जश्न मनाने वाले आधिकारिक कार्यक्रम गीत के माध्यम से आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 का हिस्सा बनना एक अद्भुत अनुभव रहा है।

मैं अपनी आवाज देकर और उस पल का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रही हूं जो खेल के प्रति प्रेम के माध्यम से लोगों को एक साथ लाता है। मुझे उम्मीद है कि यह प्रशंसकों को प्रेरित करेगा।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी

● इस दौरे के दौरान भारतीय महिला हॉकी टीम अपने तीन मैच ऑस्ट्रेलिया जूनियर महिला टीम से खेलेगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम कैनबरा स्थित राष्ट्रीय हॉकी केंद्र में पांच मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करने को पूरी तरह तैयार है।

यह श्रृंखला 25 सितम्बर से 2 अक्टूबर, 2025 तक खेली जाएगी। मैच 26 सितंबर, 27 सितंबर, 29 सितंबर, 30 सितम्बर और 2 अक्टूबर को खेले जाएंगे। इस दौरे के दौरान, भारत अपने पहले तीन मैच ऑस्ट्रेलिया जूनियर महिला टीम के खिलाफ खेलेगा, उसके बाद स्थानीय टीम कैनबरा चिल के खिलाफ दो मैच खेलेगा, जो ऑस्ट्रेलिया की हॉकी वन लीग में प्रतिस्पर्धा करने वाला एक क्लब है। यह भारतीय जूनियर महिला टीम के लिए एक महत्वपूर्ण अनुभव दौरा होगा क्योंकि वे एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2025 की तैयारी जारी रखेंगे, जिसकी मेजबानी इस साल दिसंबर में चिली के सैंटियागो में की जाएगी। यह श्रृंखला भारतीय टीम को चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में खुद को परखने और ऑस्ट्रेलियाई जूनियर महिला टीम के खिलाफ बहुमूल्य अंतर्राष्ट्रीय मैच का अनुभव हासिल करने का मौका देगी, जो अपनी तेज-तर्रार और शारीरिक हॉकी के लिए जानी जाती है। कई खिलाड़ियों के लिए, यह जूनियर स्तर पर उनका पहला विदेशी अनुभव भी होगा, जो उनके विकास और प्रगति में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

इस दौरे को लेकर, भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के कोच तुषार खांडेकर ने कहा कि हम ऑस्ट्रेलिया का दौरा करने के इस अवसर के लिए आभारी हैं, जो दुनिया के सबसे मजबूत हॉकी खेलने वाले देशों में से एक है। उनके खिलाफ एक प्रतिस्पर्धी श्रृंखला खेलने से हमारे खिलाड़ियों को बहुमूल्य अनुभव मिलेगा, हमें सुधार के क्षेत्रों की पहचान करने में मदद मिलेगी, और टीम को इस साल के अंत में होने वाले जूनियर विश्व कप की चुनौतियों के लिए तैयार करने में मदद मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि खिलाड़ी प्रशिक्षण शिविर में कड़ी मेहनत कर रहे हैं और यह श्रृंखला हमारी अब तक की तैयारियों की असली परीक्षा होगी।

हमारा ध्यान मैच के मिजाज को बेहतर बनाने, विभिन्न परिस्थितियों के अनुकूल ढलने और दबाव में अपनी रणनीतियों को लागू करने पर होगा। मेरा मानना है कि यह अनुभव टीम के आत्मविश्वास और विश्व कप के लिए उसकी तैयारी को आकार देने में बहुत मददगार साबित होगा।

## उम्मीद है एशेज के पांचों टेस्ट में खेलूंगा: कमिंस

**सिडनी, वार्ता।** पीठ की समस्या से जूझ रहे ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज पैट कमिंस एशेज के सभी पांच टेस्ट मैचों में खेलना चाहते है। कमिंस ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम के दौरान यह बात कही। इस कार्यक्रम में खेल क्लबों के लिए जलवायु परिवर्तन से निपटने और पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ बने रहने के लिए संघीय सरकार ने 50 मिलियन डॉलर के अनुदान की घोषणा की गई। कार्यक्रम के दौरान कमिंस ने स्वीकार किया कि एशेज से पहले वह पूरी तरह से प्रतीक्षा करने और देखने की स्थिति है। कमिंस ने कहा कि लक्ष्य पांच टेस्ट मैच है। हर गर्मियों में आप पांच टेस्ट मैच खेलने का लक्ष्य रखते हैं। यह मैच थोड़ा अलग हो सकता है क्योंकि आप बाकी मैचों से थोड़े अलग अंदाज में आ रहे हैं।

# भारतीय महिला टीम घरेलू धरती पर ऑस्ट्रेलिया को हराकर सीरीज जीतने उतरेगी



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय महिला टीम ने शनिवार को अरुण जेटली स्टेडियम में होने वाले निर्णायक मुकाबले में घरेलू धरती पर ऑस्ट्रेलिया को हराकर सीरीज जीतने के इरादे से मैदान में उतरेगी । एलिसा हीली की कप्तान वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम पलटवार करना चाहेगी।

स्मृति मंधाना ने शानदार फॉर्म में चल रही है और उन्होंने पिछले मैच में 77 गेंदों में 117 रनों की पारी खेली। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया और ढूंढे कर रन बटोरे। दीप्ति शर्मा ने 40 रनों की शानदार पारी खेली और भारत ने 292 रन बनाए। डार्सी ब्राउन ने तीन विकेट लेकर कड़ी मेहनत की, लेकिन मंधाना की पारी का कोई जवाब नहीं था। मंधाना ने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपने पिछले तीन एकदिवसीय मैचों में दो शतक और एक अर्द्धशतक बनाए है।

वह वो खिलाड़ी हैं जिन्हें ऑस्ट्रेलिया शुरुआत में आउट करना चाहेगा। हरमनप्रीत कौर की टीम उसी एकादश पर भरोसा बनाए रखेगी, जेमिमा रोड्रिग्स की उपलब्धता पर ही सवालिया निशान है। प्रतीका रावल, हरलीन देओल, ऋचा घोष और दीप्ति शर्मा टीम में गहराई लाएंगी, जबकि राणा, राधा और क्रांति गेंदबाजी में रेणुका का साथ देंगी। भारतीय गेंदबाजों की बात की जाये तो रेणुका सिंह ठाकुर ने शुरुआत में ही शानदार प्रदर्शन किया, क्रांति गौड़ ने तीन विकेट लेकर कमाल कर दिया, और स्पिनरों स्नेह राणा, राधा यादव और दीप्ति शर्मा ने दबाव बनाया। ऑस्ट्रेलिया 190 रनों पर ढेर हो गया।

यह एकदिवसीय इतिहास में ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी हार थी, और 13 मैचों की उनकी जीत का सिलसिला भी टूट गया। ऑस्ट्रेलियाई टीम को अभी कम मत आंकना चाहिए। एलिसा हीली की टीम लगातार दो मैच शायद ही कभी गंवाती है। अगर फोबे लिचफील्ड वापसी करती हैं, तो एलिस पेरी, बेथ मूनी, एनाबेल सदरलैंड और हमेशा खतरनाक एश्ले गार्डनर के साथ शीर्ष क्रम मजबूत नज़र आता है। उनकी गेंदबाजी में अभी भी दम है।

# कवि सम्मेलन में प्रस्तुतियों से बांधे रखा समां

## जनमंच में आयोजित कार्यक्रम का मेयर डा. अजय, डीएम मनीष बंसल व एसएसपी आशीष तिवारी ने किया उद्घाटन





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मेला गुघाल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में स्व. सेठ गंगा प्रसाद माहेश्वरी सभागार में नगर निगम द्वारा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। उद्घाटन महापौर डॉ. अजय कुमार, जिलाधिकारी मनीष बंसल, एसएसपी आशीष तिवारी व निवर्तमान महापौर संजीव वालिया द्वारा मां शारदा के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कवि सम्मेलन की शुरुआत मुमताज नसीम द्वारा सरस्वती वंदना से हुई। स्वयं श्रीवास्तव के संचालन में देर रात चले कवि सम्मेलन में सहारनपुर के युवा गीतकार डॉ. मोहित संगम के देशभक्ति पूर्ण गीतों ने सभागार गूंजा दिया। नोएडा से आयी मीनाक्षी दिनेश ने अनेक गीतों के साथ प्रस्तुती दी। उनके बाद आये हास्य रस के जाने माने कवि बलबीर खिचड़ी की हास्य चुटकियों ने देर तक श्रोताओं को बांधे रखा। इसके अलावा पदम अलबेला, महाशर आफरीदी, भूपेंद्र राठौर ने भी श्रोताओं की नब्ज पहचानते हुए एक से बढ़कर गीत प्रस्तुत किये। इससे पूर्व मनोज राणा व मौ. युनुस द्वारा कार्यक्रम में पधारे शोभित विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार महिपाल सिंह, डॉ. पी डी गर्ग, डॉ. कर्ण सिंह सैनी, उद्यमी सुधाकर अग्रवाल, हेमंत अरोड़ा, योगेश दहिया, शीतल टण्डन आदि का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कवि सम्मेलन में निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ.संदीप मिश्रा सहित निगम के अनेक अधिकारी व पार्षदगण भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मौ. युनुस ने किया।

# सफाई मित्र सच्चे प्रहरी: शिपू गिरी




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा आईटीसी मिशन सुनहरा कल के सहयोग से नगर निगम परिसर में स्थापित सेल्फी प्वाइंट 'सेल्फी विद स्वच्छता प्रहरी' का नगरायुक्त शिपू गिरि ने फीता काटकर व स्वच्छता प्रहरियों के साथ सेल्फी लेकर शुभारंभ किया। यह सेल्फी प्वाइंट नगर निगम परिसर के अलावा जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में भी स्थापित किया गया है।

इस अवसर पर नगरायुक्त ने कहा कि सफाई मित्र हमारे समाज के सच्चे प्रहरी हैं। उनके परिश्रम से ही हम सबको स्वच्छ वातावरण मिलता है। यह सेल्फी प्वाइंट उनके सम्मान का प्रतीक बनेगा और नागरिकों को प्रेरित करेगा कि वे स्वच्छता अभियान को जनआंदोलन का रूप दें।

स्वच्छता ही सेवा अभियान को और अधिक सशक्त बनाने तथा नागरिकों के मन में सफाई कर्मियों के प्रति सम्मान की भावना जागृत करने के उद्देश्य से स्वच्छता पखवाडे के अंतर्गत 'मिशन सुनहरा कल' के सहयोग से नगर निगम सहारनपुर द्वारा यह विशेष पहल की गई है। इस अवसर पर नगर निगम के अपर नगरायुक्त मृत्युंजय सहित अनेक अधिकारियों ने भी सेल्फी ली। कार्यक्रम में आईटीसी मिशन सुनहरा कल के मयंक पाण्डेय एवं अन्य प्रति. निधि तथा नागरिक उपस्थित रहे।

# दोनों टेस्ट पास, फिर भी लाइसेंस गलत




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिले में परिवहन विभाग की लापरवाही का बड़ा मामला सामने आया है। यहाँ एक युवक ने ड्राइविंग टेस्ट सेंटर में टू-व्हीलर और एलएमवी दोनों की परीक्षा दी और दोनों में पूरे अंक लेकर पास हुआ। टेस्ट रिपोर्ट में साफ लिखा है कि अभ्यर्थी ने 100 में से 100 अंक पाए। इसके बावजूद जब स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस जारी हुआ तो उसमें केवल टू-व्हीलर की श्रेणी दर्ज थी, जबकि एलएमवी की श्रेणी गायब रही।

युवक का कहना है कि लाइसेंस बनवाने में उसने करीब 4000 रुपये खर्च किए, जबकि सरकारी शुल्क केवल 1350 है। इसमें 1000 पक्का लाइसेंस और 350 लर्निंग लाइसेंस की फीस तय है। ज्यादा पैसे खर्च करने के बाद भी गलत लाइसेंस जारी होना विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है।

दरअसल, सरकार ने ड्राइविंग लाइसेंस प्रक्रिया को ऑनलाइन और पारदर्शी बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं, ताकि लोगों को सुविधा मिले और भ्रष्टाचार कम हो। लेकिन इस मामले से साफ है कि निचले स्तर पर बैठे कर्मचारी ही गड़बड़ी कर रहे हैं और लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

अब पीड़ित युवक सही लाइसेंस की मांग कर रहा है और चाहता है कि अधिकारी तुरंत गलती सुधारें। यह मामला साबित करता है कि सरकार की मंशा साफ है, लेकिन विभाग के लापरवाह कर्मचारी ही व्यवस्था को बिगाड़ रहे हैं।

# डा. प्रवीण निर्विरोध निर्वाचित हुए आईएमए अध्यक्ष






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सहारनपुर शाखा के चुनाव में डा.प्रवीण शर्मा अध्यक्ष, डा. नीरज आर्या सचिव व डा.अनुपम मलिक कोषाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित हुए। संस्था की ओर से अगले वर्ष 2026-27 के लिए डॉक्टर डी के गुप्ता को प्रेसिडेंट इलेक्ट चुना गया है।

वर्तमान आईएमए अध्यक्ष डॉ नरेश नौसरान और सचिव डॉ महेश चन्द्रा के दिशा निर्देश में संपन्न हुए चुनाव में निर्वाचन अधिकारी डॉ आर एस पंवार और डॉ डी के तिवारी ने चुनाव के नतीजों की घोषणा की। चुनाव में आईएमए के जुड़े हुए अधिकांश चिकित्सकों ने प्रतिभाग किया जिसमे डॉ राहुल सिंह, डॉ पूनम मखीजा ,डॉ स्वर्णजीत सिंह एवं को वाइस प्रेसिडेंट नियुक्त किया गया है। आईएमए भवन कोषाध्यक्ष डॉ संजय कपिल को बनाया चुना गया। विज्ञान सचिव डा कलीम अहमद,सामाजिक सचिव डॉ ऋतु जैन, सांस्कृतिक सचिव डॉ दीपशिखा खन्ना और खेल सचिव डॉ संजीव अग्रवाल को चुना गया है। मेडिकोन कन्वीनर डॉक्टर रवि ठक्कर और मेम्बरशिप कन्वीनर डॉ रविकान्त निरंकारी चुने गए।

आईएमए केंद्रीय काउंसिल का सदस्य डॉ नरेश नौसरान, डॉ रजनीश दहूजा और डॉ सी एम कमाल एवं आईएमए राज्य काउंसिल का सदस्य डॉ महेश चन्द्रा, डॉ वी के भार्गव, डॉ विकास अग्रवाल, डॉ आर एन बंसल, डॉ सौम्य जैन, डॉ सुभाष सहगल को नियुक्त किया गया। आईएमए पत्रिका के संपादक डॉ अरुण अनेजा और ऑडिटर डॉ मोहन सिंह एवम डॉ प्रशांत खन्ना रहेंगे।

इस अवसर पर डॉ रिक्की चौधरी, डॉ विकास तोमर, डॉ महेश ग्रोवर, डॉ सुदर्शन नागपाल, डॉ रजनीश सिंघल, डॉ ननिता चंद्रा, डॉ अमित पांडे, डॉ श्वेता अग्रवाल, डॉ सी एस चोपड़ा, डॉ अंशुल गुप्ता, डॉ शशिकांत सैनी, डॉ अवनीश सिंघल, डॉ प्रवीण मित्तल, डॉ मनदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# पंजाब पीड़ितों के लिए पार्षद टिंकू ने सौंपी मदद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पार्षद और वरिष्ठ सपा नेता अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने पंजाब आपदा के सहयोग के लिए तीन दिवसीय कैंप में एकत्र की गई धनराशि को गुरू सिंह सभा और खालसा ऐड के पदाधिकारियों को सौंप दी।

अभिषेक टिंकू अरोड़ा टिंकू ने बताया कि अभी हमारे पास बड़ी संख्या में नया कपड़ा और कुछ सहयोग राशि ओर है जिसे जल्द ही हम पंजाब में पहुंचाने का काम करेंगे। पंजाब आपदा में सहयोग हम अपने नगर के सिखो की सबसे बड़ी संस्था और सिख समाज के द्वारा करवाना चाहता थे इसलिए अपने सहयोगियों के साथ यहां आये है। उन्होंने कहा कि हमारा सिख समाज हमेशा से सभी वर्गों की सेवा करता आया है और पंजाब आपदा में गुरु सिंह सभा लगातार सेवा कर रहा है जिसकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है।

गुरु सिंह सभा के जनरल सेक्रेटरी सरदार अमनप्रीत सिंह और खालसा ऐड के नगर प्रभारी सरदार गुरप्रीत सिंह गोलू ने अभिषेक टिंकू अरोड़ा और सभी सहयोगियों का आभार प्रकट किया। गुरू तेग बहादुर स्कूल के मैनेजर सरदार सतविंदर सिंह माकन और सरदार गुरप्रीत सिंह बग्गा ने कहा पंजाब में आई आपदा से भारी नुकसान हुआ है लेकिन पंजाब की जनता के लिए लगातार सहयोग ओर सेवा जारी है। जत्थेदार प्रीतम सिंह ने सभी को आशीर्वाद दिया। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी नसीर खान, राव मोहम्मद, सरदार बलबीर सिंह भाटिया, सरदार तेजिंदर सिंह डंग रिंकू, सरदार अभिजीत सिंह, सरदार अमनप्रीत सिंह, सरदार अमरजीत सिंह गिन्नी, सरदार मनजीत सिंह, सरदार अमनदीप सिंह, सरदार दीपक सिंह मनचंदा, सरदार अमरजीत सिंह, सरदार साहिब सिंह, सरदार गुरप्रीत सिंह, सरदार शेरू सिंह, सरदार गुरमीत सिंह, सरदार गुरकीरत सिंह, सरदार रोमी सिंह, रजत शर्मा, काजी शाद, शादाब खान, मासूम जैदी, शुभम शर्मा, अनुभव शर्मा, गोविंद वर्मा, शुभम वर्मा, रवि यादव, शुभम थापा आदि मौजूद रहे।

# राधा कृष्ण भजनों पर झूमे श्रद्धालु



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महानगर युवा वैश्य सभा द्वारा आयोजित भजन-संध्या का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास एवं भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ जिसमें राधा-कृष्ण भजनों को पर झूले श्रद्धालुओं झूमते रहे।

अग्रवाल धर्मषाला में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सभा के महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई एवं संदीप जयसवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। वृंदावन धाम से पधारी सुप्रसिद्ध भजन गायिका संस्कृति राजपूत ने अपनी मधुर वाणी में एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भक्ति-सागर में सराबा. र कर दिया।सभा के महानगर अध्यक्ष नीरज गुप्ता व जिला कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता ने भी भजनों की लय पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुति देकर कार्यक्रम की गरिमा में चार चांद लगा दिए। राधा-कृष्ण की आकर्षक झांकियों ने उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम संयोजक-नीरज गुप्ता, शिवा गोयल, विभोर जिंदल, विवेक गोयल, शुभम गोयल रहे।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि योगेश गुप्ता, शिवकुमार गुप्ता रहे। इसके अलावा सुभाष चंद्र अग्रवाल, अनिल मित्तल, रवि सिंगल, विनय जिंदल, संजय गर्ग, मयंक गर्ग, ज्योति अग्रवाल अखिलेश मित्तल पवन गोयल आदेश गुप्ता अनिल गुप्ता, कुसुम अग्रवाल संगीता गोयल अनुभव सिंघल अजय अग्रवाल नरेश गोयल, विनोद गुप्ता (सम्राट विक्रम) सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सुरक्षा के प्रति जागरूक किया

**चिलकाना।** सीओ सदर एएसपी प्रिया यादव यादव ने जे जे इंटर कॉलेज सुल्तानपुर में कॉलेज की छात्राओं से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को जाना व उन्हें उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

शुक्रवार को जे जे इंटर कॉलेज में पहुंची सीओ प्रिया यादव ने छात्राओ को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए सरकार द्वारा जारी किए गए महिला हेल्पलाइन नम्बरों के विषय मे जानकारी दी। इस दौरान सीओ ने छात्राओं का हौंसला बढ़ाया।

इस अवसर पर कॉलेज प्रधानाचार्य धर्मेंद्र शर्मा, उप प्रधानाचार्य सत्यवीर सिंह, शिक्षक रणवीर शास्त्री, विजेंद्र सिंह, आंनद प्रकाश, रविदीप सिंह, श्रवण कुमार, बाली कुमार, पूजा रानी, रुबी अंसारी आदि स्टाफ गण मौजूद रहे।

# बूंदा बंदी में भी मेला गुघाल में उमड़ रहा लोगों का सैलाब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर में ऐतिहासिक मेला गुघाल इस वर्ष भी बड़ी ही धूमधाम और भव्यता के साथ आरंभ हुआ है। पूर्व की भांति इस बार भी पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ प्रारंभ किया गया। चारों ओर रंग-बिरंगी रोशनियों, झंडियों और सजावट से वातावरण उत्सवमय दिखाई दिया।

इस बार मेले की कमान मेरठ निवासी ठेकेदार सन्नी गुप्ता और उनकी जुझारू समस्त टीम के सदस्य संभाल रहे हैं। मेला गुघाल की सभी मैनेजमेंट व्यवस्था बेहतर तरीके से बाखूबी अंजाम देते हुए प्रदर्शित हो रहे हैं, ताकि मेले में भ्रमण करने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े,वहीं मेले में आगमन करने वाले भ्रमण वासी भी इस गुघाल मेले का बड़ा ही आनंद उठाते हुए दिखाई दिये, लेकिन थम थम कर होती रिमझिम वर्षा की हल्की बूंदाबांदी ने मेले का रंग कुछ फीका सा दिखाई दिया, लेकिन फिर भी मेला का भ्रमण करने वाले नगर वासियों के उत्साह में किसी भी प्रकार की कमी दिखाई नहीं दी, मेले में मनोरंजन से लेकर खरीदारी तक हर उम्र के लोगों के लिए आकर्षक झलक देखने को मिल रही है। झूले, मौत का कुआँ, हालांकि मौत के कुएं को लेकर इस बार कहीं-कहीं विघ्न उत्पन्न दिखाई दिया लेकिन आशा है की जल्द ही मेला ठेकेदार सन्नी गुप्ता के नेतृत्व में नागरिकों के मनोरंजन हेतु इसका हल भी निकाल लिया जायेगा,मेले में जलपरी शो बच्चों एंव महिलाओं के लिए खास आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। वहीं, छोले चाट, पानी पूरी, एंव अन्य स्वादिष्ट व्यंजनों की दुकानों पर भी महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ती हुई नजर आयी। शाम ढलते ही रात्रि के प्रथम पहर में मेले की रौनक में और अधिक से अधिक इजाफा हो जाता है। मेले में सुरक्षा और व्यवस्था के लिए प्रशासन की और से विशेष इंतजाम किए गए हैं,जिससे लोग बिना किसी असुविधा के आनंद उठा सकें। सहारनपुर के मेले गुघाल की भव्यता और विविधता ने इसे नगरवासियों ही नहीं, बल्कि आसपास के गाँवों और शहरों के लोगों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बना दिया है। भ्रमण वासियों का कहना है कि मेला गुघाल की बेहतर व्यवस्था का सारा श्रेय ठेकदार सन्नी गुप्ता और उनकी समस्त टीम को जाता है जो उन्हें इतनी बेहतर सुविधाएं प्रदान कर रहे हैं।

# अटल भूषण अवार्ड से नवाजे गए नकुड़ विधायक मुकेश




**सहारनपुर।** नकुड विधायक मुकेश चौधरी को अटल भूषण अवार्ड से नवाजा गया।

आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री संग्रहालय ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में यह सम्मान दिया गया। विधायक को यह पुरस्कार उनके द्वारा उत्तरप्रदेश में अपनी विधानसभा नकुड़ में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया। उत्तरप्रदेश से इस पुरस्कार के लिए चुने जाने वाले वह एकमात्र विधायक है तथा उनके द्वारा आदर्श विधानसभा में बालिका शिक्षा, जल प्रबंधन एवं पर्यावरण संरक्षण आदि क्षेत्रों में किये गये कार्यों को सराहा गया।

## बाढ़ प्रभावित किसानों को राहत: खेत की रेत और मिट्टी बेचने की मिले अनुमति

# सपा नेता फरहाद ने मुख्यमंत्री से की मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पंजाब सरकार द्वारा बाढ़ से प्रभावित किसानों को उनके खेतों में जमा रेत और मिट्टी बेचने की अनुमति देने के फैसले को स्वागत योग्य बताते हुए सपा के वरिष्ठ नेता फरहाद आलम गाडा ने मांग करते हुए कहा कि पंजाब की तर्ज पर उत्तर प्रदेश सरकार भी किसानों को राहत देने के लिए इसी प्रकार की घोषणा करें

फरहाद आलम गाडा ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने हाल ही में कैबिनेट बैठक के बाद षजिसका खेत, उसकी रेतष योजना की घोषणा की थी। इस योजना के तहत बाढ़ की वजह से खेतों में जमा रेत और मिट्टी को किसान बेच सकेंगे, जिससे उन्हें अपने नुकसान की आंशिक भरपाई करने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार को भी पंजाब की तर्ज पर यह योजना लागू करनी चाहिए। बाढ़ से प्रभावित जिलों के किसानों का तर्क है कि खेतों में जमा रेत से न केवल खेती प्रभावित हो रही है, बल्कि किसान दोहरी मार झेल रहे हैं। यदि सरकार उन्हें रेत और मिट्टी बेचने की अनुमति देती है तो यह उनके लिए बड़ी राहत साबित होगी।

**पंजाब की तर्ज पर मिले अधिकार, जिसका खेत उसका रेत**

फरहाद आलम गाडा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग करते हुए कहा कि जिसका खेत, उसकी रेतष योजना को उत्तर प्रदेश में भी तत्काल लागू किया जाए, ताकि हजारों प्रभावित किसानों को आर्थिक सहारा मिल सके और वे खेती की दिशा में दोबारा खड़े हो सकें।

उन्होंने कहा कि यह कदम प्रदेश सरकार के लिए न केवल किसानों को राहत पहुंचाने वाला साबित हो सकता है, बल्कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को भी गति देगा।

# युवक ने की गाली गलोच

**तीतरों।** राजस्व वसूली के दौरान कनेक्शन काटने से भड़के युवक ने पावर कॉरपोरेशन की टीम के साथ गाली गलौज की तथा जान से मारने की धमकी दी। पावर कॉरपोरेशन की टीम ने पुलिस को मामले की शिकायत दर्ज कराई है।

पावर कॉरपोरेशन की टीम में शामिल जेई अवधेश कुमार, प्रेम कश्यप, गौरव, सुरेंद्र आदि कस्बे में राजस्व वसूली के लिए आए थे। राजस्व वसूली के दौरान मोहल्ला महाजनान में एक विद्युत उपभोक्ता पर बिल बकाया होने के कारण पावर कॉरपोरेशन की टीम ने कनेक्शन को विच्छेद कर दिया। जिसके कारण युवक भड़क गया उसने पावर कॉरपोरेशन की टीम के साथ अभद्र व्यवहार किया तथा गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। टीम ने गाली दे रही युवक का वीडियो भी बना लिया। पावर कॉरपोरेशन की टीम में शामिल जेई अवधेश कुमार ने दो युवकों के खिलाफ तहरीर दी है।

# आईआईए का स्थापना दिवस मनाया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के सदस्यों ने आज हर्षोल्लास के साथ संगठन का 40वाँ स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर सभी उद्यमियो ने मिलकर केक काटा और खुशियाँ साझा कीं।

आज आईआईए कार्यालय, ट्रेड सेंटर, प्रताप मार्केट पर एकत्र हुए और पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामजी सुनेजा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आईआईए एक प्रतिष्ठित औद्योगिक संगठन है, जिसकी स्थापना 13 सितम्बर 1985 को हुई थी। स्थापना के बाद से संगठन ने उद्योग जगत, विशेषकर लघु, छोटे एवं मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) के उत्थान और प्रगति के लिए निरंतर कार्य किया है। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद मिगलानी, चैप्टर चेयरमैन गौरव चोपड़ा ने कहा कि आईआईए उद्योगों की आवाज को उठाने वाला संगठन है।

चैप्टर सचिव कुशल शर्मा एवं कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र मोहन कालड़ा ने कहा कि संगठन ने हमेशा एमएसएमई को सशक्त बनाने का कार्य किया है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजीव अरोड़ा, प्रमोद सडाना एवं आर.के. धवन ने अपने विचार प्रकट किये। इस अवसर पर उपाध्यक्ष विनय दहूजा, राजकुमार अरोड़ा, अरविंद खन्ना, सुनील अरोड़ा, जिला उद्योग बंधु कन्वीनर सुनील सैनी, पिलखनी औद्योगिक क्षेत्र एवं खाद्य विभाग कन्वीनर अनुज कुमार जैन, यूपीसीडा एवं आयुष विभाग कन्वीनर शिवम गोयल उपस्थित रहे।

# मंजीत चौधरी को बनाया भाकियू मण्डल अध्यक्ष



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय किसान यूनियन भानू द्वारा मंजीत चौधरी को मण्डल अध्यक्ष मनोनीत करने के साथ ही संगठन मजबूती के दिशा निर्देश दिये।

दिल्ली रोड स्थित एक होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष राजू माजरा ने यह घोषणा करते हुए प्रमाण पत्र प्रदान किया। जिला अध्यक्ष चौधरी राजू माजरा ने कहा 2026 तक हमारा लक्ष्य सहारनपुर में 20000 कार्यकर्ता बनाने का है जिससे संगठन को मजबूत बनाया जा सके। नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष मनजीत चौधरी ने भी आभार व्यक्त किया और कहा जो संगठन ने मुझ पर भरोसा जताया है मैं उसे पर खरा उतरूंगा और संगठन के लिए दिन रात मेहनत करूंगा महानगर अध्यक्ष सुभाष चौधरी ने कहा मैं हर वर्ग के व्यक्ति के साथ हर समय खड़ा हूं जहां भी भारतीय किसान यूनियन भानू के कार्यकर्ता के मान सम्मान की बात आएगी वहां मैं अपना खून बहा दूंगा अपने किसी भी पदाधिकारी के मान सम्मान में कमी नहीं आने दूंगा। जिला अध्यक्ष ने संगठन का विस्तार करते हुए चौधरी देवी सिंह को नकुड़ ब्लॉक अध्यक्ष बनाया प्रवेज अली को खेड़ा न्याय पंचायत का अध्यक्ष बनाया और अजय चौहान को बहादर नगर ग्राम अध्यक्ष नियुक्त किया। इस अवसर पर जिला प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी प्रवेश गुर्जर संगठन मंत्री संजय रंधेड़ी जिला अध्यक्ष प्रतिनिधि नीरज चौधरी देदपुरा महानगर सचिव शिवा संगठन मंत्री रणदीप ठाकुर महानगर अध्यक्ष प्रतिनिधि आशु ठाकुर उपाध्यक्ष एहतेशाम उपाध्यक्ष सुल्तान राणा महामंत्री अमन शेट्टी संगठन मंत्री पंकज चावला गंगोह ब्लॉक अध्यक्ष बलवान चौधरी नकुड़ ब्लॉक अध्यक्ष देवी सिंह रामपुर तहसील अध्यक्ष रामपाल सिंह रामपुर तहसील उपाध्यक्ष डॉ राहुल अम्बेहटा नगर अध्यक्ष लियाकत कुरैशी रामपुर नगर अध्यक्ष अजय कुमार अम्बेहटा नगर महासर्. चव इरफान कुरैशी खेड़ा न्याय पंचायत अध्यक्ष प्रवेज अली ग्राम अध्यक्ष बहादुरपुर अजय चौहान राशिद मलिक कपूरी आदि मौजूद रहे।

**सम्पादकीय**

शनिवार, 20 सितम्बर 2025

# सच्चाई आए सामने

शुक्रवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने वोट चोरों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग को फिर से घेरा है। एक्स वीडियो पर उन्होंने क्लिप शेयर की, केपशन में लिखा कि चार बजे उठो, छत्तीस सेकेंड में दो वोटर मिटाओ फिर सो जाओ, ऐसे भी हुई वोट चोरी। गुरुवार को भी अपनी एक प्रेस कान्फ्रेंस में वह चुनाव आयोग पर आरोप लगा चुके हैं तब उन्होंने कहा था कि मुख्य चुनाव आयुक्त वोट चोरी और वोट डिलीट करा रहे हैं और अपनी बात को मजबूती प्रदान करने लिए उन्होंने कनार्टक के आलंद विधानसभा क्षेत्र के उन वोटरों को भी पेश किया, जिनके नाम हटाने की कोशिश की गई। जहां तक बात चुनाव आयोग की प्रतिक्रिया की है, वह केवल यह कहकर पल्ला झाड़ता दिखाई दे रहा है कि राहुल गांधी के आरोपों में कोई दम नहीं है। सरकार भी राहुल गांधी को इस पूरे मामले पर घेरती दिखाई दे रही है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया में कह भी डाला कि राहुल गांधी हताशा में हैं। वह कभी नरेंद्र मोदी की नकल करेंगे, कभी जेन-जी की बात करेंगे। असल में शुक्रवार को राहुल गांधी ने कहा था कि देश के युवा, देश के छात्र, देश के जेन जी संविधान को बचाएंगे। लो. कतंत्र की रक्षा करेंगे और वोट चोरी को रोकेंगे और मैं उनके साथ खड़ा हूं। भाजपा के नेता उनके इस बयान को उनके माओवादी होने के सबूत में पेश कर रहे हैं। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फणडवीस ने कहा भी कि यह वोट चोरी का मामला नहीं है राहुल का दिमाग चोरी हो गया है और जब किसी का दिमाग चोरी हो जाता है तो वह इसी तरह करता है। उन्होंने कहा कि राहुल की देश के संविधान के प्रति आस्था नहीं है। वह सारी व्यवस्था को नकार रहे हैं और अब तो उन्हें शहरी माओवादी होने का सबूत भी दे दिया है। जाहिर है राजनीति में इस तरह की प्रतिक्रिया तो चलती रहती है, राहुल गांधी कितना सच कह रहे हैं कितना झूठ कह रहे हैं, यह अलग बहस का विषय हो सकता है और इसका पता भी जब चल सकता है, जब इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो। यह देखना किसी विडंबना से कम नहीं है कि जांच की आवाज किधर से भी नहीं आ रही है। न तो चुनाव आयोग ही जनता को यह आश्वासन दे पा रहा है कि वह इस पूरे मामले की जांच करा पाएगा, वैसे होना यही चाहिए था कि अगर कहीं से गड़बड़ी की खबर आ रही है तो चुनाव आयोग को कहना चाहिए था कि वह इस सच का पता लगाएगा। ठीक उसी तरह सरकार को भी इस तरह के आरोपों पर चिंता जाहिर करनी चाहिए थी। लेकिन हो इसके उलट रहा है। चुनाव आयोग तमाम आरोपों को सिरे से ही नकार रहा है और केंद्र सरकार इस तरह की गड़बड़ी पर चिंता जाहिर करने के बजाए चुनाव आयोग का पूरी तरह बचाव करती दिखाई दे रही है बल्कि उससे भी आगे जाकर, इतना बचाव तो खुद चुनाव आयोग अपना नहीं कर पा रहा है। जाहिर है इस तरह के व्यवहार से जनता में एक गलत संदेश ही जाएगा और चुनाव आयोग की साख ही प्रभावित होगी। यह उस देश के लिए जरा भी ठीक नहीं है, जो दुनिया का सबसे बड़ी आबादी वाला लो. कतांत्रिक देश है। लोकतंत्र में मर्यादा व मूल्यों की बहुत गरिमा होती है। इसकी रक्षा होनी ही चाहिए।

## वीरता हथियार के आकार की बात नहीं



पाकिस्तान को लगता था कि अचानक किए गए आतंकी हमलों से हम डर जाएंगे, वो ये नहीं जानते कि भारत का हर सैनिक देश की एकता और अखंडता से समझौता नहीं कर सकता, पीएम मोदी ने ठान लिया था कि पाकिस्तान को सबक सिखाना है, हमने उन्हें ऐसा सबक सिखाने की ठानी, जिसकी वे कल्पना भी नहीं कर सकते, मास्टर हवलदार अब्दुल हमीद की बहादुरी ने आसल उत्तर की लड़ाई में अकेले ही पाकिस्तान के कई टैंकों को बर्बाद कर दिया था, हमारे बहादुर वीर अब्दुल हमीद ने हमें सिखाया कि वीरता हथियार के आकार की बात नहीं है, बल्कि दिल बड़ा होना चाहिए, जब पहलगाम हमला हुआ था, तो प्रधानमंत्री ने आतंकवादियों को सबक सिखाने का फैसला किया था।

**-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

# पीर अली खान: आजादी के इतिहास का अमर स्तम्भ





वीरेश तरार

1857 का संग्राम भारतीय स्वतंत्रता की पहली प्रचंड ज्वाला था। यह केवल सैनिकों का विद्रोह नहीं था, बल्कि जनता के हृदय में लंबे समय से धधक रही उस चिंगारी का विस्फोट था, जिसने अंग्रेजी हुकूमत को पहली बार गहराई से हिला दिया। इस संग्राम में जहां मेरठ और दिल्ली से लेकर कानपुर, झांसी, बरेली, लखनऊ, अवध और पूरे उत्तर भारत के अनेक सेनानी अमर हुए, वहीं बिहार की धरती पर एक ऐसा नायक खड़ा हुआ, जिसकी शहादत आजादी के इतिहास का अमिट स्तंभ है। यह नायक थे पीर अली खान।

पीर अली खान का नाम हमारे इतिहास में उस वीरता और अदम्य साहस का प्रतीक है, जिसने अपने प्राणों की आहुति देकर स्वतंत्रता की नींव मजबूत की, लेकिन दुखद यह है कि आजादी की उस लंबी लड़ाई के कई सच्चे नायकों की तरह पीर अली खान को भी इतिहास के पन्नों में वह स्थान नहीं मिला, जिसके वह अधिकारी थे। आज जब हम स्वतंत्र भारत की सांस लेते हैं और अपनी मातृभूमि की आजादी पर गर्व करते हैं, तब पीर अली खान जैसे बलिदानियों को याद करना न केवल आवश्यक है, बल्कि राष्ट्रीय कर्तव्य भी है।

पीर अली खान का जन्म सन 1812 के आसपास माना जाता है। वह मूल रूप से एक साधारण परिवार से थे। जीविका के लिए उन्होंने पटना में किताबों की जिल्दबंदी और किताबों की दुकान का काम शुरू किया। उस समय किताबें केवल ज्ञान का साधन ही नहीं थीं, बल्कि विचारों और संदेशों का माध्यम भी थीं। पीर अली खान की दुकान पटना में किताबों के प्रेमियों के लिए एक सामान्य स्थल थी, लेकिन धीरे-धीरे यह दुकान अंग्रेजों के विरुद्ध गुप्त योजनाओं का केंद्र बनने लगी। किताबों की जिल्दों और पन्नों के बीच से वे स्वतंत्रता संग्राम के पर्चे, संदेश और गुप्त पत्र सिपाहियों और क्रांतिकारियों तक पहुंचाने लगे। उनके संपर्क डेनापुर छावनी के उन भारतीय सिपा. हियों से भी थे, जिनके मन में अंग्रेजों के प्रति असंतोष दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा था। जब मई 1857 में मेरठ से विद्रोह की चिंगारी फूटी और दिल्ली में बहादुरशाह जफर को सम्राट घोषित कर स्वतंत्रता का बिगुल बजा, तो इसकी गूंज पटना तक पहुंची। बिहार की धरती पहले से ही शोषण, अन्याय और अत्याचार से त्रस्त थी। किसानों और स्थानीय जनता से कठोर कर वसूली, अंग्रेज अधिकारियों की तानाशाही और उनके नस्लीय अहंकार ने जनता के मन में गहरा असंतोष पैदा कर दिया था। ऐसे माहौल में पीर अली खान जैसे साहसी और निडर व्यक्ति के लिए यह दुकान मात्र व्यवसाय नहीं रही, बल्कि स्वतंत्रता का गुप्त अड्डा बन गई। अंग्रेज प्रशासन की निगाहें बहुत जल्द उनकी गतिविधियों पर पड़ गईं। उन्हें शक था कि पीर अली खान केवल किताबें बेचने और जिल्दबंदी करने वाले नहीं हैं, बल्कि स्वतंत्रता सेनानियों को संदेश पहुंचाने वाले भी हैं। 4 जुलाई 1857 को अंग्रेजों ने पीर अली खान को उनके 33 साथियों के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उन्हें कठोर यातनाएं दी गईं। उनसे बार-बार पूछा गया कि उनके साथ और कौन लोग जुड़े हुए हैं, किन सैनिकों से उनका संपर्क है, वे क्रांतिकारी पर्चे कहां से लाते हैं। लेकिन पीर अली खान ने किसी का नाम नहीं बताया। उन्होंने अपने साथियों के साथ विश्वासघात करने के बजाय अपने प्राण न्योछावर करना स्वीकार किया।

अंग्रेजी हुकूमत ने उन्हें डराने के लिए तरह-तरह के प्रयास किए। उन्हें यह लालच भी दिया गया कि यदि वे अपने साथियों के नाम बता दें तो उन्हें क्षमा कर दिया जाएगा। लेकिन पीर अली खान अडिग रहे। उन्होंने कहा कि वे मरना पसंद करेंगे, पर अपने साथियों का भेद नहीं बताएंगे। यही उनका चरित्र था, यही उनकी सच्ची राष्ट्रभक्ति थी।

7 जुलाई 1857 को उन्हें फांसी की सजा दी गई। पटना के अंग्रेज कलेक्टर के आवास के सामने, सार्वजनिक रूप से, उन्हें फांसी पर चढ़ा दिया गया। अंग्रेज चाहते थे कि जनता यह .श्य देखकर भयभीत हो, लेकिन परिणाम उल्टा हुआ। लोगों के मन में पीर अली खान के लिए श्रद्धा और अंग्रेजों के लिए घृणा और अधिक गहरी हो गई। उनकी निर्भीकता का यह आलम था कि अंतिम क्षणों में उन्होंने निर्भय स्वर में कहाकृहतुम मुझे फांसी दे सकते हो, लेकिन मेरे विचारों और मेरे साथियों की चेतना को नहीं मार सकते। यह वाक्य आज भी स्वतंत्रता की उस अमर भावना का प्रतीक है, जो किसी भी शक्ति से दबाई नहीं जा सकती। पीर अली खान की शहादत के बाद अंग्रेजों ने उनकी किताबों की दुकान और पुस्तकालय को तहस-नहस कर दिया। उनके सहयोगियों को भी कड़ी सजाएं दी गईं। लेकिन यह बलिदान व्यर्थ नहीं गया। उनकी फांसी ने पूरे पटना और बिहार में क्रांति की लहर को और तेज कर दिया। उनका बलिदान यह सिद्ध कर गया कि स्वतंत्रता केवल सिपाहियों की बंदूक का सपना नहीं था, बल्कि आम जनता के दिल की पुकार थी।

आज जब हम 1857 के संग्राम की चर्चा करते हैं, तो बहादुरशाह जफर, रानी लक्ष्मीबाई, तात्या टोपे, बेगम हजरत महल जैसे महान नाम सामने आते हैं। लेकिन यह दुर्भाग्य है कि पीर अली खान जैसे वीर, जिन्होंने अपने लहू से स्वतंत्रता का मार्ग प्रशस्त किया, उतनी प्रसिद्धि नहीं पा सके। जबकि उनका योगदान किसी भी तरह कमतर नहीं था। वे इतिहास के उस छिपे हुए पन्ने हैं, जिसे बार-बार पलटकर देखना चाहिए। यह भी विचारणीय है कि आज जब कभी मुस्लिम समाज की राष्ट्रभक्ति पर संदेह जताने की कोशिश की जाती है, तब हमें पीर अली खान की शहादत याद करनी चाहिए। उन्होंने यातनाएं झेलीं, पर अपने साथियों का नाम तक न बताया। उन्होंने राष्ट्रहित में अपने प्राणों का बलिदान दिया। वे इस बात का सबसे बड़ा प्रमाण हैं कि भारत की आजादी की लड़ाई में हर धर्म, हर जाति और हर वर्ग ने अपना योगदान दिया। पीर अली खान की शहादत इतिहास का वह आभूषण है, जिसे भुलाना हमारी आजादी की आत्मा को भुलाना होगा। आज पटना में जिस जगह उन्हें फांसी दी गई थी, वहां पीर अली पार्क उनकी स्मृति में मौजूद है। यह केवल एक स्मारक नहीं है, बल्कि यह गवाही है उस बलिदान की, जिसने स्वतंत्रता की नींव में अपनी जगह हमेशा के लिए बना ली। हर पीढ़ी को वहां जाकर यह समझना चाहिए कि आजादी का यह उपहार हमें सहज नहीं मिला, इसके पीछे पीर अली खान जैसे अनगिनत बलिदानियों की आहुति है।

पीर अली खान की गाथा हमें यह सिखाती है कि स्वतंत्रता का इतिहास केवल बड़े राजाओं और प्रसिद्ध सेनानियों का इतिहास नहीं है, बल्कि उन गुमनाम और अल्पज्ञात नायकों का भी इतिहास है, जिन्होंने अपने प्राण देकर आने वाली पीढ़ियों को स्वतंत्र भारत का स्वप्न सौंपा। यदि हम ऐसे नायकों को भूल गए, तो हम अपनी आजादी की जड़ों को भूल जाएंगे। इसलिए आज जब कोई भी किसी मुस्लिम की राष्ट्रभक्ति पर संदेह करने की को. शिश करे, तो हमें दस बार पीर अली खान का नाम स्मरण करना चाहिए। यह नाम हमें याद दिलाएगा कि भारत की आजादी की नींव में उनका लहू भी उतना ही शामिल है जितना किसी और का। यह नाम हमें यह भी याद दिलाएगा कि राष्ट्रभक्ति का कोई धर्म नहीं होता, यह केवल त्याग, बलिदान और निष्ठा से उपजती है। पीर अली खान का बलिदान भारतीय स्वतंत्रता के इतिहास का अमर स्तंभ है। उनकी स्मृति हमारे राष्ट्रीय जीवन में सदैव प्रेरणा देती रहेगी। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि उनकी गाथा केवल पटना के पार्क तक सीमित न रहे, बल्कि पूरे देश की चेतना में अंकित हो। जब तक भारतवर्ष रहेगा, तब तक पीर अली खान की शहादत का गौरव भी जीवित रहेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# रिश्ते में आ गई हैं दूरियां, कहां बिगड़ रही बात

**रिश्तों में बढ़ती दूरियां बातचीत, जिम्मेदारी की कमी और पुराने दर्द को साथी पर थोपने का परिणाम हैं। रिलेशनशिप कोच के अनुसार, परफेक्ट साथी की तलाश और सोशल मीडिया पर दूसरों को गलत साबित करने की बजाय, हमें अपने अंदरूनी घावों को भरने, आत्म-सम्मान बढ़ाने और वचन निभाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए ताकि रिश्तों में सुधार हो।**

आज के तेज-रफ्तार दौर में, ज्यादातर लोगों के लिए यह समझना मुश्किल हो रहा है कि उनके रिश्ते क्यों और कहां बिगड़ रहे हैं। रिश्ते में आई दरार के लिए लोग आमतौर पर छोटी-छोटी बातों, बिजी दिनचर्या और हालातों को दोष देते नजर आते हैं, लेकिन समस्या इससे कहीं ज्यादा गहराई में छिपी है। हर दिन जब हम अपने पार्टनर को समय नहीं दे पाते, जाने-अनजाने में उनकी बेइज्जती कर देते हैं और उनके रूठ जाने पर उनसे बात करने की बजाय उन्हें अकेला छोड़ देते हैं। इन सबका नतीजा यह होता है कि हमारा रिश्ता बिखरने लगता है। ऐसे में जरूरत है कि हम हालातों और एक दूसरे को दोष देने की बजाय रिश्ते को ठीक करने के लिए सही कदम उठाएं। रिलेशनशिप कोच और थेरेपिस्ट ने एक पोस्ट में बताया कि आजकल रिश्तों को असल में क्या बिगाड़ रहा है और हमें इसके बजाय क्या करना चाहिए। उन्होंने आसान शब्दों में यह बातें समझाई।



**बातचीत, जिम्मेदारी व समझ की कमी, क्या करें?**

सोचिए कि कहीं आप अपने पुराने दर्द को अपने साथी पर तो नहीं डाल रहे। कई बार हम वही साथी चुनते हैं जो हमें वैसे ही तकलीफ देता है जैसे बचपन में माता-पिता ने दिया था।

**बिल्कुल परफेक्ट साथी की तलाश, क्या करें?**

अपने अंदर के घायल हिस्सों को संभालिए। खुद को इतना पूरा महसूस करें कि किसी साथी के बिना भी आप खुश रह सकें।

**दूसरों को गलत साबित करने वाले पोस्ट, क्या करें?**

अपनी नजर दूसरों पर नहीं, अपने अंदर की हीलिंग पर रखें। समझिए कि कैसे आपकी कुछ आदतें ऐसे लोगों को खींचती हैं जिन्हें आप असल में नहीं चाहते। अपने अंदर छुपे गहरे दर्द और भावनाओं को समझने के लिए आंतरिक काम करें। चार मजबूत आदतों पर ध्यान दें, ताकि बिना सालों तलाश किए आप अपनी रुकावटें दूर कर सकें।


**सिर्फ बातें, बिना काम और बिना लगातार कोशिश**

जो कहते हैं, उसे निभाने की आदत डालें। अपना वचन निभाने से ही आत्म-सम्मान बढ़ता है।

**दिमागी खेल और कंट्रोल की चाह, क्या करें?**

खुद का ऐसा जीवन बनाएं जिसमें आपकी जरूरतें पूरी हों। जिन गुणों की आप दूसरों से उम्मीद रखते हैं, उन्हें पहले खुद में लाएं। सोचिए, मैं किसी और की जिंदगी को कैसे बेहतर बना सकता हूं?

# गर्माती दुनिया में ठंडक देते वस्त्र



वैश्विक तपन अब कोई दूर का खतरा नहीं रह गया है। यह हमारी जिंदगी, काम और जीने के तरीकों को बदल रहा है। जैसे-जैसे गर्मियां और अधिक गर्म और प्रचंड हो रही हैं, गर्मी में सिर्फ सूती कपड़े पहनना ठंडक के लिए पर्याप्त नहीं है। ऐसे में ठंडक देने के नए उपाय खोजने की मांग बढ़ रही है - ऐसे उपाय जो बिना अधिक बिजली खर्च किए गर्मी से बचा सकें। इसके लिए सबसे पहले यह समझना होगा कि हमें ठंडक कैसे मिलती है। शरीर को ठंडक मुख्यतरू चार प्रमुख तरीके से मिलती है-

विकिरण- जब गर्मी अदृश्य ऊर्जा के रूप में बाहर निकलती है।

संचरण- जब गर्मी छूने से स्थानांतरित होती है, जैसे गरम तवे को छूना।

संवहन- जब बहती हवा गर्मी को साथ ले जाती है, जैसे ठंडी हवा का झोंका।

वाष्पीकरण- जब पसीना वाष्पित होकर शरीर से गर्मी बाहर ले जाता है। आधुनिक विज्ञान अब ऐसे कपड़े और पहनने योग्य उपकरण बना रहा है, जो इन चारों तरीकों को और ज्यादा असरदार बना सकें।

**ठंडक देने वाले स्मार्ट कपड़े**

वैज्ञानिक ऐसे खास कपड़े बना रहे हैं, जो सूरज की हानिकारक गर्मी को रोकें और शरीर की प्राकृतिक इन्फारेड ऊर्जा को बाहर निकलने दें। इसके कुछ उदहारण हैं-

**नैनोपोरस पॉलीएथिलीन कपड़ा**- यह सूती कपड़े से लगभग 2 डिग्री सेल्सियस ज्यादा ठंडा रखता है, क्योंकि यह शरीर की गर्मी को बाहर जाने देता है और सूरज की रोशनी को रोकता है।

**मेटाफैब्रिक**- यह कपड़ा अलग-अलग तरंगदैर्घ्य के प्रकाश को परावर्तित करता है और शरीर की गर्मी को वायुमंडलीय झरोखे यानी वे किरणें जो अंतरिक्ष में बिखर जाती हैं के जरिए बाहर निकलने देता है। लेकिन ये कपड़े कभी-कभी शहर की इमारतों और सड़कों से निकलने वाली गर्मी को सोख लेते हैं। इसके अलावा नमी और वायु प्रदूषण भी इनके काम में बाधा डालते हैं। इसलिए वैज्ञानिक अब विकिरण प्रक्रिया को संवहन और वाष्पीकरण के साथ मिलाकर ऐसे कपड़े बनाने की कोशिश कर रहे हैं जो वास्तविक परिस्थितियों में भी काम करें।

**संचरण और संवहन**- संचरण एक कारण है जिससे कुछ कपड़े छूते ही ठंडे लगते हैं। यदि इनमें बोरोन नाइट्राइड जैसे उच्च ऊष्मा चालक कण मिलाए जाएं, तो ए कपड़े त्वचा की गर्मी को जल्दी बाहर खींच लेते हैं। दूसरी ओर, एयरोजेल फाइबर (जो ध्रुवीय भालू के फर से प्रेरित हैं) इंसुलेटर का काम करते हैं और अत्यधिक गर्म माहौल में बाहर की गर्मी को रोकते हैं। संवहन प्रकृति का अपना एयर कंडीशनर है। ढीले, हवादार कपड़े गर्म हवा को बाहर निकालते हैं और ठंडी हवा को अंदर लाते हैं। कुछ स्मार्ट कपड़े तो ऐसे भी हैं जिनमें नमी-संवेदनशील रेशे होते हैं, जो पसीना बढ़ने पर छोटे-छोटे छिद्र खोल देते हैं और पसीने को तेजी से सुखा देते हैं।

**वाष्पीकरण की भूमिका**- साधारण कपड़ों की सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि वे पसीना सोख लेते हैं और गीले हो जाते हैं, जिससे ए भारी व असुविधाजनक लगते हैं। अब वैज्ञानिक ऐसे कपड़े बना रहे हैं जो हमारी त्वचा की तरह काम करें - यानी पसीने की बूंदों को बाहर निकाल दें। इससे शरीर सूखा बना रहता है। कुछ कपड़े तो छोटे-छोटे विद्युत आवेश का इस्तेमाल करके पसीने को सक्रिय रूप से बाहर पंप कर देते हैं। इससे न सिर्फ पहनने में आराम मिलता है बल्कि कपड़े की कूलिंग क्षमता भी बढ़ जाती है क्योंकि भीगे कपड़े ज्यादा गर्मी सोखते हैं।

**पहनने योग्य शीतलक**- हमेशा सिर्फ कपड़े ही अत्यधिक गर्मी से नहीं बचा सकते। यहां काम आते हैं पहनने योग्य शीतलक। पंखे से लैस जैकेट और लिक्विड-कूलिंग वेस्ट पहले से मौजूद हैं, लेकिन ए भारी, ज्यादा बैटरी खाने वाले और रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए असुविधाजनक हैं।

एक नया विकल्प है किरिगामी-आधारित उपकरण। यह आकार और सतह बदलकर गर्मी को नियंत्रित करता है और लैब टेस्ट में शरीर की आरामदायक सीमा को लगभग 5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ा देता है। एक और समाधान है सौर ऊर्जा से चलने वाले कपड़े, जो ऑर्गेनिक सोलर पैनल और इलेक्ट्रोकैलोरिक डिवाइस की मदद से जरूरत के हिसाब से शरीर को ठंडा या गर्म रखते हैं। लेकिन अभी इनमें कई चुनौतियां हैं - जैसे बैटरी का जीवन, लचीला. पन और तार की फिटिंग।

**कृत्रिम बुद्धि और शीतलन**

एक हालिया प्रयास स्मार्ट और निजी कूलिंग सिस्टम्स है। इसमें ऐसे पहनने योग्य सेंसर होंगे जो शरीर का तापमान, पसीना, हार्ट रेट और तनाव के स्तर को मापेंगे। इसके आधार पर एआई खुद ही पहचान लेगा कि शरीर ज्यादा गर्म हो रहा है और तुरंत कूलिंग सिस्टम चालू कर देगा। जल्द ही स्मार्ट कपड़ों में ऐसी तकनीकें भी आ सकती हैं जो खुद शरीर से ऊर्जा पैदा करें। जैसेरू थर्मोइलेक्ट्रिक जनरेटर, जो शरीर की गर्मी से ऊर्जा बनाएंगे। पिजोइलेक्ट्रिक सिस्टम, जो शरीर की हलचल से बिजली बनाएंगे। मॉइस्चर-इलेक्ट्रिक डिवाइस, जो पसीने से बिजली पैदा करेंगे, लेकिन सिर्फ तकनीक काफी नहीं है। कूलिंग कपड़े तभी सफल होंगे जब वे रोजाना पहनने योग्य हों मजबूत और धोने योग्य हों पर्यावरण के अनुकूल हों ताकि प्रदूषण न फैले। पर्सनल कूलिंग सिर्फ आराम का सवाल नहीं है। धूप में काम करने वाले मजदूरों, किसानों, डिलीवरी कर्मचारियों और फायरफाइटर्स जैसे लोगों के लिए यह जीवन और मौत का फर्क साबित हो सकता है। वहीं एथलीट्स और साहसी यात्रियों के लिए भी ऐसे कपड़े मददगार होंगे, जो आपको गर्मी से बचाएं और ज्यादा ऊर्जा भी न खाएं।

**-स्रोत फीचर्स**

# फ्रांस में बजट कटौती के खिलाफ पांच लाख लोग जुटे

## स्कूली बच्चों ने हाईवे ब्लॉक किए, पत्थरबाजी हुई, 80 हजार पुलिसकर्मी तैनात, 141 गिरफ्तार

**पेरिस।** फ्रांस में बजट कटौती को लेकर बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। ट्रेड यूनियनों ने गुरुवार को हड़ताल की अपील की थी, जिसमें लाखों लोग शामिल हुए। पेरिस, लियोन, नांतेस, मार्सिले, बोर्डो, टूलूज और कैएन जैसे शहरों में सड़कें जाम हो गईं।



सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, इन प्रदर्शनों में 5 लाख से ज्यादा लोग सड़कों पर उतरे, जबकि यूनियनों ने संख्या 10 लाख बताई है। सुरक्षा के मद्देनजर देश भर में 80,000 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं और 141 से ज्यादा गिरफ्तारियां हुई हैं। कुछ जगहों पर पत्थरबाजी और आंसू गैस का इस्तेमाल हुआ, लेकिन ज्यादातर प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे। कई जगह स्कूली बच्चों ने भी हाईवे ब्लाक किए। फ्रांस की सरकार ने 2026 के बजट में करीब 52 अरब डालर की कटौती का प्लान बनाया है। इसमें पेंशन फ्रीज करना, स्वास्थ्य और शिक्षा पर खर्च कम करना, बेरोजगारी भत्ता घटना और दो राष्ट्रीय छुट्टियां हटाना शामिल है। सरकार का कहना है कि देश का घाटा यूरोपीय यूनियन के 3 प्रतिशत मानक से दोगुना है, और कर्ज जीडीपी का 114 प्रतिशत हो गया है। लेकिन लोग इसे अमीरों के लिए राहत और गरीबों पर बोझ मानते हैं। यूनियनों का कहना है कि अमीरों पर टैक्स बढ़ाओ। महंगाई से पहले ही जिंदगी मुश्किल हो गई।

### प्रदर्शन की प्रमुख 4 वजह

#### राष्ट्रपति मैक्रों की नीतियां

जनता के एक बड़े वर्ग को लगता है कि मैक्रों की नीतियां आम लोगों के हितों के खिलाफ हैं और अमीर वर्ग को फायदा पहुंचाती हैं।

#### बजट में कटौती

सरकार ने खर्चों में कटौती और कल्याणकारी योजनाओं में कमी कर आर्थिक सुधार लागू किए हैं। इससे आम जनता खासकर मध्यमवर्ग और श्रमिक वर्ग पर दबाव बढ़ा।

#### 2 साल में 5 पीएम

हाल ही में सेबास्टियन लेकोर्नू को प्रधानमंत्री बनाया गया है। यह दो साल से भी कम समय में पांचवें प्रधानमंत्री हैं। इससे लोगों में अस्थिरता और असंतोष बढ़ गया है। प्रदर्शनकारी चाहते हैं कि उनकी नियुक्ति की शुरुआत से ही सरकार पर दबाव बनाया जाए।

#### ब्लॉक एवरीथिंग आंदोलन

वामपंथी गठबंधन और जमीनी संगठनों ने इस नारे के साथ आंदोलन शुरू किया है ताकि देश में सबकुछ ठप करके सरकार को झुकने पर मजबूर किया जा सके। इन विरोध प्रदर्शनों को वामपंथी राजनीतिक दलों का भी समर्थन मिल रहा है। वामपंथी पार्टी फ्रांस अनबाउड ने अगस्त में ही इस आंदोलन का समर्थन किया था। अब इससे अन्य वामपंथी दल भी जुड़ गए। सोशलिस्ट पार्टी ने भी आंदोलन को समर्थन दिया है। वहीं, न्यू पापुलर फ्रंट (एनपीएफ) और नेशनल रैली (आरएन) जैसे दल, जिन्होंने संसद में बजट के खिलाफ वोट देकर पिछली सरकार गिराई थी। वे दल भी यूनियनों के साथ सड़कों पर हैं, और अमीरों पर ज्यादा टैक्स की मांग कर रहे हैं।

देश के सभी प्रमुख विपक्षी दलों ने इस आंदोलन को समर्थन दिया है। ये आंदोलन नई सरकार के लिए बड़ा खतरा हैं। प्रधानमंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू को अब बजट पास करने में मुश्किल होगी। संसद बंटी हुई है और किसी के पास बहुमत नहीं है। प्रदर्शन से ट्रेन, बस, मेट्रो रुक गई है, स्कूल बंद करने पड़े हैं और बिजली उत्पादन 1.1 गीगावाट कम हुआ है। इससे अर्थव्यवस्था को नुकसान होगा और सरकार पर बजट बदलने का दबाव बढ़ेगा।

## रूसी परमाणु पनडुब्बियों ने किया मिसाइल परीक्षण

**व्लादीवोस्तोक।** रूस के प्रशांत फ्लीट की दो परमाणु पनडुब्बियों ने ओखोटस्क सागर में नौसैनिक अभ्यास के दौरान सफलतापूर्वक क्रूज मिसाइल दागी। प्रशांत फ्लीट ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। फ्लीट ने अपने बयान में कहा कि बहुउद्देशीय सबमरीन क्रास्नोयार्स्क और ओम्स्क ने अपने 250 किलोमीटर दूर समुद्री लक्ष्य पर ओनिक्स तथा ग्रनिट नाम की क्रूज मिसाइलें दागीं। तकनीकी निंगरानी आधारित डाटा के मुताबिक मिसाइलों ने अपने लक्ष्य को प्राप्त किया। परीक्षण के दौरान लक्ष्य क्षेत्र को सुरक्षित रखने के लिए प्रशांत सागर बेड़े के जहाजों और नौसेना विमानन इकाइयों को तैनात किया गया था।



उत्तराखंड। चमोली जिले के नंदानगर क्षेत्र के एक गांव में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन और बाढ़ के बाद बचाव अभियान के दौरान एसडीआरएफ के जवान।

## गाजा में मानवीय पहुंच प्रस्ताव पर अमेरिका ने लगाया वीटो

**संयुक्त राष्ट।** मेरिका ने गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनजीसी) के उस मसौदा प्रस्ताव पर वीटो लगा दिया, जिसमें इजरायल से गाजा में मानवीय पहुंच और आपूर्ति पर सभी प्रतिबंधों को तुरंत हटाने की मांग की गई थी।

> ■ सुरक्षा परिषद के 10 निर्वाचित सदस्यों द्वारा प्रस्तुत इस मसौदे को 15 सदस्यीय परिषद में से 14 मतों से समर्थन मिला

मसौदे में गाजा में तत्काल, बिना शर्त और स्थाई युद्धविराम के साथ-साथ हमास एवं अन्य सशस्त्र समूहों द्वारा बंधक बनाए गए सभी लोगों की बिना शर्त, सम्मानजनक और तत्काल रिहाई की भी मांग की गई थी। सुरक्षा परिषद के 10 निर्वाचित सदस्यों द्वारा प्रस्तुत इस मसौदे को 15 सदस्ईय परिषद में से 14 मतों से समर्थन मिला। परिषद के स्थाई सदस्य अमेरिका के पास वीटो शक्ति है। अमेरिकी वीटो की सुरक्षा परिषद में व्यापक आलोचना हुई। अल्जीरिया के संयुक्त राष्ट्र राजदूत अमर बेंडजामा ने कहा कि मसौदा प्रस्ताव के पक्ष में मतदान करने वाले 14 परिषद सदस्यों ने अंतर्राष्ट्रीय जनमत के आह्वान को दोहराते हुए विवेक से काम लिया है। उन्होंने कहा कि यह परिषद फिर से विफल रही कि मानवता की अंतरात्मा पर एक और धब्बा। उन्होंने कहा कि खुली आंखों के सामने हो रहे नरसंहार के सामने यह शर्मनाक है। बेंडजामा ने कहा इस समय, कोई अस्पष्टता नहीं हो सकती। हममें से प्रत्येक को या तो नरसंहार को रोकने के लिए कार्रवाई करनी होगी, या फिर इसमें शामिल लोगों में गिना जाना होगा। सोमालिया के संयुक्त राष्ट्र के राजदूत अबुकर दाहिर उस्मान ने कल के मतदान परिणाम को 'एक गंभीर नैतिक विफलता' बताया। उन्होंने कहा कि यह मसौदा संयुक्त राष्ट्र चार्टर की भाषा और भावना पर आधारित है, जिसका पालन करने की सभी सदस्य देशों ने शपथ ली है।

## संक्षिप्त समाचार

### बलूचिस्तान में बम विस्फोट, छह लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान के दक्षिणी-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में एक विस्फोट में कम से कम 6 लोगों की मौत हो गई है और एक अन्य घायल हो गया है। यह विस्फोट पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर चमन जिले के एक टैक्सी स्टैंड पर हुआ है। रेस्क्यू 1122 के अनुसार पीड़ितों को जिला मुख्यालय के अस्पताल में भर्ती किया गया है। चमन में सरकारी चिकित्सा आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र 1122 के प्रभारी गफूर उर रहमान ने बताया कि घायल व्यक्ति की हालत गंभीर है। सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और जांच जारी है। अभी तक किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

### थाईलैंड सम्राट ने नए मंत्रिमंडल को दिया समर्थन

**बैंकॉक।** थाईलैंड के सम्राट महा वजीरालोंगकोर्न ने प्रधानमंत्री अनुतिन चार्नविराकु के नेतृत्व में बने नए मंत्रिमंडल को अपना समर्थन दिया है। एक शाही आदेश से शुक्रवार को इसकी पुष्टि हुई। आधिकारिक शाही गजट के अनुसार सम्राट ने प्रधानमंत्री अनुतिन द्वारा चुने गए 36 सदस्यीय मंत्रिमंडल को नियुक्त किया, जिसमें छह उप प्रधानमंत्री और अन्य मंत्री शामिल हैं। इस महीने की शुरुआत में देश के नए प्रधानमंत्री के रूप में उनके समर्थन के बाद यह नियुक्ति की गई है।

### ऊंची इमारत में आग लगने से 10 लोगों की मौत

**लागोस।** नाइजीरिया की व्यावसायिक राजधानी लागोस में एक ऊंची इमारत में आग लगने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार सोशल मीडिया पर वीडियो में सात मंजिला अफ्रिलैंड टावर्स के निवासी आग लगने के समय तीसरी और चौथी मंजिल से कूदते हुए दिखाई दे रहे हैं। पीड़ित कर्मचारी जो इमारत के अंदर फंस गए थे, जहां शहर की अधिकांश व्यावसायिक कंपनियां और अन्य संगठन स्थित हैं।

## ईरानी चाबहार पोर्ट से जुड़ी कंपनियों पर जुर्माना लगाएगा अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान के चाबहार बंदरगाह को दी गई खास छूट गुरुवार को रद्द कर दी। यह भारत के लिए बड़ा झटका है, क्योंकि यह बंदरगाह भारत का बहुत जरूरी प्रोजेक्ट है। 29 सितम्बर 2025 से इस बंदरगाह को चलाने, पैसे देने या उससे जुड़े किसी काम में शामिल कंपनियों पर अमेरिका जुर्माना लगा सकता है। इसकी जानकारी अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने दी है। अमेरिका ने कहा: हम ईरान की गलत हरकतों को रोकना चाहते हैं। जब तक ईरान हमले आतंकवाद और अशांति फैलाने में पैसा लगाएगा, हम उसे रोकने के लिए हर कदम उठाएंगे। यह फैसला राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की 'मैक्सिमम प्रेशर' पालिसी का हिस्सा है, जो फरवरी 2025 में शुरू हुई थी। चाबहार को 2018 में अफगानिस्तान की मदद और विकास के लिए छूट मिली थी। अब इसे खत्म कर दिया गया है। भारत इस बंदरगाह को अफगानिस्तान और सेंट्रल एशिया तक पहुंचने के लिए इस्तेमाल करता है, ताकि पाकिस्तान से न गुजरना पड़े। भारत ने 2024 में चाबहार को 10 साल के लिए लीज पर लिया है। इसके तहत भारत यहां 120 मिलियन डालर निवेश करेगा और 250 मिलियन डालर का क्रेडिट लाइन (सस्ता कर्ज) देगा। अमेरिका का कहना है कि अब हालात बदल गए हैं। पहले अफगानिस्तान में चुनी हुई सरकार थी और चाबहार खाने-पीने की चीजें और सामान भेजने का रास्ता था।

> ■ कंपनियों को 10 दिन में पोर्ट को मिली छूट खत्म होगी, ये भारत के पास 10 साल लीज पर

## वैश्विक डाक संघ की प्रशासन परिषद के लिए फिर चुना गया भारत

**नई दिल्ली।** भारत को दुबई में आयोजित वैश्विक डाक संघ (यूपीयू) के 28वें अधिवेशन में यूपीयू की प्रशासन परिषद (सीए) और डाक संचालन परिषद (पीओसी) के लिए पुन: निर्वाचित किया गया है। दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और विदेश मंत्रालय ने इस सफलता की सराहना करते हुए सदस्य देशों का आभार जताया है। दूरसंचार मंत्रालय की शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र के संगठन यूपीयू के निकायों के लिए भारत का पुन: निर्वाचित भारतीय डाक के नेतृत्व, सुधारों और नवीन डिजिटल पहलों में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के विश्वास को दर्शाता है। भारत 1876 से यूपीयू का सदस्य रहा है और वैश्विक डाक नेटवर्क को मजबूत बनाने में निरंतर योगदान देता रहा है।

# जैश के बाद लश्कर के आतंकी ने बयां की ऑपरेशन सिंदूर से तबाही की कहानी

## पाकिस्तान भारतीय सेना की कार्रवाई में हुए नुकसान को नकारता रहा है

**इस्लामाबाद।** जैश के बाद लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर कासिम ने पाकिस्तान की पोल खोल दी है। लश्कर कमांडर कासिम ने माना कि सात मई सुबह किए गए हमले में मुरिदके स्थित लश्कर मरकज को तबाह कर दिया गया था।

उसने यह भी कहा कि इस आतंकी शिविर का पुनर्निर्माण हो रहा है। हालांकि पाकिस्तान भारतीय सेना की कार्रवाई में हुए नुकसान को नकारता रहा है। कासिम ने कैमरे के सामने खड़े होकर इस सच को कबूल किया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में लश्कर कमांडर कासिम कहता नजर आ रहा है कि मैं मुरिदके में मरकज तैयबा के खंडहरों पर खड़ा हूं, जो भारतीय हमले में नष्ट हो गया था। इसके पुनर्निर्माण का काम चल रहा है। यह मस्जिद पहले से भी बड़ी बनाई जाएगी। वायरल हो रहे वीडियो में कासिम एक निर्माणाधीन जगह के पास खड़ा दिखाई दे रहा है। जिसमें वह कह रहा है, मैं मुरिदके में मरकज तैयबा के खंडहरों पर खड़ा हूं, जो हमले में नष्ट हो गया था। इसके पुनर्निर्माण का काम चल रहा है। कासिम आगे यह भी कबूल करता है कि इस मस्जिद में कई मुजाहिदीन और तलबाने प्रशिक्षण हासिल किया और विजय हासिल की। मुरिदके, पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के शेखूपुरा जिले में स्थित एक शहर है। वीडियो में कासिम एक अधूरे निर्माण स्थल के सामने खड़ा दिख रहा है और कहता दिख रहा है, मैं मुरिदके में मरकज तैयबा के खंडहरों पर खड़ा हूं, जिसे (भारत के) हमले में नष्ट कर दिया गया था। अब इसका फिर से निर्माण हो रहा है। अल्लाह की रहमत से यह मस्जिद पहले से बड़ी बनेगी। कासिम ने यह भी कबूला कि इस नष्ट की गई मरकज तैयबा मस्जिद में कई आतंकियों को प्रशिक्षण दिया गया था, जिनमें मुजाहिद और तलबा (छात्र) शामिल थे और वे यहां से फतह (जीत) के लिए निकले। पाकिस्तान की सरकार ने दावा किया था कि जिस इमारत को नष्ट किया गया, वह अब आतंकियों के लिए इस्तेमाल नहीं होती थी। एक और वीडियो में लश्कर के इस आतंकी ने पाकिस्तान के युवाओं से अपील की कि वे मुरिदके में मरकज तैयबा में होने वाले 'दौरा-ए-सुफ्फा' नाम के प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हों।





# रूस के कामचटका में 7.8 तीव्रता का भूकंप

## सुनामी का अलर्ट जारी, बीते 3 महीनों में 7 तीव्रता से ज्यादा के 4 भूकंप आए

**मॉस्को।** रूस के कामचटका के पूर्वी तट पर शुक्रवार सुबह 7.8 तीव्रता का जोरदार भूकंप आया। इसके बाद 5 आफ्टरशाक महसूस किए गए, जिनकी तीव्रता 5.8 मापी गई। इसके बाद सुनानी की चेतावनी जारी की गई। तट पर 30 से 62 सेंटीमीटर ऊंची लहरें देखी गईं।

कामचटका के गवर्नर व्लादिमीर सोलोदोव ने बताया कि सभी आपातकालीन सेवाएं हाई अलर्ट पर हैं, लेकिन अभी तक किसी नुकसान की खबर नहीं है। इस क्षेत्र में आज आए भूकंप समेत 4 बड़े भूकंप 7.0 या उससे अधिक तीव्रता के दर्ज किए गए हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए भूकंप के वीडियो में घरों में फर्नीचर और लाइटें हिलती हुई दिखाई दीं। झटके इतने तेज थे कि सड़कों पर खड़ी गाड़ियां भी हिलती नजर आईं। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के अनुसार, भूकंप रूसी शहर पेट्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की से 128 किलोमीटर दूर, जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई पर आया। रूस की स्टेट जियोफिजिकल सर्विस ने बताया कि बाद में तीव्रता घटकर 7.4 हो गई। गवर्नर ने टेलीग्राम पर कहा-आज (19 सितम्बर) की सुबह एक बार फिर कामचटका के लोगों के धैर्य की परीक्षा ले रही है। फिलहाल किसी नुकसान की कोई खबर नहीं है। मैं सभी से शांति बनाए रखने की अपील करता हूं। कामचटका के पूर्वी तट के लिए सुनामी की चेतावनी जारी कर दी गई है। जनता को सतर्क किया जा रहा है। भूकंप के बाद सामाजिक संस्थानों और रिहायशी इमारतों में नुकसान की जांच शुरू कर दी गई है। कुरिल द्वीप समूह के कुछ हिस्सों में भी सुनामी की चेतावनी जारी की गई। अमेरिका की नेशनल वेदर सर्विस और पैसिफिक सुनामी चेतावनी केंद्र ने अलास्का के कुछ हिस्सों के लिए सुनामी की सलाह जारी की थी, जिसे बाद में हटा लिया गया।

## चीन ने महिला विकास की उन्नति पर जारी किया श्वेतपत्र

**बीजिंग।** चीन में राज्य परिषद् सूचना कार्यालय द्वारा 'नए युग में महिलाओं के सर्वांगीण विकास में चीन की उपलब्धियां' शीर्षक से एक श्वेतपत्र जारी किया गया है।

उल्लेखनीय है कि पांच अध्यायों वाला यह श्वेतपत्र बीजिंग में आयोजित होने वाली 2025 की लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण पर वैश्विक नेताओं की बैठक के मद्देनजर है। यह श्वेतपत्र नए युग में लैंगिक समानता और महिलाओं के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने में चीन के दर्शन, सिद्धांतों और नवीन परिपाटियों का परिचय प्रदान करता है। यह श्वेतपत्र चीनी महिलाओं की असाधारण उपलब्धियों और योगदान को रेखांकित करते हुए महिलाओं की उन्नति के लिए वैश्विक प्रयासों में शामिल होने की चीन की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। श्वेतपत्र लैंगिक समानता की खोज को एक महान कार्य बताता है और इस बात पर बल देता है कि चीनी महिलाओं को अपनी पूरी क्षमता का एहसास करने और अपने सपनों को साकार करने के इतने व्यापक अवसर पहले कभी नहीं मिले थे।

# नेपाली पीएम सुशीला बोलीं: हम जीरो स्टेट की स्थिति में

**काठमांडू।** नेपाल की राजधानी काठमांडू के सिंह दरबार में 9 सितम्बर को हुई भयानक आगजनी ने देश के सरकारी ढांचे को पूरी तरह तहस-नहस कर दिया। स्थिति इतनी गंभीर है कि नेपाल की नई अंतरिम पीएम सुशीला कार्की ने शपथ लेते ही कहा कि हम शून्य स्थिति (जीरो स्टेट) में हैं। उनके पास कैबिनेट है, लेकिन मंत्रालयों के पास न तो इमारतें बची हैं और न ही जरूरी कागजात।



सिंह दरबार परिसर, जो कभी भव्य महल और 20 से ज्यादा मंत्रालयों का केंद्र था, अब मलबे का ढेर बन चुका है। आग की लपटों ने संसद, भ्रष्टाचार विरोधी विशेष अदालत, और कई महत्वपूर्ण मंत्रालयों को नष्ट कर दिया।

### न इमारतें बची और न ही डॉक्यूमेंट्स, जेन-जी आंदोलन की आग में सब राख

सरकारी दस्तावेज, जन्म प्रमाण पत्र, कंपनी रजिस्ट्रेशन, और अंतर्राष्ट्रीय समझौतों के मूल कागजात जलकर राख हो गए। अकेले सुप्रीम कोर्ट की 60 हजार से ज्यादा फाइलें राख हो गईं। जेन-जी आंदोलन के दौरान सिंह दरबार से डाक्यूमेंट्स बाहर फेंक दिया गया। संसद, राष्ट्रपति भवन से लेकर सुप्रीम कोर्ट, भ्रष्टाचार विरोधी अदालत और स्थानीय सरकारों की 300 से अधिक इमारतें भी आग की भेंट चढ़ गईं। पीएम कार्की ने कहा देश चलाने वाली सभी संस्थाएं और दस्तावेज नष्ट हो गए हैं।

# अमेरिका ने बीएलए पर बैन के प्रस्ताव को किया वीटो

## यूएन में पाकिस्तान-चीन का प्रस्ताव रोका, पिछले महीने यूएस ने ही आतंकी संगठन किया था घोषित

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र में बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और उसकी आत्मघाती यूनिट मजीद ब्रिगेड पर बैन के प्रस्ताव पर रोक लगा दी है। इस प्रस्ताव को पाकिस्तान और चीन ने मिलकर सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की बैठक में रखा था। दोनों देशों ने बीएलए को प्रतिबंधित संगठन घोषित करने की मांग की थी।

यूएनएसी की बैठक में पाकिस्तान ने दावा किया कि बीएलए, मजीद ब्रिगेड, अल-कायदा और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान जैसे आतंकी संगठन अफगानिस्तान की जमीन से काम कर रहे हैं और सीमा पार हमले कर रहे हैं। उसने आरोप लगाया है कि अफगानिस्तान से फैल रहा आतंकवाद पाकिस्तान की सबसे बड़ी सुरक्षा चुनौती है। अमेरिका के साथ ब्रिटेन और फ्रांस ने भी इस प्रस्ताव का विरोध किया है। इससे पहले अमेरिका ने ही पिछले महीने बीएलए और मजीद ब्रिगेड को विदेशी आतंकी संगठन (एफटीओ) घोषित किया था। बलूच आर्मी पाकिस्तान में बलूचिस्तान की आजादी के लिए लगातार हमले करती रहती है। इनमें कई आत्मघाती हमले भी होते हैं। अमेरिका ने कहा है कि बीएलए को अल-कायदा से जोड़ने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं हैं। इस वजह से इसे संयुक्त राष्ट्र की 1267 प्रतिबंध सूची में नहीं डाला जा सकता। इस सूची में आने पर किसी भी संगठन पर यात्रा प्रतिबंध, संपत्ति फीज और हथियार खरीदने पर रोक लग जाती है। पिछले महीने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा था कि बीएलए ने 2024 में कराची एयरपोर्ट के पास और ग्वादर पोर्ट अथारिटी काम्प्लेक्स में आत्मघाती हमलों की जिम्मेदारी ली थी। मार्च 2025 में जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को हाईजैक करने की भी जिम्मेदारी ली थी, जिसमें 31 नागरिक और सुरक्षाकर्मी मारे गए थे। 300 से अधिक यात्रियों को बंधक बनाया गया था। इन्हीं आरोपों का हवाला देते हुए अमेरिका ने बीएलए को आतंकी संगठन घोषित किया था। बलूचिस्तान में कई लोगों का मानना है कि भारत-पाकिस्तान बंटवारे के बाद वे एक आजाद देश के तौर पर रहना चाहते थे।



### बलूच आर्मी पाकिस्तान में बलूचिस्तान की आजादी के लिए लगातार हमले करती रहती है

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108